आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 11:19 तक
उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 जून 2025
वर्ष 3, अंक 307, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल : उच्च सदन में अल्पमत में ओली सरकार 12

हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं 10

A School with World Class Infrastructure In ETAWAH

Admission Open 2025-26

आवासीय Suditi GLOBAL ACADEMY
A DAY-CUM BOARDING SCHOOL
Affiliated to CBSE, Delhi. Aff. No. 2131236

Hostel Facility
AVAILABLE
FOR BOYS ONLY
Class IV to XII

SALIENT FEATURES
25 Acres Green Campus & Studios of Intelligence
Pollution Free Premises
Air Conditioned Boarding Premises
24X7 Security with CCTV
Organically Cultivated food
Indoor & Outdoor Sporting Facilities
Dairy Farm

Suditi GIRLS WING
CLASS 5th to 12th

SEPARATE
BUILDING | TEACHERS | TIMING | TRANSPORT
FOR GIRLS

A Dedicated Campus For GIRLS



OUR EDUCATION PARTNERS

AVIOTRON AEROSPACE — STEM EDUCATION PARTNER
STUCARE TECHNOLOGIES PVT. LTD. — DIGITAL MEDIA PARTNER
SCHOOL CINEMA — LIFE SKILL EDUCATION PARTNER
geneo Flexible Learning System — DIGITAL LEARNING PARTNER
ATAL INNOVATION MISSION
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली

Agra Road, NH19, Etawah | Mob. : 9219431666, 9412159222
www.suditietawah.in

# सड़क हादसों में अधेड़ समेत दो की मौत, पांच घायल

## हैबतपुर कटरा गांव के सामने और आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर घटनाएं, परिजन रो-रोकर हुए बेहाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/तिर्वा



डिवाइडर से टकराकर कार क्षतिग्रस्त।

अमृत विचार। कन्नौज और तिर्वा कोतवाली क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में अधेड़ समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव हैवतपुर कटारा निवासी सुभाष (53) पुत्र प्यारे लाल गुरुवार की शाम करीब 7:30 बजे गांव के सामने हाईवे के किनारे खडा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल ले गये जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। डाक्टर ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। जिला अस्पताल की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार बिहार के सुपौल काशी रोड वार्ड नंबर 11 निवासी सुमित कुमार उर्फ चिंटू (30) पुत्र मदन चौधरी अपने साथी आशुतोष कुमार, दिलीप यादव, प्रमोद चौधरी, सोनू कुमार, सुभाष कुमार के साथ आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली से अपने घर सुपौल जा रहे थे। कार सुमित चला रहा था। जैसे ही कार ठठिया थाना क्षेत्र के 201 किलोमीटर पर पहुंची तो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में सभी लोग घायल हो गए।

# कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, बेटी घायल

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज



नरेंद्र सिंह यादव

अमृत विचार। शिक्षक बेटी को विद्यालय छोड़ने जाते समय स्कार्पियो ने बुजुर्ग की स्कूटी में टक्कर मार दी। घटना में पिता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटी घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

कानपुर के पनकी निवासी शिक्षिका रश्मि यादव पुत्री नरेंद्र यादव कंपोजिट विद्यालय खरौली में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। नगर के सराफान मोहल्ले में किराए पर रहती हैं। गुरुवार सुबह पिता कृषि विभाग से रिटायर्ड नरेन्द्र यादव उनको स्कूटी से स्कूल छोड़ने जा रहे थे। छिबरामऊ-सौरिख रोड पर ब्राहिम पुर के सामने छिबरामऊ से सौरिख जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि बेटी रश्मि घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने रश्मि को अस्पताल पहुंचाया।

**बेटी को स्कूटी सिखाने के लिए कानपुर से आए थे:** रश्मि यादव करीब चार साल से इस विद्यालय में तैनात है। बस से ब्राहिम पुर उतरकर पैदल दो किलोमीटर चलकर खरौली विद्यालय पहुंचती हैं। पिता बेटी के लिए स्कूटी कानपुर से लेकर आए थे और कुछ दिन रहकर जल्द सिखाने की बात कही थी। इससे पहले यह हादसा हो गया।

### साथी शिक्षकों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

छिबरामऊ। रश्मि यादव ने बताया कि स्कूल के सहायक शिक्षक व शिक्षिका उसका काफी उत्पीड़न करते थे। इसकी जानकारी शिक्षक की पत्नी को हुई तो उन्होंने पति को समझाया। यह लोग कहते थे कि उसने घर पर शिकायत की जबकि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं। यह दोनों अक्सर उसके बैग से पैसे निकाल लेते थे। वह 2 किलोमीटर तक पैदल जाती थी और यदि कोई बाइक वाला मिल भी जाए तो उसे बैठाने से मना कर देते थे। किराए के लिए पैसे तक नहीं छोड़ते थे और कभी-कभी जबरदस्ती छीन लेते थे मजबूरन किराए के लिए गांव के लोगों से किराया मांगना पड़ता था। इसीलिए पिता जी इन लोगों से बातचीत करने और स्कूटी सिखाने के लिए आए थे।

# तमंचे का बट मार कर भांजे ने मामा को किया घायल

**छिबरामऊ।** ग्राम धमे का ताल पर भांजे ने तमंचे से हवाई फायर करने के बाद मामा के सिर में बट मारकर घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमे का ताल पर दो दिन पूर्व एक शादी समारोह था। इसमें गांव के ही निवासी मुहीद खान के रिश्तेदार आए थे। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात लगभग 10 बजे मुहीद का अपने भांजे शेखू और आजम खान से विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि वहां लाठी डंडे व ईंट पत्थर चलने लगे। इसी दौरान भांजा शेखू तमंचा लेकर आया और हवाई फायर करके मामा मुहीद के सिर पर बट मार कर घायल कर दिया और फरार हो गया। मुहीद को सौ शैय्या अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक घटना की शिकायत पुलिस को नहीं दी गई।

# पांच उर्वरक दुकानों के लाइसेंस होंगे निलंबित

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता ने गुरुवार को अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी के साथ जिले में 24 उर्वरकों की दुकानों पर छापेमारी की

बताया गया है कि दुकानें बंद मिलने व अभिलेख न दिखाने पर तिर्वा, छिबरामऊ और तालग्राम क्षेत्र की 5 खाद दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। इसके अलावा 5 दुकानों से उर्वरकों के नमूने भी लिए गए हैं जो जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। अगर रिपोर्ट में नमूने फेल होते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। उधर, छापेमारी की सूचना मिलने पर करीब 10 विक्रेता प्रतिष्ठान बंद करके निकल लिए। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि इन सभी को नोटिस जारी किया जाएगा। 3 दिन के अंदर जवाब न देने पर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि छापेमारी डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर की गई है। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि निर्धारित दाम से अधिक में उर्वरक या बीज बिक्री किया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही टैगिंग को भी गंभीरता से लिया जाएगा।

**डंपर की टक्कर से युवकों की मौत में रिपोर्ट दर्जःगुरसहायगंज,** ग्राम गुगरापुर निवासी राम सिंह वर्मा पुत्र रामदयाल वर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 24 जून की शाम करीब 06 बजे ग्राम पडुआपुर संयोगिता मार्ग के किनारे स्थित गैस एजेंसी के समीप उसके 20 वर्षीय भतीजा प्रभाकांत और उसके चाचा का लड़का हंसापुर निवासी अजय साथ में खड़े हुए थे। तभी तेजी एवं लापरवाही से चले जा रहे डंपर ने टक्कर मार दी थी।

# दुर्घटना में मौत की दो घटनाओं में रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दो घटनाओं में बाइक सवारों की मौत में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ग्राम लाडपुर निवासी बादाम सिंह ने कहा है कि 25 जून 2025 की सुबह उसके चाचा का लड़का रामू बाइक से अमोलर की ओर जा रहा था। तभी सामने से आ रही पिकअप के अज्ञात चालक ने ग्राम डंबरपुर्वा के सामने टक्कर मार दी थी। जिससे रामू की मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरे मामले में फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद के अरविंद यादव ने कोतवाली में दर्ज कराई। कहा है कि 18 मई 2025 की सुबह उसके पिता बाइकसे ससुराल तुलापूर्वा से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी जसोदा ओवर ब्रिज के समीप दोपहर 2.30 बजे पीछे से आ रही डिस्कवर बाइक के चालक ने टक्कर मार दी थी। पिता की कानपुर में इलाज के दौरान 19 मई 2025 को मौत हो गई। वहीं कोतवाली पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

# 27 को व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** नगर के सती माता मंदिर सर्विस रोड में गुरुवार की दोपहर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। शपथ ग्रहण 27 जुलाई को होगा।

बैठक में पूर्व नगर कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके स्थान पर दीपक गुप्ता (सभासद प्रतिनिधि) को नगर कोषाध्यक्ष बनाया गया। भूरा कठेरिया को उपाध्यक्ष, हरिशंकर गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बबलू गुप्ता को नगर मंत्री, रंजीत गुप्ता को संगठन मंत्री बनाया गया। जिला संयुक्त महामंत्री संजीव गुप्ता ने बताया कि 27 जुलाई को जिला कार्यकारणी का शपथ ग्रहण होगा। प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील कुमार दुबे ने 03 अगस्त को राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में होने की जानकारी दी। जिला संरक्षक प्रकाश चन्द्र अग्रवाल ने सदस्यता बढ़ाने और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकुमार पाठक ने व्यापारियों की समस्याओं को निस्तारित कराने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता व संचालन नगर महामंत्री राकेश कौशल ने किया। इस मौके पर कमलेश राजपूत, टिंकू बाथम, भूरा कठेरिया, सूरज खान, मनोज गुप्ता, यतीश प्रजापति, उदित गुप्ता, संदीप कटियार, भैया लाल दुबे, आनंद यादव, कयूम खान, दयाशंकर कटियार, सुशील राठौर, पीके सिंह, कंचन गुप्ता, सिद्धार्थ कौशल, पुष्कर गुप्ता, अंशुल गुप्ता, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



चित्र पर श्रद्धाजलि अर्पित करते पदाधिकारी।

- **उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को मनोनयन**
- **नगर के सती माता मंदिर सर्विस रोड में हुई बैठक**

## सार-संक्षेप



कोतवाल को ज्ञापन सौंपते सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### पूर्व मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी से सपाइयों में उबाल

**गुरसहायगंज।** सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के संबंध में अभद्र टिप्पणी से सपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। सपा नेताओं ने कोतवाली पहुंच कर मामले में ज्ञापन सौंपा और युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को थाना सौरिख के एक युवक ने फेसबुक पर पूर्व मुख्यमंत्री, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व उनकी माता के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी की। इस पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रोष प्रकट करते हुए कोतवाल आलोक कुमार दुबे को ज्ञापन देकर युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान सपा नेता पिंटू यादव, अरुण कुमार शर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, फिरदौस आलम, रामनिवास सविता, बजरंग सिंह चौहान, मनी गुप्ता, सलमान वारसी, राजेश गुप्ता, अयूब सिददीकी सहित आदि कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की और आंदोलन की चेतावनी दी।

### मक्का लेकर जा रही डीसीएम पलटी, चालक घायल

**तिर्वा।** मक्का लेकर जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। उसमे सवार चालक घायल हो गया। गुरुवार को तिर्वा से मक्का लेकर डीसीएम तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग से राजस्थान जा रही थी। जैसे ही इंदरगढ़ थाना क्षेत्र क़े अगौस गांव क़े पास पहुंचा तों आगे चल रही अनियंत्रित बाइक को बचाने में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में डीसीएम चालक अगौस गांव निवासी संदीप कुमार (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने बताया कि हादसे में डीसीएम चालक को मामूली चोट आई

### ट्रक की टक्कर से डीसीएम चालक घायल

**गुरसहायगंज।** मैनपुरी के थाना बेवर के अंतर्गत ग्राम हीरापुर निवासी सुखबीर पुत्र तोताराम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 मार्च 2025 की रात उसका लड़का विमल कुमार डीसीएम लेकर फैजाबाद से फतेहाबाद जा रहा था। तभी गुरसहायगंज स्थित ईट भट्ठा के समीप आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे डीसीएम चला रहा उसका पुत्र विमल घायल हो गया और डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पानी की बाल्टी में डूबकर बालक की मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र में घर में खेल रहा मासूम बालक अचानक बाल्टी में चला गया| बाल्टी में पानी भरा होने से उसकी मौत हो गयी| परिजनों में चीत्कार मच गयी | थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया जवाहर निवासी राजवीर शर्मा का डेढ़ वर्षीय पुत्र रियान्शु शर्मा घर के आंगन में खेल रहा था, तभी खेल-खेल में वह पानी से भरी बाल्टी में गिर गया। सिर नीचे और पैर ऊपर हो जाने के कारण बाल्टी में ही दम घुटने से उसकी मौत हो गई। जब तक परिजनों की नजर पड़ी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। प्रधान के पति संजय सोमवंशी मौके पर पहुंचे| मां इंदिरा का रो-रो कर बुरा हाल हो गया |

### भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ चलेगा आंदोलन

**कायमगंज।** भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना ने बताया कि विद्युत विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि कायमगंज के मोहल्ला जटवारा में कब्रिस्तान के पास विद्युत लाइन का पोल लगभग 15 दिनों से टूटा पड़ा है। जिस पर विद्युत लाइन भी चल रही है। जिससे बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। कायमगंज के जेई विद्युत को कई बार अवगत कराया गया लेकिन पोल ठीक नहीं किया गया। भाकियू का आरोप है कि जिस डीसीएम से पोल टूटा था उससे विद्युत विभाग ने मोटी रकम तो वसूल कर ली है। लेकिन पोल को ठीक करना उचित नहीं समझा गया। इसीलिए भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से कायमगंज की विद्युत व्यवस्था चौपट है। कब बिजली आए कब चली जाए उन्हें कोई मतलब नहीं। भीषण गर्मी में जनता परेशान है।

### युवक को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को सांप ने डस लिया जिससे उसकी हालात गंभीर हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदपुर सैथरा निवासी विकास पुत्र प्रेमचंद (28) अपने घर पर सो रहा था। सुबह 5 बजे उसको सांप ने डस लिया। इसके बाद परिजन घर पर ही युवक को झाड़ फूंक करवा रहे थे। तभी तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश होने लगा। इसके बाद परिजनों ने युवक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंच कर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगे दो ट्रक सीज

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर ए आर टी ओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा नगर तथा राजेपुर थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में खनन सामग्री ले जाने वाले दो ट्रक बिना नंबर प्लेट के संचालित पाए गए तो उन्हें सीज कर थाना राजेपुर में खड़ा कर दिया गया है तथा इन पर 60000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। चार वाहनों को बिना फिटनेस संचालित पाए जाने पर सीज किया गया तथा उन पर 30000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। चार अन्य वाहनों को उत्तर प्रदेश राज्य का कर जमा न होने के अभियोग में सीज करने की कार्यवाही की गई।

### मोहर्रम का चांद दिखा, मोहर्रम माह शुरू

**फर्रुखाबाद।** मौलाना सदाकत हुसैन सैंथली ने बताया कि पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों की याद में मनाया जाने वाले इस्लामिक माह मोहर्रम शुरू हो गया। इसके साथ ही शिया समुदाय के लोग काले लिबास में आ गए और गम में डूब गए। शिया मुस्लिम बहनों ने अपनी सुहाग की निशानियां इमाम के गम में उतार दीं और चूड़ियां इमामबाड़ों में तोड़ दीं। इमाम हुसैन के गम में शिया मुसलमान 2 महीना 8 दिन गम मनाएंगे। सन 61 हिजरी में ईराक के कर्बला शहर में जालिम बादशाह यजीद ने इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों जिनमे एक 6 माह का बच्चा भी था। उन्हें तीन दिन का भूखा और प्यासा रखा। मोहर्रम की 10 तारीख को शहीद कर दिया था। उसी की याद में शिया समुदाय के लोग मोहर्रम मनाते हैं।

# पुलिस ने लूट करने वाले चार बदमाश दबोचे, नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय कुमार।

अमृत विचार। एसओजी, सर्विलांस और कंपिल पुलिस की संयुक्त टीम ने चार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से देसी तमंचा के अलावा 50560 रुपये नकदी भी बरामद की है।

गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार बदमाशों पर पांच-पांच हजार का इनाम है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दिलीप पुत्र विश्राम उम्र 32 वर्ष, अजीत पुत्र गुड्डू उम्र 19 वर्ष, गौरव पुत्र रतन सिंह उर्फ लालू बिहार उम्र 19 वर्ष और नन्हू पुत्र अतर सिंह गांव ममापुर, कोतवाली कायमगंज को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह चारों बदमाश बैंक तथा पैसे के लेनदेन वाले स्थान पर रेकी कर लोगों का पीछा करके और बीमारी का बहाना बनाकर उनकी मोटरसाइकिल पर बैठकर चोरी, चेन स्नैचिंग एवं लूटपाट की घटना को अंजाम दिया करते हैं। उन्होंने बताया कि 9 जून को इन लोगों ने रॉकी गिहार का पीछा करके उसकी जेब से 2 लाख रुपये चोरी कर लिए थे।

पुलिस की संयुक्त टीम ने देका कि कपिल सिवारा रोड पर यह बदमाश जा रहे थे। तभी ग्राम भैंसरी को आने वाले कच्ची रोड पर इन चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया।

- **देसी तमंचा के अलावा 50560 रुपये नकदी भी बरामद**
- **एसओजी, सर्विलांस ,कंपिल पुलिस की टीम ने दबोचा**

# सपा ने मनाई शाहूजी महाराज की जयंती

**फर्रुखाबाद।** माजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में राजर्षी छत्रपति शाहूजी महाराज कोल्हापुर की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा शाहूजी महाराज ने शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में असाधारण कार्य किये।

नौकरी और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था सर्वप्रथम शाहूजी महाराज ने शुरू की। इस मौके पर महासचिव इलियास मंसूरी,रामपाल सिंह यादव फ्रंटल प्रभारी, राजन यादव, शिव शंकर शर्मा, निजाम अंसारी, मोहम्मद अकलीम सभी जिला सचिव, यूथ ब्रिगेड, मुख्तार आलम ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुर, मुजाहिद अंसारी महानगर अध्यक्ष युवजन सभा, कमल हसन महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, हामिद अंसारी, आदि लोग मौजूद रहे।

# भैंस बांधने जा रही महिला को भैंस ने घसीटा, मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



धन देवी।

**अमृत विचार।** गुरुवार की सुबह 9:00 बजे घर पर बंधी भैंस को चारा खिलाकर घर से बाहर 400 मीटर दूरी पर भैंस को बांधने के लिए ले जा रही महिला को भैंस ने खड़ंजे पर घसीटा जिससे महिला के सिर में गंभीर चोट आई। परिजन आनन फानन में प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए यहां डॉक्टर ने भर्ती करने से मना कर दिया। तब परिजन महिला को लोहिया अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला भवानी निवासी छविनाथ सिंह राजपूत की 30 वर्षीय पत्नी धन देवी सुबह लगभग 9. 00 बजे घर से भैंस को चारा खिलाकर घर से 400 मीटर दूरी पर बने ट्यूबवेल पर भैंस को बांधने जा रही थी तभी अचानक भैंस भागने लगी। लोहे की जंजीर का फंदा हाथ में फंसने के कारण धनदेवी ईट के खड़ंजे पर गिर कर घिसटती चली गईं। सिर में चोट लगने के कारण सिर के ऊपरी हिस्से में गंभीर चोटे आई जिससे परिजन तुरंत निजी वाहन से फर्रुखाबाद प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टर द्वारा मना करने पर परिजन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने धन देवी को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया से थाना मोहम्मदाबाद लिखित सूचना भेजी गई।

मृतका के दो पुत्री काव्या 8 वर्ष व तृषा डेढ़ वर्ष की है। मृतका के पति छविनाथ सिंह राजपूत खेती तथा मजदूरी का कार्य करते हैं। उपनिरीक्षक सुरेश सिंह चाहर ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**कवायद** तहसील क्षेत्र से गंगा एवं रामगंगा नदियां बरसात के दिनों मे उफान पर आकर ग्रामों को बाढ़ प्रभावित कर देती हैं

# बाढ़ से बचाव व उससे निपटने को ग्रामीणों के सामने किया रिहर्सल

संवाददाता अमृतपुर



घायलों को स्टेचर पर ले जाते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र से गंगा एवं रामगंगा नदियां होकर गुजरी हैं। बरसात के दिनों मे दोनों नदियां उफान पर आकर क्षेत्र के अधिकतर ग्रामों को बाढ़ प्रभावित कर देती हैं। कई बार जनहानि तक हो जाती है। खेतों में फसलों का काफी नुकसान हो जाता है।

बाढ़ की परिस्थितियों मे बचाव एवम् राहत के मद्देनजर केंद्रीय बाढ़ आपदा राज्य स्तरीय माक एक्सरसाइज टीम ने ग्राम तीसराम की मढैया में पहुंचकर गंगा नदी मे बाढ़ मे राहत एवम् बचाव कार्यों का रिहर्सल किया। जिसमें डूबते हुए लोगों को कैसे बचाया जाए और उन्हें किस तरीके से राहत दी जाए आदि जानकारी दी गई। इन टीमों में एनडीआरएफ की टीम, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड आदि टीमें शामिल रहीं। जहां इन टीमों के साथ साथ मौजूद ग्रामीणों को भी बाढ़ की समस्याओं के विषय मे जानकारी दी गई। यदि कोई व्यक्ति गहरे पानी में डूब रहा है तो आसपास खड़े लोग शोर मचाएं जिससे उन तक राहत पहुंचाई जा सके और तत्काल मुख्यालय को सूचना दें। बाढ़ में डूबे व्यक्ति को जब बाहर निकाला जाए तो सबसे पहले उसे स्वास्थ्यहित में अस्पताल भेजा जाए।

अगर वह सामान्य स्थिति में है तो उसे वहीं राहत पहुंचा कर सुरक्षित कर लिया जाए। गहरे पानी एवं तेज धार वाले बहाव की तरफ बच्चों बुजुर्गों या अन्य लोगों को न जाने दिया जाए। बाढ़ के समय ऊंचे स्थानों की तरफ जाने का प्रयास किया जाए और जिन गांवों में पानी पहुंच जाता है वहां के लोग प्रशासन द्वारा सुझाए गए स्थानों की तरफ पहुंचकर अपना बसेरा बना लें। जिससे उन्हें किसी प्रकार की हानि ना हो सके। आगे आने वाले समय में बाढ़ की स्थिति बन सकती है। जिससे गंगा एवं रामगंगा के तलहटी क्षेत्र में बसे गांव के लोग इन बातों का विशेष ध्यान रखें।

# 44 जनपदों की 118 संभावित तहसीलों में बाढ़ की समीक्षा हुई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



बाढ़ की समीक्षा करते आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष योगेंद्र डिमरी। अमृत विचार

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपद की तीनों तहसीलों में राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक अभ्यास का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह अभ्यास प्रदेश के 44 जनपदों की 118 बाढ़ संभावित तहसीलों में एक साथ किया गया।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ले. जे. योगेंद्र डिमरी ने जनपद से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जनपदों की समीक्षा की।।

गुरुवार को सुबह 9:00 बजे से सभी जिलों के डीईओसी और तहसीलों से जुड़ने के बाद 9:30 बजे से कार्यवाही शुरू की गई। जनपदों ने बाढ़ आने के कारण गांवों के जलमग्न होने, लोगों के पेड़/छतों पर फंसे होने, नकली समाचार व अफवाहों, नाव पलटना, पुल और सड़कों के टूटने जैसी 5 प्रमुख परिदृश्यों पर कार्यवाही की।योजना भवन लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर रवींद्र गुरुंग द्वारा गतिविधियों का संचालन कराया गया।अभ्यास में जिलों के प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, एनडीआरफ और एसडीआरएफ एवं की सक्रिय भागीदारी रही।

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 11:19 तक उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 जून 2025
वर्ष 3, अंक 307, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल : उच्च सदन में अल्पमत में ओली सरकार 12

हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं 10

## एक नजर

### टैक्स मांगने पर टोल कर्मी पर चलाई गोली

**कपूरथला।** जालंधर-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढिलवां टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आधी रात के बाद एक कार टोल प्लाजा पर पहुंची। जब टोल कर्मचारियों ने चालक से टोल टैक्स मांगा तो उसमें से एक व्यक्ति बाहर आया और उसने गोलीबारी शुरू कर दी। टोल कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

### एनआईए ने होशियारपुर में की छापेमारी

**होशियारपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की दो टीमों ने गुरुवार तड़के उड़मड़ के गढ़ी मोहल्ला में दो घरों पर छापेमारी की। छापेमारी सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई और करीब छह घंटे तक चली। पुलिस सूत्रों अनुसार, अभियान के दौरान एनआईए की टीमों ने व्यापक तलाशी ली और वहां रहने वालों से पूछताछ की। हालांकि, एजेंसी ने तलाशी के उद्देश्य या परिणाम का खुलासा करने से इनकार कर दिया।

### रिश्वतखोरी में कंप्यूटर ऑपरेटर को दबोचा

**धनबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड ने गुरुवार को एलआरडीसी विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसपी विनोद कुमार महतो ने बताया कि जमीन के मामले में घूस की मांग कर रहा था।

# एससीओ के साझा दस्तावेज पर हस्ताक्षर से भारत का इनकार

## पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने पर रक्षामंत्री का कदम

- संयुक्त वक्तव्य के बिना समाप्त हुआ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन
- राजनाथ ने कहा-आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को त्यागना होगा

किंगदाओ, एजेंसी



चीन के क़िंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने को लेकर गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मामले से परिचित व्यक्तियों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा वक्तव्य का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा कि मसौदा वक्तव्य में न तो पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रुख का जिक्र किया गया। सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक साधन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

बुधवार को किंगदाओ पहुंचे रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में बदलाव की व्यापक रूपरेखा रखी और एससीओ सदस्य देशों से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने तथा दोहरे मानदंडों को त्यागने का आग्रह किया। सम्मेलन में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून भी शामिल हुए। सिंह ने कहा कि शांति व समृद्धि, आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों तथा आतंकवादी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार देने की नीति साथ नहीं चल सकते। कहा कि अपने संकीर्ण व स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

### आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ना होगा

भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की।

# तीन सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

## भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई डॉकिंग प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी



अपने सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद शुभांशु शुक्ला।

अंतरिक्ष यान 'ड्रैगन' के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था।

यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि गुरुवार को सुबह 6:31 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे) एक्सिओम मिशन-4 के तहत स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा।

नासा के अनुसार 'डॉकिंग' प्रक्रिया भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई। अंतरिक्ष यान और आईएसएस के बीच संचार और ऊर्जा संपर्क स्थापित होने के साथ ही डॉकिंग (जुड़ने) प्रक्रिया पूरी हो गई। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। इनके अलावा, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं।

लखनऊ में जन्मे 39 वर्षीय शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे।

### बच्चे की तरह चलना, खाना-पीना सीख रहा हूं: शुभांशु

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को कहा कि वह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में एक बच्चे की तरह रहना सीख रहे हैं और जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की अपनी यात्रा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था तो निर्वात में तैरना एक अद्भुत अनुभव था। अंतरिक्ष यान से एक वीडियो लिंक के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए शुक्ला ने कहा कि बुधवार को एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण से पहले 30 दिनों तक पृथक वास के दौरान बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहने के बाद मेरे दिमाग में केवल यही विचार आया था कि हमें बस जाने दिया जाए। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से 14 दिन के लिए अंतर्ष्ट्रीराय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए थे।

# अलकनंदा में गिरी मिनी बस, 3 श्रद्धालुओं की मौत व 9 लापता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- रुद्रप्रयाग में हादसा, आठ लोग घायल, ट्रक की टक्कर लगने से बस हुई अनियंत्रित
- महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश राजस्थान के श्रद्धालुओं को लेकर बद्रीनाथ जा रही थी बस

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में गुरुवार को चारधाम यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ धाम जा रही मिनी बस (टेंपो ट्रेवलर) अनियंत्रित होकर उफनाई अलकनंदा नदी में समा गई।

बस में चालक समेत 20 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई जबकि 9 श्रद्धालु लापता हैं। आठ लोग घायल हैं। बस चालक का दावा है कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से बस बेकाबू होकर नदी में जा गिरी थी। हादसा रुद्रप्रयाग और गौचर के बीच घोलतीर गांव के पास हाइवे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मोड़ पर सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। पुलिस को इसकी सूचना करीब 7:50 बजे मिली। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय कोंडे ने बताया कि 31 सीटर मिनी बस में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे। लापता श्रद्धालुओं की तलाश को पुलिस, एसडीआरएफ और अग्निशमन इकाई संयुक्त सर्च ऑपरेशन चला रही है। वहीं, जिस समय बस पहाड़ी से टकराकर नदी में गिरी तो उससे पहले आठ श्रद्धालु छिटक कर नदी में गिरने से बच गए। इनमें बस चालक समेत चार गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मिनी बस नदी में समाकर लापता हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## चांद दिखा, पहली मोहर्रम आज

**लखनऊ।** शिया व सुन्नी चांद कमेटियों ने मोहर्रम का चांद हो जाने का एलान कर दिया है। 27 जून दिन शुक्रवार को पहली मोहर्रम होगी।

मरकज़ी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी और मरकजी चांद कमेटी के फिरंगी महल के महासचिव मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने बताया कि 26 जून को मोहर्रम का चांद हो गया है। इसलिए 27 जून 2025 को पहली मोहर्रम और 6 जुलाई को यौमे आशूरा मनाया जाएगा। मोहर्रम के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने कल ही छोटे व बड़े इमामबाड़े का दौरा किया था।

# भागवताचार्यों की पिटाई पर बवाल, फायरिंग

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

- भीड़ के पथराव में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त
- एक दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया



इटावा में उपद्रव कर रहे युवकों को खदेड़ती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के दांदरपुर में पहले भागवताचार्यों के बाल घोंटने और फिर उन्हीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर गुरुवार को खासा बवाल हुआ। अहीर रेजीमेंट की मांग करने वाले यादव समाज के युवाओं ने थाने के सामने नारेबाजी करते हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने लाठियां पटककर खदेड़ा तो भीड़ दांदरपुर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को रोका तो पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने हवाई फायरिंग कर भीड़ को खदेड़ा।

क्षेत्र के दांदरपुर में यादव विरादरी के भागवताचार्यों के साथ हुई बदसलूकी का मामला गहराता जा रहा है। बुधवार की देर रात दो भागवताचार्यों मुकटमणि यादव और संत सिंह यादव के खिलाफ फर्जी आधार कार्ड रखने और जाति छिपाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसको लेकर गुरुवार को अहीर रेजीमेंट की मांग करने वाले 300 से अधिक युवाओं ने बकेवर थाने के सामने नारेबाजी करते हुए कानपुर -आगरा हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर बकेवर, भरथना, लवेदी, ऊसराहार थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने लाठियां पटककर जाम लगाए लोगों को खदेड़ा। इसके बाद भीड़ दांदरपुर गांव के लिए कूच कर गई।

दांदरपुर से कुछ पहले ही लुधियानी-निबाड़ीकला मार्ग पर भारी पुलिस बल मुस्तैद था। पुलिस ने गांव में जाने से रोका तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। एसपी ग्रामीण श्रीष चंद्र भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए दो राउंड फायरिंग की। इसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। पुलिस ने एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस देर शाम तक दांदरपुर गांव में डटी रही। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव भी गांव पहुंचे।

## गैर मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये 2019 से पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। आयोग ने बताया कि इन राजनीतिक दलों के कार्यालय भी कहीं भौतिक तौर पर पता नहीं लगाया जा सका। इसने कहा कि ये 345 राजनीतिक दल देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में आयोग के पास पंजीकृत 2,800 से अधिक आरयूपीपी में से कई ऐसे राजनीतिक दल आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं।





- निर्वाचन आयोग में पंजीकृत हैं ऐसे 345 सियासी दल

# नौसेना भवन में कार्यरत बाबू जासूसी में गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को दे रहा था संवेदनशील जानकारी
- ऑपरेशन सिंदूर संबंधित सूचना देने को लिए थे 50 हजार रुपये

नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में काम करने वाले एक बाबू (अपर डिवीजन क्लर्क -यूडीसी) को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने पैसों के लिए एक पाकिस्तानी जासूस को संवेदनशील रक्षा जानकारी उपलब्ध करवाई। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने आरोपी विशाल यादव को बुधवार को गिरफ्तार किया था।

पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी-सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि आरोपी यादव ने एक पाकिस्तानी जासूस को गोपनीय जानकारी साझा की जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विवरण शामिल है। इस कथित महिला जासूस ने खुद को भारतीय युवती प्रिया शर्मा बताया था। गुप्ता ने कहा कि यादव ने जानकारी देने के बदले कुल मिलाकर लगभग दो लाख रुपये प्राप्त करने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा कि इसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी लीक करने के लिए 50,000 रुपये शामिल थे।

## पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और सौरभ भारद्वाज पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी से जांच कराने की मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है। 'आप' की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इस मामले में शिकायत पिछले साल भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने दर्ज कराई थी। अधिकारियों के अनुसार, 2018-19 में 5,590 करोड़ रुपये की लागत से 24 अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को लेकर अकारण विलंब हुआ।

- एसीबी ने भ्रष्टाचार मामले में की आप नेताओं पर कार्रवाई

# सुरक्षाबलों ने जैश आतंकी को मार गिराया

जम्मू, एजेंसी

- उधमपुर में अभियान जारी, तीन आतंकी अब भी घिरे
- कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सेना सतर्क



जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के एक वन क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि तीन अन्य आतंकी अब भी घिरे हुए हैं। अधिकारियों ने बतायाा कि चार आतंकवादियों के इस समूह की पिछले एक वर्ष से तलाश की जा रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के एक संयुक्त खोज दल ने गुरुवार को सुबह जिले में बसंतगढ़ के सुदूर बिहाली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है और खराब मौसम के बावजूद व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अभियान में अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। अभियान अभी जारी है। ऑपरेशन बिहाली कोड नाम वाला यह अभियान ऐसे वक्त में शुरू किया गया है जब एक सप्ताह बाद कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होगी।

जम्मू रेंज के आईजी भीम सेन टूटी ने बताया कि आतंकवादियों का सुबह करीब साढ़े आठ बजे पता चला। बताया कि कोहरा होने के बावजूद तलाश अभियान जारी है और मौसम में सुधार होने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि जिन आतंकवादियों को घेरा गया है, वे पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं और सेना के पैरा कमांडो की अगुवाई में संयुक्त तलाश दल ने करूर नाला के पास उन्हें छिपे हुए पाया।

**अहमदाबाद में क्रैश हुआ था एयर इंडिया का विमान**

# विमान के ब्लैक बॉक्स का निकाला जा रहा डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जांच

सरकार ने गुरुवार को कहा कि 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के ब्लैक बॉक्स से डेटा निकाला जा रहा है और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि दुर्घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

सरकार ने इस दुर्घटना में 270 लोगों के मारे जाने के करीब 15 दिन बाद इस घटना की जांच को लेकर जानकारी दी है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने तुरंत जांच शुरू की और निर्धारित नियमों के अनुसार 13 जून को एएआईबी प्रमुख की अगुवाई में एक बहु-विषयक टीम गठित की। बयान में कहा गया है कि इस टीम में एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) का एक अधिकारी और अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## डीटीयू के वीसी जोशी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) के पहले कुलपति (वीसी) प्रोफेसर धनंजय जोशी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

इस्तीफा बुधवार को उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को सौंप दिया गया, हालांकि इसे अभी आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया गया है। इस्तीफे या इसकी स्वीकृति के बारे में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। जोशी ने कहा मैंने बुधवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसे अब तक स्वीकार नहीं किया गया है। मैंने अपने पिछले संस्थान गुरु गोबिंद इंद्रप्रस्थ विवि में लौटने का भी अनुरोध किया है।

# आम उत्पादन में यूपी अग्रणी, देश के कुल उत्पादन में 27 % हिस्सा

## इस बार राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन उत्पादन, वर्ष 2024-25 में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागवानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। इस बार देश में आम के कुल उत्पादन में 27 प्रतिशत की भागेदारी उप्र. की रही है।

राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। वहीं, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी हुई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इस सत्र में प्रदेश से 40.31 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया। जबकि, इसी साल अब तक 13.5 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया है। दरअसल, राज्य में आम की लगभग 600 से अधिक प्रजातियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, आम्रपाली, रामकेला, रटौल, लखनऊ सफेदा, बाम्बेग्रीन एवं अन्य रंगीन प्रजातियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।

> उत्तर प्रदेश से अन्य देशों में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास फलों की टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट सेंटर का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। -**दिनेश प्रताप सिंह**, कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री।

### इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा आम महोत्सव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ आम महोत्सव मनाने की तैयारी है। आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण आदि को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन 4 जुलाई से 06 जुलाई के बीच अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में भव्य रूप से किया जाएगा। इस दौरान यहां 600 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आम महोत्सव में उप्र. के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। महोत्सव में आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे, प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों व खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। दरअसल, पिछले साल के आम महोत्सव में 07 श्रेणियों के 58 वर्गों में लगभग 600 से अधिक आम की प्रजातियों एवं प्रसंस्कृत उत्पाद का प्रदर्शन किया गया।

# ‘नो हेलमेट, नो फ्यूल’: प्रशासन ने फिर शुरू की कवायद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पंपो पर भटकते रहे बिना हेलमेट के लोग, यातायात पुलिस की रही तैनाती
- कई दोपहिया वाहन सवारों के चालान भी काटे गए, कड़ी चेतावनी भी दी गई

**अमृत विचार।** एआरटीओ व सीओ ने यातायात पुलिस के साथ पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल का अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने की कवायद फिर से शुरू कर दी। इस दौरान यातायात सिपाही समेत गार्ड पंपों पर खडे किये गये। बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने पहुंचे लोगों को वापस किया गया तो कई के हेलमेट न लगाने पर चालान किये गये।

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मृत्यु एवं गंभीर चोटों को रोकने के लिये डीएम व एसपी के निर्देश पर शहर में सुरक्षित सफर एवं यातायात नियमों का पालन कराये के लिये नो हेलमेट, नो फ्यूल का अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा प्रदान करना है। सदर तहसील क्षेत्र में पहले चरण में यह अभियान चलाया गया। इसके बाद जिले की सभी तहसील क्षेत्रों में इसे लागू किया जायेगा। खास बात यह रही कि पेट्रोल पंपों पर निर्देशों का किस तरह पालन कराया जा रहा, इसे यातायात पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलवीर सिंह व एआरटीओ इज्या तिवारी ने खुद पहुंच कर देखा। इसके अलावा पंपों पर यातायात के सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई थी। वह बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने पहुंचे दो पहिया वाहन चालकों को लौटाते और जागरूक करते रहे। वहीं पेट्रोल लेने हेलमेट लगा कर पहुंचे लोगों ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया अभियान अच्छा प्रयास हैं। यह पूरी तरह से लागू होना चाहिये।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि हम सभी को स्वयं यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि समाज में सुरक्षित यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। दो-पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के बाहर न निकलें। परिवार के लोग भी इस पर ध्यान दें और हेलमेट की उपयोगिता को समझे। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर पहनें। बताते चलें कि सड़क सुरक्षा समिति की दो दिन पहले हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था। इससे पहले तत्कालीन जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला ने इस बारे में आदेश जारी किया था और पेट्रोल पंपों पर इसके पंफ्लेट भी लगाए गए थे। कुछ दिन तो असर दिखाई दिया और फिर सब पुराने ढर्रे पर लौट आया।



पंप पर बिना हेलमेट के पेट्रोल न देने से खडे बाइक सवार। अमृत विचार

# चिलचिलाती धूप के साथ उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- अधिकतम तापमान 35 तो न्यूनतम 27 डिग्री पहुंचा
- अगले 24 घंटों में बारिश होने के आसार

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। कभी बादल तो कभी धूप के साथ बारिश की आस और उसके बाद उमस। इसी क्रम में चिलचिलाती धूप के साथ उमसभरी गर्मी से लोग बेहाल हो गए।

गर्मी इस कदर रही कि अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में बारिश होने के आसार हैं।

गुरुवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज तल्ख रहा। करीब सवा सात बजे ही सूरज की तपिश तेजी दिखाने लगी और इसके ही लोग पसीने से सराबोर होने लगे। दोपहर होते होते गर्मी इतनी बढ़ गई कि लोग बाहर निकलने से कतराए। इस हफ्ते की बात करें तो सबसे ज्यादा चिलचिलाती धूप निकली जिससे लोग परेशान रहे। हालत यह रही कि थोड़ी जो हवा चल रही थी वह भी राहत नहीं दे पा रही थी। बादल काफी कम मात्रा में यदा कदा ही दिखाई दिए लेकिन बरसे नहीं। दिन के समय तेज गर्मी के कारण सड़क व दुकानों पर सन्नाटे जैसी स्थिति दिखाई दी। यद्यपि दिन ढलने के बाद बाजारों में चहलपहल बढ़ी। खास बात यह रही कि धूप निकलने से मक्का किसानों ने राहत की सांस ली। जिनकी मक्का अभी तक भीगी है उन्होंने उसे सुखाकर मंडी पहुंचाने के जतन तेज कर दिए।

वे यही मनाते दिखाई दिए कि एक दो दिन बारिश न हो तो फसल को सुरक्षित कर लें। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 35 जबकि न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले 24 घंटों में बारिश के साथ आगामी दिनों में भी हल्की से लेकर मध्यम तक बारिश होने की संभावना है।

## एक नजर

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आज से आवेदन

**कन्नौज।** डीडी कृषि संतोष कुमार ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट आफ क्राप रेज्यडू एवं अन्य योजना के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान मिलेगा। हाईटेक हब फार कस्टम हायरिंग, कस्टल हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबंधन के प्रमुख कृषि यंत्र व रक्षा उपकरण पर अनुदान मिलेगा। इसके लिए वेबसाइट https://agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग 27 जून दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएगी और 12 जुलाई तक आवेदन होंगे।

### सदरजहां कट को बंद करने को लेकर एसडीएम से मिले

**छिबरामऊ।** नगर के एन एच 34 पर सदरजहां के लिए जाने के लिए एक कट को एनएचएआई ने हादसों का हवाला देते हुए दो दिन पहले बंद करा दिया। इस कट के बंद होने को लेकर लोगों ने विरोध जताया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को सपा नेता राशिद फारूकी के नेत्रत्व में लोगों ने उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार दुबे से मुलाकात कर समस्या के समाधान कराने की बात की

### सांप के डसने से महिला की मौत, कोहराम

**छिबरामऊ।** गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ब्राहिमपुर निवासी हरिकिशन की 32 वर्षीय पत्नी हंसमुखी देवी गुरुवार की शाम खेतों की तरफ गई थी। वहां किसी जहरीले सांप के डसने से उसकी हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।

# पीडी को किया छुट्टी में रिलीव डीडीओ व डीपीओ अब भी डटे

## कुछ आलाधिकारी कामकाज में कर रहे पक्षपात, खड़े हो रहे कई सवाल

**पक्षपात**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के कुछ आलाधिकारी कामकाज में पक्षपात कर रहे हैं। इससे उन पर सवाल खड़ा होना स्वाभाविक है। पीडी डीआरडीए को छुट्टी में रिलीव कर दिया गया तो डीडीओ व डीपीओ अब भी डटे हैं।

दरअसल, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी रामऔतार सिंह का तबादला आदेश 6 जून की रात में आता है। अगले दिन बकरीद का अवकाश था, उसी दिन उनको रिलीव कर दिया गया। 8 जून को भी रविवार की छुट्टी थी। रामऔतार सिंह को आयुक्त कार्यालय लखनऊ में संबद्ध किया गया है। खास बात यह है कि बनारस के डीडीओ अशोक कुमार को कन्नौज में पीडी बनाकर भेजा गया है लेकिन वह अब तक नहीं आए हैं। नए पीडी आ गए होते तो रिलीव करना ठीक था। इसी तरह 14 जून को जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी का तबादला आदेश आया। उनको फर्रुखाबाद में डीसी (स्वतः रोजगार) एनआरएलएम की जिम्मेदारी दी गई है। उनके स्थान पर नए डीडीओ की अब तक तैनाती नहीं हुई है। स्थानांतरण आदेश आने के 13 दिन बाद भी द्विवेदी यहीं डटे हैं। इसी तरह 14 जून को ही जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या का तबादला रामपुर के लिए हुआ। यह स्थानांतरण स्वयं के अनुरोध पर उन्होंने कराया। वह भी अब तक डटी हुईं हैं। उनके खिलाफ आउटसोर्सिंग भर्तियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने की शिकायतें हैं। कहा जा रहा है कि तबादले के आदेश के बाद बिल-वाउचर का खेल चल रहा है।

- स्थानांतरण आदेश आने के 13 दिन बाद भी नरेंद्र देव द्विवेदी यहीं डटे







जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय। विकास भवन के बाहर खड़ी डीडीओ की गाड़ी। अमृत विचार

### महेंद्र प्रताप सिंह डीपीओ की दौड़ में आगे

**कन्नौज।** जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह को जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) का अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकता है। इसकी दौड़ में अन्य अधिकारियों की अपेक्षा वह सबसे आगे चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि मैनपुरी में उनके पास प्रोबेशन विभाग का कार्यभार रहा भी था। जनपद में किसी प्रोबेशन अधिकारी की तैनाती नहीं हुई है, इस वजह से किसी दूसरे विभाग के ही अफसर को प्रभार मिलेगा। चर्चा तो यहां तक है कि उनकी फाइल भी बन गई है। हालांकि अन्य अधिकारियों के नामों पर भी मंथन हुआ है।

### इन पदों पर है अफसरों की कमी

बचत विभाग में सहायक निदेशक का पद कई सालों से रिक्त चल रहा है। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी के पास इसका अतिरिक्त प्रभार है। सदर ब्लॉक में मनरेगा का अतिरिक्त प्रभार भी डीडीओ देख रहे हैं। इसी तरह नेडा परियोजना अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय देख रहे हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता के पास है। जिला जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र के पास समाज कल्याण (वित्त एवं विकास) का भी प्रभार है। इसके अलावा अन्य कार्यालयों में कर्मियों व अफसरों का टोटा है।



अधिशाषी अभियंता विद्युत से मुलाकात करते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# भाजपाई एक्सईएन से मिले अघोषित कटौती पर बिफरे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- बारिश होते ही काट दी जाती बिजली, लोग होते हैं परेशान

**अमृत विचार।** नगर व देहात क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर भाजपाइयों ने अधिशाषी अभियंता विद्युत से मुलाकात की। इस दौरान बिजली की अघोषित कटौती पर आक्रोश व्यक्त कर समस्या समाधान की मांग की।

शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बीते चार माह से चली आ रही बिजली समस्या को लेकर भाजपाइयों ने अधिशाषी अभियंता विद्युत मगहन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उनसे बताया कि बरसात के मौसम में बिजली की भारी कटौती की जा रही है। बारिश बंद होजाने के बाद भी सप्लाई चालू नहीं की जाती। इससे रात हो या दिन उपभोक्ता परेशान होते रहते हैं। विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों से बात करने पर वह फाल्ट होने की बात कह कर फोन काट देते हैं। कहा कि शहर की बिजली व्यवस्था को वेहतर रखा जाये। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की बिजली ठीक रखने के लिये अच्छे प्रबंध किये जायें। लाइनमैन व जेई को बताया जाये कि किसी कारण से बिजली जाने पर फाल्ट को तत्काल ठीक किया जाये। जर्जर लाइनों को बदला जाये जिससे लाइन टूटना कम हो जाये। अधिशाषी अभियंता ने भाजपा जिलाध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि वह लगातार बेहतर बिजली देने का प्रयास कर रहे हैं। जेई व कर्मचारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वह बिजली की खराबी होने की जानकारी पर तत्काल खोज कर इसे ठीक करें। उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर बिजली दी जाये। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष के अलावा नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, जीतू तिवारी, श्यामजी मिश्रा, राजा पाठक, सोमू शुक्ला, मनी अवस्थी, प्रभात बाजपेई, शिवम मिश्रा, समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थानों पर लगे हैंडपंप सूखे पड़े

**तिर्वा।** सार्वजनिक स्थानों पर लगवाए गए हैंडपंप पानी की जगह हवा देने का काम कर रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने उन्हे सुधरवाने के लिए प्रधान व सचिव से गुहार लगाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

उमर्दा ब्लाक के मबईबिलवारी में ग्राम पंचायत के सभी मजरो में हैंडपम्प लगवाए गए। ग्राम पंचायत के गुनाह गांव में बने मंदिर व कब्रिस्तान के पास भी सरकारी हैंडपंप लगवाए गए। इससे आने जाने वाले लोग प्यास बुझाते रहे। मंदिर व कब्रिस्तान के साथ ग्राम पंचायत में मौजूदा समय में कई हैंडपंप सूखे पड़े हैं जिससे लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से मिलकर नल सही कराए जाने की मांग की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जांच कर जल्द ही हैंडपंपों को सही कराया जाएगा।



कब्रिस्तान के पास खराब पडा हैंडपंप।

# दफ्तरों व घरों से हटें सफाई कर्मी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन
- कलेक्ट्रेट के बाद डीपीआरओ से भी की मुलाकात

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने मांग रखी है कि सफाई कर्मियों को सरकारी दफ्तरों व अधिकारियों के आवास से हटाया जाए। उनको तैनाती वाले गांव में भेजा जाए। इससे ग्रामीण इलाकों की साफ-सफाई हो सके।

संघ के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने 17 जून को गांव में सफाई करने के लिए रिक्त राजस्व ग्राम/ ग्राम पंचायत में सिद्धनाथ, चंद्रशेखर, लक्ष्मी नरायन, अजय कुमार, रामनरेश, विमलेश, अनुपम कुमारी, गुल्लू, रामश्याम का तबादला किया है। इस आदेश का अब तक पालन नहीं किया गया है। सफाई कर्मचारी अपनी मनमानी से कार्यालयों में टिके हैं। जिलाध्यक्ष ने इन पर विभागीय कार्रवाई करते हुए मूल तैनाती वाली जगह पर भेजने की मांग रखी है जिससे स्वच्छ भारत मिशन अभियान का पालन हो सके। सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश गौतम को मांगों का ज्ञापन दिया। साथ ही विकास भवन में डीपीआरओ से मिलकर समस्याएं दूर करने की मांग रखी। दूसरी ओर कनिष्ठ सहायक को जनपद से हटाने की बात कही। कहा है कि जांच की जरूरत हो तो पंचायती राज विभाग को छोड़कर अन्य विभाग से कराई जाए। वेतन, एसीपी को लेकर समस्याएं बताईं। पत्र में जिला प्रभारी विजय कुमार, महामंत्री धर्मवीर वाल्मीकि, गंगाराम, अनूप कुमार, नीरज, पिंटू के नाम लिखे हैं।

# साहब! दरोगा से उधारी के तीन लाख रुपये दिला दो

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- तगादे पर झूठे मुकदमें में फंसा रहे, तंगी से टूट गई बेटी की शादी

**अमृत विचार।** तिर्वा कोतवाली में तैनात दरोगा ने अपनी बहन के पड़ोसी से तीन लाख रुपये लिए लेकिन वापस नहीं किए। पीड़ित परिवार ने एसपी से गुहार लगाकर दरोगा से रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

जनपद फिरोजाबाद के जैन नगर खेडा जैन मंदिर के पास निवासी मीरा देवी पत्नी रमेश चंद्र राठोर ने एसपी विनोद कुमार को दिये शिकायती पत्र में कहा कि वह सीधीसादी महिला है। मेहनत मजदूरी कर पुत्री की शादी की तैयारी कर रही थी। इसके लिये उसने व पति ने किसी तरह पांच लाख रुपये एकत्र किये। 21 नवंबर 2019 को उसके पडोस की रहने वाली राम श्री उर्फ कमलेश पत्नी राम मोहन उस के पास आई और कहा कि उसके भाई वेद प्रकाश पुत्र राम चरन निवासी मुरली नगला थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद पुलिस विभाग में दरोगा हैं। उनको तीन लाख रुपये की अति आवश्यकता है। रुपये 6 माह में वापस कर देंगे। पड़ोसी होने के नाते उसको पुत्री की शादी के लिये जुटाये गये रुपयों में से तीन लाख रुपये दे दिये। छह माह का समय बीतने पर जब रुपये नहीं लौटाये तो उसने रामश्री अपने रुपये की मांग की। तो राम श्री ने कहा कि भाई दरोगा बन गया है।सेलरी आने पर रुपये लौटा देंगे। काफी समय के बाद फिर से मांगे तो रुपये वापस नहीं किये। राम श्री ने धमकी देते हुए कहा कि कहा कि अब भाई दरोगा बन गया है। शिकायत करोगी तो पुलिस भी अब कुछ नहीं कर पायेगी। उधर पुत्री की शादी तय होने पर उसे रुपयों की जरुरत थी। रुपये के अभाव में पुत्री की शादी टूट गई। इस के बाद उस ने समाज के लोगों को रुपये वापस कराने के लिये बताया। यही नहीं स्थानीय पुलिस से भी शिकायत की पर उसकी किसी तरह की मदद नहीं की। पीडिता की पुत्री रेनू ने बताया कि दरोगा वेद प्रकाश वर्तमान में तिर्वा कोतवाली में तैनात हैं।



एसपी से दरोगा की शिकायत करने आया परिवार। अमृत विचार

**अनदेखी** जिले के परिषदीय विद्यालयों में 920 अध्यापक अधिक तो 551 शिक्षकों की आवश्यकता

# शिक्षक सरप्लस तो कहीं अध्यापकों की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बेसिक शिक्षा कार्यालय में बन गई सूची, स्वेच्छा से आवेदन की बढ़ेगी तारीख

**अमृत विचार।** जनपद में कई परिषदीय स्कूल ऐसे हैं जहां प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक सरप्लस यानि अधिक हैं। दूसरी ओर प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में इनकी कमी भी है। बेसिक शिक्षा कार्यालय में ऐसी सूची भी बन गई है। बताया गया है कि प्राथमिक व जूनियर के 418 स्कूलों में 551 अध्यापकों की जरूरत है। इसी तरह 843 परिषदीय विद्यालयों में 920 शिक्षक सरप्लस हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेंद्र तिवारी ने जारी किए आदेश में कहा है कि यू-डायस पोर्टल पर उपलब्ध छात्र संख्या के हिसाब से निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं यूपी निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 के मानकों के आधार पर अधिक अध्यापक वाले विद्यालय एवं शिक्षक की जरूरत वाले स्कूलों को चिह्नित कर लिया गया है। शिक्षकों से स्वेच्छा से आवेदन मांगे गए हैं। ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 26 थी, लेकिन वेबसाइट न चलने और ओटीपी आने में दिक्कत के चलते समय बढ़ना तय माना जा रहा है। चर्चा है कि आवेदन की तारीख 29 जून को गई है।। कमेटी में डीएम अध्यक्ष, सीडीओ व डायट प्राचार्य सदस्य और बीएसए सदस्य सचिव बनाए गए हैं। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि जिले के 313 प्राथमिक स्कूलों में 374 सहायक अध्यापक सरप्लस (अधिक) निकले हैं। 438 प्राथमिक विद्यालयों में इतने ही प्रधानाध्यापक भी सरप्लस हैं। 40 उच्च प्राथमिक स्कूलों में 56 सहायक अध्यापक अधिक हैं। 52 यूपीएस में प्रधानाध्यापकों 52 ही प्रधानाध्यापक जरूरत से ज्यादा बताए गए हैं।

इसी तरह 188 प्राथमिक स्कूलों में 277 सहायक अध्यापकों की जरूरत है। 9 प्राथमिक विद्यालयों में इतने ही प्रधानाध्यापकों की दरकार है। 134 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 178 सहायक अध्यापकों की आवश्यकता है।





नगर क्षेत्र का कंपोजिट उच्च प्राथमिक स्कूल सरायमीरा। अमृत विचार

## एसडीएम बोले, भूमि विवाद के मामले पहले निपटाए जाएंगे

**तिर्वा।** भूमि विवाद की शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने का काम किया जाएगा। अगर किसी राजस्व कर्मी द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। यह बात नवागत एसडीएम राजेश कुमार ने गुरुवार को चार्ज लेने के बाद कही। प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि उन्होंने तहसील के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की जानकारी ली है। इस तहसील में सबसे अधिक मामले भूमि के हैं जिनका प्रमुखता से निस्तारण किया जाएगा। मौके पर राजस्व टीम व पुलिस टीम को तत्काल भेज कर उसका निस्तारण कराया जाएगा।



नवागत एसडीएम राजेश कुमार

# गंगा में डूबे ग्रामीण को बचाया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- राहत आयुक्त के निर्देश पर मेहंदीघाट पर मॉकड्रिल

गंगा में जा रही एक नाव से उसमें सवार ग्रामीण नदी में गिरकर डूबने लगा। तभी पहुंचे बचाव दल ने उसे किसी तरह से बचाया और फिर प्राथमिक उपचार दिया। यह दृश्य था मेहंदीघाट पर आयोजित बाढ़ आने की स्थिति को लेकर आयोजित मॉकड्रिल का।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह की उपस्थिति में मेहंदीघाट परबाढ़ से बचाव के दृष्टिगत मॉकड्रिल किया गया। इसमें एक नाव ग्रामीणों को लेकर आ रही थी जिससे एक ग्रामीण नदी में गिर गया, डूबने लगा। बचाव दल/पीएसी टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मोटर बोट की सहायता से उक्त व्यक्ति को नदी से बाहर निकाला गया। उसे प्राथमिक चिकित्सा उपरांत 108 एम्बुलेंस की सहायता से बाढ़ राहत शिविर लाया गया। अंततः बचा लिया गया।मॉकड्रिल में राजस्व एवं आपदा विभाग, पुलिस, खाद्य एवं रसद, मेडिकल, फायर एक्सटेंशन,युवा कल्याण विभाग आदि विभागों ने हिस्सा लिया। मॉकड्रिल के सफल आयोजन पी एस सी, होमगार्ड (आपदा मित्रों), मेरा युवा भारत के स्वंयसेवकों, एन. सी सी, भारत स्काउट गाइड, महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का सहयोग रहा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर नवनीता राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजय, तहसीलदार अभिनव वर्मा, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य उपस्थित रहे।



गंगा में डूबे व्यक्ति को बचाने का प्रयास करता बचाव दल व मौजूद अधिकारी।

**आज का मौसम**

अधिकांशतया बादल छाए रहने की संभावना है। इस कारण उमस भरी गर्मी पड़ने के आसार हैं।

| 38.0⁰ | 34.9⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 22 | सूर्यास्त 07 : 11 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## युवक ने लगाई फांसी, भर्ती

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के हरदासपुरा निवासी विवेक 21 ने फांसी लगा ली। जानकारी होते ही परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

# डिवाइडर तोड़ खड्ड में गिरी बस, दो की मौत

## एक्सप्रेस वे पर इटावा में हुआ हादसा, हादसे में एक नेपाली महिला की मौत, 50 यात्री घायल

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार ।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के चैनल नंबर-103 मुहाटी के पास गुरुवार सुबह मधुबनी बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए खड्ड में जा पलटी। हादसे में एक नेपाली महिला और बिहार के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पुलिस व यूपीडा के कर्मचारियों ने घायलों को सैफई पीजीआई भिजवाया। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पीजीआई पहुंचकर घायलों का हाल-चाल लिया।



खड्ड से निकाली गई बस व मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

बिहार के मधुबनी जिले से डबल डेकर बस सवारियां लेकर दिल्ली जा रही थी। गुरुवार की सुबह बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सैफई थाना क्षेत्र के मुहाटी के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए खड्ड में जा गिरी। बस के खड्ड में गिरते ही यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आसपास के कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा और सभी घायलों को सैफई पीजीआई भिजवाया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने नेपाल के मोहतारी जिले के जलेसर थाना क्षेत्र के बरदाहा निवासी शहीना खातून (20) पुत्री मो. जमदर और बिहार के दरभंगा जिले के रामपुर डीह निवासी मनोज कुमार सिंह (59) को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। घायलों ने बताया कि बस में करीब 80 सवारियां थीं। जिलाधिकारी और एसएसपी ने पीजीआई पहुंचकर घायलों का हाल-चाल लिया।

### सड़क पर फैली मक्का से गिरकर युवक घायल

**जसवंतनगर।** सड़क पर किसानों द्वारा सूखने के लिए फैली मक्का एक बार फिर दुर्घटना का कारण बन गई। छिमारा रोड पर प्रतापपुरा स्थित कोल्ड स्टोर के आगे बाइक सवार युवक सड़क पर सूखने के लिए फैली मक्का के कारण अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और घायल हो गया। उतरई गांव निवासी बृजेश कुमार जो डिलीवरी बॉय का कार्य करते हैं, शाम को वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह छिमारा रोड पर प्रतापपुरा के समीप पहुंचे, सामने से आ रहे एक ट्रक की तेज हेडलाइट की रोशनी के कारण उन्हें सड़क पर फैली मक्का नहीं दिखी। बाइक मक्का पर चढ़ते ही फिसल गई और वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े। इस हादसे में बृजेश के हाथ, पैर और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

# 4 शातिर लुटेरे मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** इकदिल पुलिस की गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्वालियर बाईपास के पास एक लुटेरे गैंग से हुई मुठभेड़ हो गई इसमें चार लुटेरे गिरफ्तार कर लिये गये। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। पकड़े गए लुटेरों के पास से तमंचा कारतूस के अलावा लूटी गई चेन व बाइक बरामद की गई है ।

गांव बरैला निवासी सेवानिवृत्त वन अधिकारी किशन सिंह के पास से बाइक सवार लुटेरों ने चेन लूट ली थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। थाना पुलिस मानिकपुर मोड़ पर भ्रमणशील थी इसी दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुयी कि एक मोटर साइकिल से चार व्यक्ति चोरबरी की ओर से ग्वालियर बाईपास होते हुये भिण्ड की ओर जा रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीमे ग्वालियर



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

बाईपास वाले तिराहे पर चेकिंग करने लगी। तभी चोरबरी की ओर से मोटर साइकिल पर सवार चार व्यक्ति आते दिखायी दिये। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर बाइक सवार यमुना पुल की तरफ भागने लगे।पीछा करने पर पुलिस टीम पर फॉयरिंग कर दी। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक गोली कपिल तोमर के बांये पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसके अन्य साथियों शिवदीप सिंह उर्फ शिब्बू पुत्र खेत सिंह निवासी गांगूपुरा धुमरी थाना अलीगंज एटा हाल पता कस्बा थाना फूप जनपद भिण्ड, अभयराज भदौरिया उर्फ छोटू पुत्र महेन्द्रपाल सिंह भदौरिया निवासी ग्राम बरैला इब्राहिमपुर थाना इकदिल मोहित पुत्र शिवमोहन सिंह निवासी बाजूनगर थाना इकदिल को घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल, छीनी हुयी चेन, दो अवैध तमंचे, तीन जिंदा एवं दो खोखा कारतूस बरामद किये। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें जेलभेज दिया गया।

# 19 लोग हिरासत में, 13 बाइकें और 1 कार हुई जब्त



हाईवे पर जाम लगाए लोगों की वजह से खड़े वाहन। अमृत विचार



लोगों को खदेड़ने के लिए हवाई फायरिंग करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव दांदर पुरा में भागवत करने के लिए आए भगवताचार्य कांड तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को यादव समाज के युवाओं ने भगवताचार्यो के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद दांदरपुरा कूच का आह्वान किया । युवकों ने पहले थाने के बाहर नारेबाजी करते हुए हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे वाहनों की लम्बी कतारे लग गई। पुलिस ने खदेड कर जाम खुलवाया।

जाम खुलने के बाद युवकों ने दांदरपुरा गांव की ओर कूच किया तो रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया । इस पर युवकों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। जवाब में पुलिस को हवाई फायर करने पड़े। पुलिस ने युवकों को दौड़ाकर 19 लोगों को पकड़ा है। इसके अलावा पुलिस ने 13 बाइकें व एक कार को बरामद किया है। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई घटना के विरोध में कुछ संगठनों के लोग पदर्शन के लिए एकत्रित हो रहे है। पुलिस के द्वारा हाईवे व कस्बा बकेवर व गांव दांदरपुरा में सुरक्षा के प्रबंध किए गए। डेढ़ बजे हाईवे पर लोग एकत्रित हो गए जिन्हें पुलिस द्वारा समझा बुझाकर वापस किया गया । करीब 70- 80 लोगों के द्वारा गांव दांदर पुरा में घुसने का प्रयास किया गया जिससे वहां कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति उत्पन्न हो गई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 उपद्रवी व 13 वाहनों को हिरासत में लिया गया है । उपदवियों पर मामला दर्ज किया जा रहा है । उपद्रव करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

- इटावा में भागवताचार्यों पर मामला दर्ज होने से भड़के लोग

### भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दांदरपुर पहुंचे

**महेवा।** दांदरपुरा में हुई घटना के बाद भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे दांदरपुर गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मिलकर उनकी बात सुनी और भरोसा दिलाया कि उन्हें उपद्रवियों से कतई डरने की जरुरत नहीं है सरकार सच के साथ है। मामले की जांच हो रही है निर्दोष पर कार्यवाही नहीं होगी और दोषी को बख्सा नहीं जायेगा ।उन्होंने साथ ही कहा यह पूरा घटनक्रम एक साजिश का हिस्सा है । जाति के नाम पर हिन्दू समाज को बांटा जा रहा है । वह दोनों कथावाचक अपराधी थे दोनों के पास दो दो आधारकार्ड थे और वह एक साजिश के तहत नाम बदलकर कथा करने आये थे। गांव के लोगों की सुरक्षा करना प्रशासन की अहम जिम्मेदारी है ।

### भगवताचार्यो के खिलाफ भी मामला दर्ज

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के चर्चित दांदरपुरा मामले में भागवत कथा सुनाने आये कथा वाचक व उसके सहायक के खिलाफ पुलिस ने आधार कार्ड में जालसाजी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।उपरोक्त मुकदमा पुलिस ने भागवत कथा के परीक्षित की तहरीर पर दर्ज किया। गांव दांदरपुरा निवासी जयप्रकाश तिवारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि वह अपने गांव दांदरपुरा में भागवत कथा कराना चाहता था जिसके लिए हम कथा वाचक मुकुट मणि निवासी अछल्दा औरैया के पास गए और उनको बताया कि वह अपने गांव दांदरपुरा में 21 जून से 27 जून तक कथा कराना चाह रहे हैं। जिसपर मुकुट मणि ने कहा कि ठीक है हम आपके गांव में भागवत कथा करेंगे ।जिसपर उसने अपना नाम मुकुट मणि अग्निहोत्री है और हम ब्रह्माण है और हम लंबे समय से भागवत कर रहे हैं ।मेरे साथी भागवत वाचक संत कुमार भी ब्राह्मण है और वह भी लंबे समय से भागवत कर रहे हैं। जिसपर जयप्रकाश सहमत हो गए और पारिश्रमिक के तौर पर दान दक्षिणा भी दी । 21 जून से गांव में भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू हो गई। पीड़ित ने बताया कि दोनों कथा वाचकों ने कूट रचित फर्जी तरीके से अपने को ब्राह्मण बताकर हमारे साथ चलकर भागवत कथा कहकर हमारी धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाकर भागवत कथा को खंडित किया है ।पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

### भाजपा व सपा एक ही सिक्के के दो पहलू : प्रशांत

**इटावा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा कि बकेवर में थाने का घेराव हो या दांदरपुर में पुलिस की गाड़ियों पर पथराव एवं तोड़फोड़ इससे साबित हो गया है कि सपा भाजपा एक सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस नेता प्रशांत तिवारी ने कहा कि अब प्रदेश की योगी सरकार का बुलडोजर नहीं चलेगा इन अराजकतत्वों पर कोई कार्यवाही नहीं होगी, बाबा का बुलडोजर सिर्फ ब्राह्मण मुस्लिम दलित समाज के लोगों के यहां चलेगा। भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर जितना अपमान ब्राह्मण समाज का करा रही है अब 2027 में ब्राह्मण, मुस्लिम दलित समाज मिलकर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाकर इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस किसी भी कीमत पर ब्राह्मण समाज सहित दलितों व मुसलमानों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

## सार-संक्षेप

### गैंगेस्टर में दोषी को छह साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट ने छह साल पुराने गैंगेस्टर एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाया ।दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे छह साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। कोतवाली पुलिस ने अवनीश कुमार उर्फ सिपाही पुत्र सरमन सिंह निवासी कुईया थाना सैफई के खिलाफ अपराधों में लिप्त होने तथा अवैध रूप से धन की उगाही करने के आरोप में वर्ष 2019 में गैंगेस्टर की कार्रवाई की थी। पुलिस ने छानवीन के बाद उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट की कोर्ट में हुई। सरकारी वकील के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और उसे छह साल की सजा व पांच हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से गाय की मौत

**भरथना।** भरथना कोतवाली कस्बा के मोहल्ला टीला खुशहालपुरा में एक विद्युत पोल में करंट उतर आया। पोल की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। मोहल्ला निवासी एक पशुपालक के पशुबाड़ा से अचानक गाय निकल पड़ी और विद्युत पोल से छू गई, जिसकी विद्युत पोल में उतरे करंट से चिपक कर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मोहल्ले के वाशिंदों ने बताया कि उक्त लोहे के विद्युत पोल में करंट उतरने की शिकायत विद्युत विभाग से कई बार की गई लेकिन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया बल्कि लापरवाही में बने रहे।

### शहर में आज निकलेगी जगन्नाथ यात्रा

**इटावा।** श्री श्री गौर निताई परिवार इटावा के तत्वावधान में सनातन धर्म प्रचारक पं. मनुपुत्र दास के मार्गदर्शन में जगन्नाथ यात्रा आज 27 जून को निकाली जाएगी जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यात्रा बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट से प्रारंभ होकर बलराम सिंह चौराहा, चौगुर्जी होते हुए नौरंगाबाद चौराहा, नगर पालिका चौराहा, राजगंज चौराहा, पुरबिया टोला होते हुए पक्का तालाब परिसर पर जाकर संपन्न होगी, जहां पर भक्तजनों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ जी के रथ के अतिरिक्त दो विशेष रथ भी होंगे, दो ध्वनि विस्तारक यंत्र होंगे और एक बैंड होगा जो कि भजन संकीर्तन के साथ इस जगन्नाथ यात्रा की शोभा बढ़ाएगा। यह जानकारी आयोजक मंडल के पं. मनुपुत्र दास, हर्षित पोरवाल ,जितेन्द्र गौड़,गोविंद नारायण किशोर बाजपेयी, राममनोहर दीक्षित, राजीव चौधरी,देवेंद्र सक्सेना, अनिल त्रिपाठी, अरविंद यादव,प्रशांत कुमार गुप्ता प्रभु , अखिल प्रताप प्रभु ने दी। उन्होने लोगों से यात्रा में भाग लेने की अपील की है।

### मारपीट की घटनाओं में दो घायल

**इटावा।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत किशनी रोड ऊसराहार निवासी अशोक सिंह चौहान पुत्र मुलायम सिंह को गांव में दवंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अधीनी निवासी रानी पत्नी दिनेश कुमार को गांव में दवंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया ।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इटावा।** थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत पुरा मंशाराम निवासी राम मोहन 36 वर्ष पुत्र भूरे सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, गुरुवार तड़के सुबह जब उनके बच्चे और पत्नी छत से उतरकर नीचे आई तो राम मोहन को फंदे से लटका देखकर होश उड़ गए, पत्नी और बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहन के शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ग्राम प्रधान अभिलाख सिंह ने बताया मृतक दल्लिी में हलवाई का काम करता था, एक सप्ताह पहले ही गांव लौटकर आया था। परिजन आत्महत्या करने का कारण नहीं बता पाए हैं, इस घटना से बेटा आजाद, बेटी भावना समेत पत्नी सरिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सांप डसे तो घाव को साबुन-पानी से धुलें

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सर्पदंश से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। बाढ़ और बारिश के दौरान जनपद में सर्प दंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अहम सुझाव दिए हैं। सुझाव दिया गया है कि पीड़ित व्यक्ति को कोई शारीरिक क्रिया न करने दें। घबराहट दूर करें। घबराहट से शरीर में जहर तेजी से फैलता है। मरीज के घाव से छेड़छाड न करें। घाव को साबुन पानी से धुलें। घाव के आसपास से घड़ी, कड़ा, अंगूठी इत्यादि चीजों को तुरन्त उतार दें। जल्द से जल्द मरीज को अस्पताल लें जाएं, ताकि उसको सही उपचार मिल सके। पीड़ित व्यक्ति को चिकित्सालय स्थानान्तरित होने के बाद जल्द ही एन्टीवेनम दिया जाना चाहिए।

# सही जानकारी ही बचाती है जान

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** आपातकाल दिवस के अवसर पर पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास, इटावा में जागरूकता हेतु एक हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने सभी आगंतुकों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों को सजग एवं जागरूक रहना चाहिए। आपातकाल के समय सही जानकारी और तत्परता ही जान-माल की रक्षा कर सकती है। डॉ. यादव ने यह भी कहा कि छात्रों में प्रारंभ से ही संकट की घड़ी में धैर्य, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना आवश्यक है। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल जागरूकता दिखाई, बल्कि आपातकालीन सेवाओं, बचाव उपायों और सहयोगात्मक व्यवहार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दर्शाई। अभियान में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए और शपथ ली कि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में सजग रहकर स्वयं एवं दूसरों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस विशेष कार्यक्रम की शुरुआत सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश यादव द्वारा की गई। इस अवसर पर पवन कुमार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते कैलाश यादव व अन्य। अमृत विचार

- पान कुंवर स्कूल में विश्व आपातकाल दिवस पर हस्ताक्षर अभियान चला

## ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत महेरा फाटक के पास दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर अजमेर सियालदा से गिरकर झारखंड के युवक की मौत हो गई।

झारखंड के बोकारो के थाना नवाडीह गांव मंजिल में रहने वाला 22 वर्षीय एजाज आलम पुत्र मुमताज अंसारी 20 जून को बहन जीनत परवीन और मौसी के बेटे दानिश के साथ अजमेर गया था, 24 जून को अजमेर सियालदा एक्सप्रेस के एस फोर कोच में सवार होकर लौट रहे थे। देर रात महेरा फाटक के पास ट्रेन से गिरकर एजाज की मौत हो गई। नाना खलील अंसारी ने बताया जेब से मिले फोन से पुलिस ने घर वालों से हादसे की जानकारी दी। गुरुवार को परिजन इटावा पहुंचे, जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। एजाज मजदूरी करता था, दो बहन के बीच इकलौता भाई था। ।

# चोरों ने नकब लगाकर पार किया लाखों का माल

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के मौजा जोनई के नगला बाके गांव में बीती रात चोरों ने एक घर के पीछे नकब लगाकर कीमती जेवरात नकदी सहित लाखों रुपये का सामान पार कर दिया । वारदात के वक्त गृहस्वामिनी अपने बच्चों के साथ कमरे के बाहर टीन शेड में सो रही थी।

गृहस्वामिनी विधवा सीता देवी ने बताया कि वह रोज की तरह बुधवार रात अपने बच्चों शिवा और विशाल के साथ कमरे के बाहर टीनशेड में सोई थीं। गुरुवार सुबह छह बजे जब वह उठीं और कमरे के अंदर जाना चाहा तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। पीछे जाकर देखने पर दीवार में नकब दिखाई दिया ।उन्होंने बच्चों को पीछे से कमरे में भेजा और दरवाजे की कुंडी खुलवाई। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। बक्से और सूटकेस बैग गायब थे। सीता देवी ने तुरंत अपने ससुर जिलेदार सिंह, जो पास के दूसरे मकान में भैंसों की रखवाली कर रहे थे, को सूचना दी और पुलिस को भी सूचित किया ।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की ।गांव के ही राजेश कुमार जब अपने खेत पर गए तो वहां सामान पड़ा देखा इसकी सूचना गृहस्वामी और गांव वालों को दी। उनके खेत में एक बैग और सूटकेस पड़ा मिला। परिजन जब वहां पहुंचे तो बैग से एक मंगलसूत्र बरामद हुआ, जो चोरों से बच गया था । पीड़िता ने बताया कि चोर करीब पांच लाख रुपये का सामान ले गए।

# काम से लौट रहे राजमिस्त्री की सड़क हादसे में गई जान

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** काम से लौट रहे एक राजमिस्त्री की गुरुवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका साथी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सराय भूपत रेलवे फाटक के पास हुआ, जहां पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने मोपेड को टक्कर मार दी।

थाना प्रभारी रामसहाय सिंह ने बताया कि गांव डूडहा निवासी राकेश शाक्य 42 पुत्र रामलखन अपने गांव के ही मजदूर लवकुश पुत्र विनोद कुमार 20के साथ इटावा से काम कर लौट रहा था। दोनों मोपेड से घर जा रहे थे कि शाम करीब साढ़े छह बजे सराय भूपत रेलवे फाटक के पास कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक मनीष कुमार ने तत्काल एम्बुलेंस से दोनों को सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने राकेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल लवकुश को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया ।राकेश की मौत से घर में कोहराम मच गया। पत्नी अनीता का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के दो पुत्र आलोक, शिवा और एक पुत्री लाडली हैं। राकेश ही परिवार का एकमात्र पालनकर्ता था।

- कार की टक्कर से हुआ हादसा, साथी मजदूर गंभीर रूप से हुआ घायल

**समस्या** गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर हैं ग्रामीण, लोगों ने कहा फैल सकती हैं बीमारियां

# नाली की सफाई न होने से सड़क पर भरा पानी

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** महेवा ब्लॉक की ग्राम पंचायत नवादा खुर्द कला के नगला फतेह गांव में नाली की सफाई न होने से ग्रामीण परेशान हैं। उन्हें सड़क से निकलने के लिये गंदे पानी से होकर आना जान पड़ रहा है । शिव राम सिंह के घर से जाने वाली तीन सौ मीटर लंबी गली की नाली की सफाई काफी समय से नहीं हुई है, जिससे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

नाली का गंदा पानी रास्ते पर बह रहा है। इससे पूरे मोहल्ले में बदबू फैल रही है। गली के निवासियों को मच्छरों और संक्रामक रोगों का खतरा बना हुआ है। बारिश के मौसम में यह स्थिति और बिगड़ने की ग्रामीणों को चिंता सताए जा रही है। नाली से गंदा पानी गांव से बाहर निकालने के लिए बाहर बड़े नाले में मिलता है। यह नाला गंदगी और घास उग जाने से बंद हो गया है।



सड़क पर भरे गंदे पानी से निकलते लोग। अमृत विचार

ग्रामीण जितेंद्र , योगेन्द्र ने बताया कि गंदे पानी के भराव से बच्चों और बुजुर्गों को बीमारी का खतरा है। आकाश , प्रमोद का कहना है कि बदबू के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। मच्छरों की वजह से रात में सोना भी कठिन है। नाली की समस्या पूरे गांव के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर बहते पानी से आवागमन में भी दिक्कत हो रही है।

ग्रामीणों ने जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत जिम्मेदारों एवं जनसुनवाई पोर्टल से भी सरकार को शिकायत दर्ज कराई ।लेकिन अभी तक इस पर कोई भी सुनवाई नहीं हुई । ग्राम पंचायत सचिव सुधीर कुमार से उनके मोबाइल फोन पर कॉल कर जानकारी की तो घन्टी जाती रही फोन रिसीव नहीं हुआ।

इस सम्बंध में एडीओ पंचायत इंद्रपाल सिंह ने बताया कि जानकारी कराकर समस्या का निदान कराया जा रहा है। जल्द ही लोगों को गंदगी से निजात मिल जायेगी।



## एक नजर

### बिधूना में महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिधूना।** अम्बेडकर नगर वार्ड निवासी दिलपी कुमार की पत्नी किरण देवी का गुरुवार को घर में दुप्टे के फंदे पर शव लटकता मिला। इससे घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर क्राइम जितेन्द्र पाल सिंह पुलिस के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किरण के तीन बेटे प्रिंस, देवेश, रितेश और एक पुत्री शीतल है। पति राजमिस्त्री का काम करता है।

### चंबल नदी में जलस्तर बढ़ने से यमुना का बढ़ रहा पानी

**अजीतमल।** कोटा (राजस्थान) बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद चंबल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। चंबल नदी इटावा के भरेह में यमुना नदी में मिलती है। चंबल में पानी बढ़ने से यमुना नदी भी उफान पर आ रही है। तहसील प्रशासन ने यमुना के तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क कर दिया है। बाढ़ से निपटने के लिए राहत चौकी स्थापित की है। क्षेत्र के बडेरा, सिकरोड़ी, गोहानी कला, गोहानी खुर्द, असेबटा, ततारपुर, गूंज, जुहीखा, बीजलपुर और खेरा डंडा गांव बाढ़ से प्रभावित हो सकते हैं।

### जहर निगलने से किसान की थम गईं सांसें

**रुरुगंज।** बिधूना कोतवाली के रुरुगंज पुलिस चौकी के गांव पुरवा गुमानी निवासी किसान मुन्नू दिवाकर ने गुरुवार सुबह रुरुगंज बाजार आए थे, वापस जाते समय वह अपने खेतों पर गए और वही जहरीला पदार्थ निगल लिया। जहरीले पदार्थ के सेवन से उसकी हालत बिगड़ने लगी और मुन्नू पेड़ के नीचे लेटकर तड़पने लगे। पास में बन रहे एक मकान पर काम कर रहे गांव के लोगों ने देखा तो पास पहुचे, तो देखा कि मुह से झाग निकल रही है व पास में जहरीले पदार्थ की पुड़िया पड़ी हुई है, तो स्वजन को बुलाया। परिजन ने गंभीर हालत में मुन्नू को रुरुगंज के एक डॉक्टर के पास ले गए जहां से उसे बिधूना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सको ने उसे तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। तिर्वा ले जाते समय रास्ते मे ही मौत हो गई। परिजन शव को घर वापस ले आए।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**बिधूना।** क्षेत्र के सराय महाजनन में बाइक ने वृद्धा को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई। रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव सराय महाजनन में बाइक सवार ने 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की पहचान लौंगा देवी के रूप में हुई। हादसे में उनकी नातिन रितु पुत्री दीपक नाथ भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल नातिन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस बाइक चालक की तलाश कर रही है।

### झपकी आने से फिसली बाइक, भाई-बहन घायल

**औरैया।** अजीतमल क्षेत्र के ग्राम चैनी का पुरवा निवासी ललित कुमार (22) पुत्र रामकिशोर रनियां कानपुर में वियर फैक्ट्री में काम करता है। वह गुरुवार को दोपहर एक बजे अपनी बहन मनी सिंह (16) को साथ लेकर बाइक से रनियां जा रहा था। हाईवे पर मिहोंली ओवरब्रिज ढलान पर उसे झपकी आ गई, जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में दोनों भाई-बहन रोड पर गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अस्पताल में घायल युवक ने बताया कि वह दो दिन से रात्रि में फैक्ट्री में ड्यूटी कर रहा है। वह बहन को खाना बनाने के लिए गांव से लेकर रनिया जा रहा था, तभी हादसा हो गया। दोनों का इलाज चल रहा है।

### रुरुगंज में बुधवार रात हुई वारदात, पत्नी और भाई ने गांव के चार लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

# किसान की हत्या कर फेंका गया शव

संवाददाता, रुरुगंज (औरैया)


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार


किसान की हत्या पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में किसान की हत्या कर शव फेंक दिया गया। खबर मिलते ही परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। किसान के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों ने चार लोगों पर हत्या शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। परिजन शव का अंतिम संस्कार नहीं कर रहे थे। बाद में पुलिस ने काफी समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं। तलाश चल रही है।

- घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित
- रात करीब 8 बजे से खेत से घर लौट रहा था किसान

रुरुगंज निवासी 40 वर्षीय किसान कमलेश प्रजापति बुधवार रात करीब आठ बजे खेतों में काम करके अपने घर जा रहा था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। इससे परिजन परेशान रहे। इसी बीच कस्बे के पेट्रोल पंप के सामने वाली गली में रात करीब साढ़े नौ बजे किसान तड़पते हुए मिला। परिजनों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे, लेकिन पत्नी के सामने उसने दम तोड़ दिया। शरीर पर चोट के निशान देखते हुए परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी।

इसके बाद कई थानों की पुलिस व क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा सहित घटनास्थल पर पहुंचे और पोस्टमार्टम किए जाने की बात कही, परंतु परिजन हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाने लगे। देर रात करीब तीन बजे परिजन पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए। इस बीच पत्नी कुसुमा देवी व भाई कक्का प्रजापति ने कस्बे के चार लोगों पर हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया। सीओ पी पुनीत मिश्रा ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कई थानों की पुलिस भी पहुंच गई। परिजन पहले कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। इसके बाद कोतवाल मुकेश बाबू चौहान ने परिजन से तहरीर देने की बात कहते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कही। देर रात घटनास्थल पहुची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए थे। गुरुवार शाम 6 बजे परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।


सीओ पी पुनीत मिश्रा ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों को लगाया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## बाइकों की भिड़ंत में रिटायर्ड शिक्षक की चली गई जान

संवाददाता, रुरुगंज

- परिजनों ने नहीं कराया शव का पोस्टमार्टम, पैतृक गांव में किया गया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार।** खेत से घर वापस लौट रहे सेवानिवृत्त शिक्षक की बाइक में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी, जिससे शिक्षक गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उपचार के लिए बिधूना सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।


लाल कृष्ण यादव।

बिधूना कोतवाली के रुरुगंज निवासी 70 वर्षीय लालकृष्ण यादव बुधवार शाम खेत से वापस घर लौट रहे थे, तभी कुदरकोट क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के पास उनकी बाइक की टक्कर से मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया था। दूसरी बाइक पर सवार युवक टक्कर मारने के बाद भाग गया था। बुधवार रात बिधूना व कुदरकोट पुलिस मृतक के घर पहुंचीं थी। बेटे अवनीश यादव व अभिषेक यादव ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था।

गुरुवार सुबह पुलिस निगरानी में लालकृष्ण यादव का अंतिम संस्कार पैतृक गांव नंदपुर में कर दिया गया। पत्नी प्रेमश्री, दोनों पुत्रों व पुत्री ऊषा, गुड़िया और सोनम का रो-रोकर बुरा हाल था। शिक्षक की मौत की सूचना पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उनके आवास पर जुटी रही। पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का, विधायक प्रदीप यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र यादव, लालजी यादव सहित नेताओं व शिक्षक सभा के लोगों एवं अधिवक्ताओं ने घर पहुंचकर शोक संवेदना जताई। कुदरकोट थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि बाइक चालक के बारे में पता लगाया जा रहा है। स्वजनों ने पोस्टमार्टम न कराने की बात कही थी, जिसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## दो लोगों पर लाठी व डंडों से हमला

**फफूंद।** राजापुर में दबंगों ने दुकान पर बैठे दो व्यक्तियों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है।

एक गांव निवासी व्यक्ति एक व्यक्ति के साथ दुकान पर बैठा था, तभी कार और बाइकों से लगभग आधा दर्जन लोग आए और गालीगलौज करने लगे। राजा का पुर्वा निवासी संजीव कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात वह पिता जनवेद सिंह व रेल कॉरिडोर में काम करने वाले नेमपाल के साथ अपनी दुकान पर बैठा था। इसी बीच गांव के जैनू यादव उर्फ नीरज, सोनू यादव पुत्र सुखवीर सिंह, सुखवीर सिंह पुत्र बिहारी सिंह, आकाश यादव पुत्र भूरे यादव उर्फ यदुनाथ सिंह, कृष्णपाल निवासी पाता, विश्वनाथ सिंह पुत्र राधेश्याम, दिनेश प्रताप उर्फ संजय पुत्र राधेश्याम आदि कार और बाइकों से आए और उसके पिता व नेमपाल निवासी बरैनी थाना कुठफतेह जिला मुरादाबाद को गाली-गलौज कर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट कर घायल कर दिया।

## स्विमिंग पूल संचालक व मालिक के साथ मारपीट

संवाददाता, रुरूगंज

- मारपीट के दौरान जंजीर, कैश व मोबाइल लूट का आरोप
- महिलाओं से अभद्रता करने पर संचालक ने किया था एतराज

**अमृत विचार।** इटावा-कन्नौज हाईवे पर कुदरकोट के देव एग्रो फार्म हाउस के स्विमिंग पूल में गुरुवार शाम महिलाओं और बच्चों के बीच पांच दबंग युवक जबरन नहाने की कोशिशि करने लगे। स्विमिंग पूल संचालक ने उन्हें बाहर कर दिया तो नशे में धुत युवक अभद्रता करने लगे। दबंग युवकों ने दुबारा स्विमिंग पूल में धावा बोलकर संचालक और मालिक के साथ मारपीट की। आरोप है कि दबंग जंजीर, नकदी और मोबाइल लूट ले गए।

स्वीमिंग पूल के संचालक पंकज शाक्य ने बताया कि दोपहर बाद करीब 3 बजे कुछ युवक शराब के नशे में पहुंचे। उन्हें महिलाओं के बीच नहाने से रोका गया तो वे झगड़ा करने लगे। पूल कर्मियों ने उन्हें फार्म हाउस से बाहर कर दिया। इसके बाद शाम करीब 5 बजे नशे में धुत सभी युवक अपने कुछ साथियों के साथ दुबारा स्विमिंग पूल में पहुंचे और फार्म हाउस मालिक धर्मेंद्र शाक्य व संचालक पंकज शाक्य के साथ मारपीट करने लगे।

फार्म हाउस संचालक पंकज शाक्य ने बताया मारपीट के दौरान उक्त दबंगो ने गुल्लक में रखे लगभग पांच हजार नकदी, गले मे पड़ी जंजीर व एक फोन लूट लिया। मारपीट के दौरान पंकज शाक्य के सिर पर व धर्मेंद्र शाक्य के शरीर मे गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुची कुदरकोट पुलिस को देखकर दबंगई करने बाले युवक भाग खड़े हुए। पुलिस घायलों को थाना ले गई और उपचार के लिए सीएचसी एरवाकटरा भेजा, जहा गंभीर हालत में चिचौली रिफर कर दिया गया। पुलिस सीसी फुटेज देखकर आरोपितों की पहचान कर रही है। संचालक पंकज शाक्य ने बताया कि एक साथ एक दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडे व धारदार हथियार को लेकर पहुचे थे, जब तक वह कुछ समझ पाते उन पर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि घायलो को उपचार के लिए भेजा गया है, अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सीसी फुटेज देखकर आरोपितों की पहचान की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## किशोरी का अपहरण कर रेप करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, अयाना

- कानपुर देहात जिले के मूढ़ादेव का रहने वाला है आरोपी
- अदालत में पेश होने के बाद न्यायिक हिरासत में गया जेल


पुलिस की गिरफ्त में अपहरण व रेप का आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को अगवा कर दुराचार करने वाले आरोपी को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी कानपुर देहात जनपद का रहने वाला है, जो अपनी बहन की ससुराल आया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

अयाना थानाध्यक्ष अजय कुमार के मुताबिक मुखबिर की सटीक सूचना पर गुरुवार सुबह 9:30 बजे पुलिस टीम के साथ मानपुर मोड़ के पास घेराबंदी कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पकड़ा गया आरोपी कानपुर देहात जनपद के सिकंदरा थाना क्षेत्र के मूढ़ादेव गांव का निवासी अनिल पाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने बुधवार को पुलिस को तहरीर दी थी, जिसमें बताया था कि 23 जून की रात उसकी 15 वर्षीय बेटी घर के बाहर चारपाई डाल कर सो रही थी, जबकि परिजन बरामदे में सो रहे थे।

रात करीब 11 बजे कानपुर देहात जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के मूढ़ादेव गांव निवासी पड़ोसी के साले अनिल ने बेटी को अगवा कर लिया और गांव के बाहर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी के विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी। इसके बाद आरोपी बेटी को मूढ़ादेव ले गया, जहां अपने सूने मकान में बंधक बनाकर बेटी के साथ दोबारा दुष्कर्म किया। खोजबीन होने पर आरोपी की बहन उसकी बेटी को गांव लाई थी। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप


निरीक्षण करते नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता। अमृत विचार

### पालिका के चेयरमैन ने सत्ती तालाब का किया निरीक्षण

**औरैया।** शहर के इटावा रोड स्थित सत्ती तालाब बनवाया जा रहा है। इसके लिए 3 करोड़ 70 लाख रुपये का बजट है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने कराये जा रहे कार्य को देखा। उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द तालाब का कार्य पूरा कराया जाए और उसका सौंदर्यीकरण कराया जाए।


अनंतराम टोल प्लाजा पर अलर्ट पुलिस। अमृत विचार

### इटावा में बवाल के बाद पुलिस अलर्ट, टोल प्लाजा में चेकिंग

**अजीतमल।** इटावा के थाना बकेवर में कथावाचक के खिलाफ दर्ज मुकदमे के बाद हुए बवाल की घटना से पुलिस सतर्क हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के अनंतराम टोल प्लाजा पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। चौकी इंचार्ज अनंतराम सुधीर भारद्वाज और एसआई जमाल शाह के नेतृत्व में पुलिस बल ने टोल प्लाजा पर गश्त की। टीम ने सभी आने-जाने वाले वाहनों की जांच की। इटावा जिले की तरफ जाने वाली गाड़ियों पर विशेष नजर रखी गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ललित त्रिपाठी ने बताया कि एहतियात के तौर पर टोल प्लाजा पर पुलिस को सक्रिय किया गया है। उन्होंने कहा कि सघन चेकिंग अभियान के तहत सभी वाहनों की जांच की जा रही है।


प्रमाण पत्र वितरित करते पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत।

### पूर्व कृषि राज्यमंत्री ने वितरित किए प्रमाण पत्र

**फफूंद।** भाग्यनगर विकासखंड के किसान कल्याण केंद्र पर गुरुवार को एक वर्षीय कृषि डिप्लोमा वितरण का आयोजन किया गया। पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अवधेश सिंह राजावत व उप कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार वर्मा पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ राजपूत ने किया। इस मौके पर कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार वर्मा ने डीलरों को डिप्लोमा का महत्व बताया और कहा कि जिले के सभी डीलर्स किसानों को गुणवत्ता युक्त निवेश ही विक्रय करें, प्रतिबंधित कीटनाशक दुकानों पर ना रखें और ना कालाबाजारी करें। पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती और बॉयो फर्टिलाइज़र के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी हरदेश राजपूत, कृषि रक्षा प्रभारी रतन सिंह, विनोद कुमार, निशांत चौबे, धर्मवीर रहे।

### बेटे-बहू ने बुजुर्ग दंपति को घर से किया बेघर

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के गोविंद नगर मोहल्ला निवासी एक बुजुर्ग दंपति ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मकान पर कब्जा दिलाए जाने की गुहार लगाई है। बुजुर्ग दंपति का कहना है कि उसका बेटा और बहू मकान बेचने का दबाव बना रहे हैं और घर से निकाल दिया है। पहले भी शिकायत के बाद पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न किए जाने से बेटा-बहू मनमानी पर उतारू हैं। कोतवाली क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी बुजुर्ग राम देवी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति गणेश दत्त ने मकान बनवाया था, जिस पर उसका पुत्र व उसकी पत्नी अब जबरन कब्जा कर रहे हैं। आरोप लगाया कि उन लोगों ने उन्हें घर से निकाल दिया है। बताया कि उसके पति सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और बीमार रहते हैं, जिनका कानपुर के डॉक्टर से इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि 11 जून को उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर डीएम ने निस्तारण के निर्देश दिए थे, लेकिन दरोगा ने उसके पुत्र व बहू से मिलकर गलत आख्या लगाकर डीएम को भेज दी। इसकी शिकायत उन्होंने तहसील दिवस में की तो सीओ ने उनके बयान दर्ज किए थे, मगर दरोगा ने दोबारा गलत आख्या लगा दी। अब वह दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरसई वि०खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक :– मेमो/मनरेगा/2025–26 दिनांक : 26.06.2025

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में पुलिया निर्माण कार्य– सैयद बाबा के स्थान में का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्द टेण्डर दिनाँक 27.06.2025 से दिनांक 03.07.2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त टेण्डर दिनाक 03.07.2025 को अपरान्ह 4 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथपत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डरदाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है, आपूर्ति की गई सामग्री में मानक/ गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | 4.0869 टन |
| 2 | लोकल बालू | 3.2140 घन मी0 |
| 3 | सी. सैण्ड | 8.3903 घन मी0 |
| 4 | 40 MM ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 2.8412 घन मी0 |
| 5 | 22 एम.एम. ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 3.7796 घन मी0 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा– 150 | 6470 ईट |
| 7 | 10 MM ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 1.2309 घन मी0 |
| 8 | मिल्ड स्टील | 3.7091 कुन्तल |

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सरसई
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

प्रधान
ग्राम पंचायत सरसई
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)


**कथा शुरू** गोपाल वाटिका में कथावाचक मनोज अवस्थी ने श्रद्धालुओं को कराया श्रीमद् भागवत कथा का रस पान

# शहर में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, औरैया


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के काली माता मंदिर रोड पर स्थित गोपाल वाटिका में श्रीमद भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा परीक्षित आवास तिलकनगर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बैंडबाजों के साथ कथा स्थल पर पहुंची। कथावाचक आचार्य मनोज अवस्थी ने कथा के प्रथम दिन कथा के महत्व के बारे में बताया।

कथावाचक ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। तभी परीक्षित जी की सभा में शुकदेव जी ने कथामृत के बदले में अमृत कलश नहीं लिया। ब्रह्माजी ने सत्यलोक में तराजू बाँध कर जब सब साधनों, व्रत, यज्ञ, ध्यान, तप, मूर्तिपूजा आदि को तोला तो सभी साधन तोल में हल्के पड़ गए और अपने महत्व के कारण भागवत ही सबसे भारी रहा। अपनी लीला समाप्त करके जब श्री भगवान निज धाम को जाने के लिए उद्यत हुए तो सभी भक्त गणों ने प्रार्थना कि हम आपके बिना कैसे रहेंगे।

तब भगवान ने कहा कि वे श्रीमद् भगवत में समाए हैं। यह ग्रन्थ शाश्वत उन्हीं का स्वरुप है। पठन-पाठन व श्रवण से तत्काल मोक्ष देने वाले इस महाग्रंथ को सप्ताह-विधि से श्रवण करने पर यह निश्चय ही भक्ति प्रदान करता है।

इस मौके पर कलश यात्रा के दौरान परीक्षित सुशीला गुप्ता सेठ पत्नी डॉक्टर मोहन गुप्ता सेठ, विकास सेठ, आस्था गुप्ता, निशा गुप्ता, अंशिका गुप्ता, संध्या गुप्ता, दिलीप गुप्ता सेठ, रेनू गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, गहोई वैश्य सेवा समिति अध्यक्ष विष्णु गहोई, श्याम कुमार बरसैंया, राजू बरसैंया, बृजेश बंधु, विचित्र पहल के संस्थापक आनंदनाथ गुप्ता, संजीव रेजा, मुरारी लाल गुप्ता, राधे श्याम गुप्ता, शुभ गुप्ता, आकाश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, मनोज गुप्ता, पिंकू गुप्ता सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एक नजर

### नशा मुक्त भारत अभियान में बनें सहभागी : नितिन

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जनसामान्य से अपील की है कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' व 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' की मुहिम में सहभागी बनकर इस अभियान को गति प्रदान करे। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में तभी सफल होंगे, जब तक हर व्यक्ति इसमें सहयोग नहीं देगा। समाज नशा मुक्त होगा तभी नैतिकता, सामाजिक मूल्यों एवं आदर्श प्रतिमानों के सिद्धांतों के साथ हम पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का सपना साकार कर सकेंगे। आबकारी मंत्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, में मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी विषयक संपन्न कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर विभाग द्वारा 23 जून को संपन्न विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### निजीकरण का मसौदा निरस्त कर गठित हो जांच अथॉरिटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि राज्य विद्युत नियामक नियामक आयोग की ओर से ऊर्जा निगमों के निजीकरण का मसौदा निरस्त कर जांच अथॉरिटी गठित की जाए। परिषद की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आयोग में याचिका दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि निजीकरण के प्रस्ताव पर बड़े पैमाने पर गंभीर वित्तीय अनियमितता व संवैधानिक अनियमिता उजागर हुई है। ऐसे में नियामक आयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 128 के तहत 'इंवेस्टिगेटिंग अथॉरिटी' गठित कर पूरे मसौदे की जांच कराए, जिससे और भी गंभीर वित्तीय अनियमितता का खुलासा हो सके। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन गुपचुप तरीके से टेंडर की प्रक्रिया में आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इस पर आयोग रोक लगाए।

# अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस आज योगी खोलेंगे योजनाओं का पिटारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में आयोजित समारोह में कई परियोजनाओं का होगा उद्घाटन

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश में एमएसएमई इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा प्रयास करने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के मौके पर शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बड़ी घोषणाएं और लोकार्पण करेंगे।

रोजगार, उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने वाली योजनाओं को गति देने वाले इस कार्यक्रम में युवाओं और कारीगरों को विशेष लाभ मिलेगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पारंपरिक उद्योगों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम कई मायनों में विशिष्ट होगा। कार्यक्रम में योगी 'सीएम युवा मोबाइल ऐप' का बटन दबाकर शुरुआत करेंगे। यह युवाओं के लिए रोजगार, परामर्श और उद्यमिता से जुड़ी सुविधाएं प्रदान करने का माध्यम बनेगा। इसी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा। लखनऊ के किसान बाजार में विकसित 'यूथ अड्डा' का भी मुख्यमंत्री योगी द्वारा लोकार्पण किया जाएगा।

# गरीबों को मिलेगी 43,850 हेक्टेयर उपजाऊ जमीन

## शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मंजूर की कार्ययोजना, कृषि निदेशक को भेजी गाइडलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीहड़, बंजर व डूब क्षेत्रों का सुधार कर भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को राजस्व विभाग करेगा आवंटित

**अमृत विचार :** योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 43 हजार 850 हेक्टेयर बीहड़, बंजर व डूब क्षेत्रों की जमीनें उपजाऊ बनाकर गरीबों व भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को देगी। इस कार्य में 113 करोड़ 6 हजार रुपये खर्च होंगे। भूमि का सुधार कृषि विभाग करेगा, जबकि आवंटन का कार्य राजस्व विभाग के जिम्मे है।

इस बाबत पूरी कार्ययोजना मंजूर करते हुए शासन ने कृषि निदेशक को गाइडलाइन भेजी है। बीहड़, बंजर और जलभराव वाली भूमि में



सुधार एवं उसे उर्वर बनाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना वर्ष 2022-23 में शुरू की गई थी। हाल ही राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इसे वर्ष 2026-27 तक विस्तार दिया गया। इस योजना में पांच वर्षों में कुल 602.68 करोड़ रुपये (501.59 करोड़ रुपये राज्य सेक्टर, 51.25 करोड़ रुपये मनरेगा और 49.84 करोड़ रुपये कृषक अंश) से खर्च करके 2 लाख 19 हजार 250 लाख हेक्टेयर समस्याग्रस्त बीहड़/बंजर भूमि सुधार तथा जलभराव क्षेत्र को उर्वर बनाने का लक्ष्य है। योजना में गौतमबुद्ध नगर जिले को छोड़कर राज्य के शेष सभी 74 जिलों में प्रस्तावित हैं।

### अभी यूपी में 24.17 लाख हेक्टेयर भूमि बेकार

यूपी में अभी 24.17 लाख हेक्टेयर भूमि बेकार पड़ी है, जिसे कृषि योग्य बनाया जा सकता है। इसमें खेती के लिए अयोग्य भूमि 4.42 लाख हेक्टेयर, कृष्य बेकार भूमि 3.88 लाख हेक्टेयर और परती भूमि 15.81 लाख हेक्टेयर शामिल है। इसमें से इस साल 35600 हेक्टेयर बीहड़, बंजर भूमि सुधारी जाएगी, जबकि 8250 जलभराव की भूमि होगी।

### भूमि सुधार में खर्च होगी धनराशि

कार्ययोजना के अनुसार इस सत्र में 43 हजार 850 हेक्टेयर भूमि को सुधारने में राज्य सेक्टर से 113 .06 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें कार्यमद से 90.35 करोड़, फसलोत्पादन से 12.46 करोड़ और मनरेगा से 10.25 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### शासन, मंडल और जिला स्तर से होगी निगरानी

पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना की शासन, मंडल और जिला स्तर से निगरानी और समीक्षा होगी। राज्यस्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त और जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है।

# तकनीक के साथ बढ़ रहा नया भारत : योगी

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने गाजियाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का किया शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीईएल की यात्रा को भारत के औद्योगिक पुनरुत्थान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। कहा कि सीईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से ही नया भारत अपनी शक्ति, तकनीक और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।




गाजियाबाद में डाटा सेंटर का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, साथ में अन्य।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में सीईएल की ओर से भारत सरकार को लगभग 21 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक भी भेंट किया गया, जबकि सीईएल और मल्टी इंफ्रा के बीच 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूलर के लिए एमओयू भी हस्तांतरित हुआ।

मुख्यमंत्री ने सीईएल द्वारा रेलवे, रक्षा, अक्षय ऊर्जा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में किए गए नवाचारों की प्रशंसा की। कहा कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल से जुड़े उपकरण भी सीईएल जैसे संस्थानों के सहयोग से ही बन रहे हैं।

### नोएडा में बनेगा देश का पहला क्वांटम यूनिट

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि सीईएल ने 1970 में पहले सोलर सेल को ईजाद किया था। आज 50 साल बाद अब यह ग्रीन डाटा सेंटर भी शुरू करने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए आपका नाम इतिहास में दर्ज हो गया और मुझे खुशी है कि मेरे मंत्रालय के दो संस्थाओं ने भी उसमें अपना योगदान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द हम नोएडा में आईआईटी के अंदर देश का पहला क्वांटम यूनिट स्थापित करेंगे।

# कांवड़ियों को न हो समस्या : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद में अफसरों के साथ विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मुरादनगर से टीला मोड़, कादराबाद बार्डर से गाजियाबाद-दिल्ली बार्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-24 व एनएच-9 पर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वॉच टावर, कांवड़ शिविर, सड़क मरम्मत, मार्ग प्रकाश, सीसीटीवी, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा डिवाइडर कट पर बैरिकेडिंग, खाद्य पदार्थों की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शन, मांस-मदिरा की दुकानों को बंद करने और विद्युत पोलों पर 5 फुट ऊंचाई तक इंसुलेटेड प्लास्टिक शीट लगाने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाओं पर जोर दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मानव रहित रेलवे फाटकों पर प्रबंधन, सामुदायिक शौचालयों और पेट्रोल पंपों पर सफाई, खाद्य सामग्री की नियमित जांच और महिला-पुरुष शौचालयों की पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# 541 केंद्रों पर 2,43,981 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक व सहायक स्तर-।।। मुख्य परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक

**अमृत विचार :** कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा 29 जून को होने वाली सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-।।। मुख्य परीक्षा के सफल और पारदर्शी आयोजन को लेकर जिम्मेदार तंत्र को आवश्यक हिदायत दी है। 541 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने जा रही इस परीक्षा में 2,43,981 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

उन्होंने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देकर शुचितापूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र अधीक्षकों और सहयोगी कर्मियों की समय से ब्रीफिंग सुनिश्चित कराने तथा परीक्षा केंद्रों पर सभी तैयारियां एक दिन पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए।

दीपक कुमार की अध्यक्षता में लोकभवन में की बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, 21 जिलों (आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, मथुरा, सहारनपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, वाराणसी व जौनपुर) के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

**बॉयोमेट्रिक कैप्चरिंग अनिवार्य :** उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री की निकासी के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के लिए एलआईयू व एसटीएफ को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अन्य जिलों से आयेंगे, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए परिवहन, रेलवे व ट्रैफिक आदि विभागों के समन्वय आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाएं।

# डाक टिकट घोटाले में तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई ने ढाई करोड़ रुपये के फर्जी डाक टिकट घोटाले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार देर शाम को टीम ने कार्रवाई की। इस मामले में मुख्य आरोपी उप-पोस्टमास्टर की जांच के दौरान मौत हो चुकी है। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में उप-पोस्टमास्टर के भाई पप्पू सिंह और दो अन्य राजेश कुमार और उसके पिता महेंद्र कुमार शामिल हैं। सीबीआई ने साक्ष्य मिलने के बाद गिरफ्तारी की। बुलंदशहर के लखौटी के एक पूर्व उप-डाकपाल (अब दिवंगत) ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी डाक टिकटों का इस्तेमाल कर पंजीकृत सामानों की बुकिंग की अनुमति दी।

# बैंक में 7.96 करोड़ की हेराफेरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई ने गाजियाबाद में मैनेजर व उसकी पत्नी पर दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू
- बैंक ऑफ बड़ौदा के मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय ने की शिकायत

**अमृत विचार :** सीबीआई की गाजियाबाद टीम ने बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर रोहित दहिया और उनकी पत्नी विजेता मलिक पर 7.96 करोड़ की हेराफेरी की रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई ने यह कार्रवाई मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय की शिकायत पर जांच के बाद की। रोहित के खाते में 305.08 लाख और पत्नी विजेता मलिक के खाते में 491.62 लाख रुपये जमा करने के साक्ष्य मिले। मुरादाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मसवासी टाउन और रहमतगंज शाखा के ग्राहकों के रुपये की मैनेजर ने हेराफेरी की है।

सीबीआई, एसीबी गाजियाबाद का शाखा प्रमुख डीआईजी विजेंद्र कुमार द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, रोहित दहिया बैंक ऑफ बड़ौदा मुरादाबाद की शाखा मसवासी टाउन में 4 अक्टूबर 2021 से 15 अक्टूबर 2023 तक और रहमतगंज में 16 अक्टूबर 2023 से 6 फरवरी 2024 तक शाखा में प्रबंधक तैनात रहे। रोहित दहिया ने दोनों शाखाओं में बैंक ग्राहकों की बगैर अनुमति अस्थायी ओवर ड्राफ्ट लिमिट (टीओडीएस) में हेराफेरी की। टीओडीएस की लिमिट बढ़ाई गई और ऋण स्वीकृत कर नकदी निकाली। करीब 54 बैंक खातों में हेराफेरी कर करोड़ों रुपये अपने और अपनी पत्नी विजेता मलिक के खातों में ट्रांसफर किए गए और नकदी भी निकाली। सीबीआई की जांच में सामने आया कि रोहित ने हेराफेरी कर अपने खाते में 305.59 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिये। वहीं, पत्नी विजेता मलिक के खातों में 491.62 लाख रुपये के लेनदेन के प्रमाण मिले हैं। मसवासी टाउन शाखा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजन और उनकी पत्नी सुनीता के नाम पर 50.26 लाख रुपये का गोल्ड लोन स्वीकृत कर नकद निकाल लिया गया। सीबीआई ने रोहित दहिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले की जांच की जा रही है।

# गुजरात के राष्ट्रीय रक्षा विवि के साथ समझौता

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर राज्यपाल की उपस्थिति में प्रदेश के प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर के बीच विविध शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं अनुसंधान, विविध शोध कार्यों के लिए साझा उपयोग शामिल है।

# शुभांशु के परिजन से मिले अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को अंतरिक्ष यात्रा पर निकले वायुसेना के ग्रुप कैप्टन व भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने उनके माता-पिता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश को उनके बेटे पर गर्व है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ मौजूदा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देंगी।

# ट्रांसजेंडरों को सीएम युवा अभियान से जोड़ने की पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर जिले में दो ट्रांसजेंडर्स को मिलेगा रोजगार
- राशन, आवास और स्वास्थ्य योजनाओं का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** ट्रांसजेंडर्स को सीएम युवा अभियान से जोड़ा जाएगा, जिसके तहत उन्हें कौशल के आधार पर प्रशिक्षण और ऋण सहायता दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार दिया जाए।

योगी सरकार की मंशा है कि समाज में लंबे समय से उपेक्षित रहे ट्रांसजेंडर समुदाय को न केवल गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर मिले, बल्कि वे सम्मान और अधिकार के साथ आत्मनिर्भर बनें। इसी उद्देश्य से समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विभाग को प्रदेश के प्रत्येक जिले में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे यह प्रयास एक जनांदोलन का रूप में आगे बढ़ सके।

### किन्नरों के लिए 100 कल्याण केंद्र बनाने की तैयारी

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बीते दिनों संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश भर में किन्नरों के लिए 100 कल्याण केंद्र स्थापित किए जाएं। इन केंद्रों के माध्यम से इस समुदाय को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ा जाए। योगी सरकार इन केंद्रों के माध्यम से ट्रांसजेंडर्स को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, कुकिंग, सिलाई, कंप्यूटर, सौंदर्यकला आदि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने पर विचार कर रही है।

### सुविधाओं का लाभ देने को होगी जनगणना

योगी सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ सीधे मिले। इसके लिए अलग से जनगणना कराए जाने की भी तैयारी है, जिससे योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कोई बाधा न आए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।


## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति,गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।
4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।
6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।
7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।
8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।
3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।
5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।
7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना




### वर्ग पहेली -13 का हल




## सुडोकू -21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 6 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | 1 | 2 | 4 | |
| | 9 | | | 2 | | | 3 | |
| 9 | | | 7 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| 5 | | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 4 | | | 8 | |
| | 2 | 1 | 9 | 8 | | 7 | | |
| 8 | | 7 | | 3 | | 9 | | |

### सुडोकू - 20 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया-11.19 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 07.22 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है। किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं। किसी को बिना मांगे राय न दें।

**वृष** — आज आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुए मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें। जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। अचानक धन लाभ हो सकता है।

**मिथुन** — आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। पेट खराब होने की सम्भावना है।

**कर्क** — आज पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी।

**सिंह** — आज मानसिक अशांति के कारण एकाग्रता में कमी हो सकती है। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आंख-मूंदकर विश्वास न करें। आपका फोन खराब हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**कन्या** — आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियां मिल सकती है। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की संभावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**तुला** — आज आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। आज बहुत सारा समय आत्ममंथन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापार में कुछ कमी महसूस होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नई ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। अजनबियों से अपने मन की बातें शेयर न करें। गृहकार्यों में पूरा ध्यान नहीं दे पायेंगे। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

**धनु** — आज धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें। ऑनलाइन पेमेन्ट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।

**मकर** — आज नई वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज समाज में आपको मान-सम्मान की चिंता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नई व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिए।

**मीन** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हंसी-मजाक भरा समय बितायेंगे। मानसिक तनाव और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पाचन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार ,धन –सम्पति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते है।

## संपादकीय

# भारत का कड़ा रुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के क़िंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ संयुक्त बयान में आतंकवाद को लेकर पहलगाम हमले का उल्लेख नहीं किया गया और बलूचिस्तान का ज़िक्र शामिल था। इस पर भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह दस्तावेज भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को कमजोर करता है। आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने भारत का पक्ष जिस मजूबती के साथ रखा उसकी सराहना की जानी चाहिए। संयुक्त बयान को खारिज करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते। कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं। भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। मूल रूप से एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की बुराइयों से लड़ना रहा है। इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देश शामिल हैं।

भारत ने इस मंच पर हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मज़बूत रुख अपनाया है और इसे वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा ख़तरा माना है। एससीओ बैठक में भारत ने पहलगाम हमले को संयुक्त बयान में शामिल करने की मांग की ताकि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति बनाई जा सके। लेकिन पाकिस्तान और चीन ने इस मांग को ठुकरा दिया और दस्तावेज में पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया गया। विश्लेषकों के अनुसार पाकिस्तान और चीन आतंकवाद से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। एससीओ जैसे मंचों का उपयोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए होना चाहिए। भारत की मांग को नजरअंदाज करना एससीओ की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। पाकिस्तान व चीन के रवैये पर भारत ने कड़ा रुख अपनाकर दोनों देशों को करारा जवाब दिया है। यह भारत की संप्रभुता और आतंकवाद के ख़िलाफ दृढ़ नीति का प्रतीक है।

# चीन हमेशा चाहेगा कि भारत गैर जरूरी मुद्दों में उलझा रहे


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो "(नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें।

वैश्विक राजनीति में 'एलिफेंट एंड ड्रैगन' टर्म का उपयोग अक्सर क्रमशः भारत और चीन के आपसी संबंधों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है जो न केवल इनके आपसी संबंध बल्कि इनके संबंधों से क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों में इनकी भूमिका की महत्ता को दिखाता है। इसको देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपने अग्रसोची भू राजनैतिक हितों के दृष्टिगत हमेशा विश्व की महाशक्तियों तथा उभरती शक्तियों को ध्यान में रखकर अपनी वैश्विक राजनीति और कूटनीति को अपनाना चाहिए। इसे छोटे छोटे मसले जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश से उलझने के बजाय चीन को सामने रखकर प्लान बनाने चाहिए। भारत से टकराव की स्थिति बनाए रखना पाकिस्तान जैसे देशों के हित में है, क्योंकि यह इसे उसे भारत के समकक्ष आने में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 1986 में पूर्व सेना प्रमुख जनरल कृष्णास्वामी सुंदरजी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि 'भारत के लिए चीन ही असली खतरा है। पाकिस्तान से तो यूं ही चलते फिरते निपटा जा सकता है'। यह वक्तव्य भले ही सैन्य दृष्टिकोण से हो परंतु अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यही सत्य है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है और अब यह उसके स्थिर रहने या नीचे गिरने का समय है। यद्यपि पिछले कुछ दशकों में चीन ने अर्थव्यवस्था सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था इस समय कुछ जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें धीमी वृद्धि, बढ़ता कर्ज, जनसांख्यिकीय बदलाव, पर्यावरण संबंधी चिंताएं, वैश्विक व्यापार तनाव और तकनीकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। वर्ष 2020 में चीनी अर्थव्यवस्था की इस तीव्र प्रगति को देखते हुए अमेरिकी थिंक-टैंक ने भविष्यवाणी की थी कि चीन वर्ष 2030 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है।

स्वाभाविक रूप से चीनी अर्थव्यवस्था के धीमे रहने से भारत के पास यह मौका है कि वह भारत तथा चीन के बीच जीडीपी में अंतर को समाप्त कर विश्व की दूसरी-तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। इसका तात्पर्य है कि उसके सामरिक, राजनैतिक और आर्थिक वैश्विक महाशक्ति बनने का रास्ता खुल जाएगा।

वस्तुतः वर्ष 1990 में चीनी अर्थव्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा बड़ी नहीं थी लेकिन आज चीन की जीडीपी भारत से लगभग 5.46 गुना बड़ी है। चीन ने वर्ष 1978 में और भारत ने वर्ष 1991 में अपने यहां ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन के माध्यम से आर्थिक सुधार शुरू किए, लेकिन दोनों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए अलग अलग रास्तों का चयन किया। चीन ने गुणवत्ता पूर्ण श्रम, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और विश्व स्तर के आधारभूत ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि भारत ने अपने सेवा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम किया। इसीलिए चीन को 'दुनिया का कारखाना' कहा जाता है और भारत को 'दुनिया का बैक ऑफिस' कहा जाता है।

माना जाता है कि यदि अगले 25 वर्षों में वार्षिक औसत वृद्धि 7-7.5 प्रतिशत रहे तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध-पत्र के अनुसार भारत वर्ष 2029 तक दुनिया में जापान की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। देश पहले ही क्रय शक्ति क्षमता के मामले में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

चीन ने हाई-स्पीड रेल नेटवर्क और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है, जिसने शुरू में इसके तेज़ विकास को बढ़ावा दिया था। वस्तुत चीन एक ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो थका हुआ और अस्वस्थ है। तीव्र औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मिट्टी का क्षरण ऐसी प्रमुख समस्याएं हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित कर रही है।

इन सबके पीछे चीन का जनसांख्यिकीय लाभ समाप्त होना एक महत्वपूर्ण कारण है। चीन में वृद्ध होती आबादी के कारण कार्यबल में कमी आ रही है। इतना ही नहीं यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन पेंशन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा पर दबाव डालता है और सार्वजनिक वित्त पर दबाव डाल सकता है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2050 तक चीन में ऐसे आश्रित लोगों की जनसंख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी, जो क्रियाशील लोगों पर निर्भर रहेंगे, जो वर्तमान में 35 प्रतिशत है। इससे चीन और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ेगा। इस मामले में भारत चीन से कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। वर्ष 2050 तक 1.7 बिलियन लोगों की आबादी के साथ भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश होगा। वर्ष 2030 के मध्य में यह अपने चरम पर होगा। इस अवधि में अपने बृहत युवा जनसंख्या का लाभ उठाकर भारत अपनी जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत तक बढ़ाकर चीन को पीछे छोड़ सकता है। लेकिन इस संबंध में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि हालांकि भारत में चीन की तुलना में अधिक युवा श्रमिक हैं, लेकिन उनका शैक्षिक और कौशल स्तर वास्तव में चीनी श्रमिकों की तुलना में कम है। इसके अतिरिक्त आज के साइबर युग में प्रौद्योगिकी श्रम से अधिक महत्वपूर्ण है, और चीन प्रौद्योगिकी इनोवेशन में भारतीयों से बेहतर है।

जान हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रोफ़ेसर स्टीव के अनुसार भारत समस्याओं से दबा हुआ है। ह्यूमन फ्रीडम इंडेक्स में 165 देशों में से भारत 119वें रैंक पर है। क़ानून के शासन के मामले में भारत का रिकॉर्ड दुनिया में सबसे ख़राब देशों में से है। उनका मानना है कि क़ानून के शासन की मज़बूती से पालन के बिना कोई भी देश मज़बूत, निरंतर आर्थिक परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकता है। वैसे इस मामले में चीन की रैंकिंग भारत से भी नीचे है। आलोचकों के अनुसार अगर चीनी अर्थव्यवस्था को इसी स्थिति में रोक दिया जाए और भारतीय अर्थव्यवस्था 7-7.50 प्रतिशत की दर से बढ़ती रही, तो इसकी अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की होगी, यानी आज की चीनी अर्थव्यवस्था को पार करने में भारत को लगभग 25 साल लगेंगे। लेकिन इससे पृथक यदि समग्र रुप से प्रयास करें तो भारत अगले 10 वर्षों में ख़ुद को निर्यात-आधारित विकास के रास्ते पर ला सकता है, जैसा कि चीन कई दशकों से करता आया है।

वस्तुतः यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो" (नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें। लेकिन चीन यह कभी नहीं चाहेगा कि हम ऐसा सोचें भी, इसलिए हमें वह पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश जैसे गैर जरूरी मुद्दों में उलझाए रखना चाहेगा ताकि हम अपने वृहद लक्ष्यों से दूर रहें। इस नजरिए से देखें तो भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध में उलझकर अपना नुकसान करेगा और इससे पाकिस्तान को विश्व स्तर पर तवज्जो मिलने लगेगी, जैसा कि अभी हालिया संघर्ष में हमने देखा है। ऐसा भी माना जाता है कि पहलगाम नरसंहार के पीछे चीनी हाथ था ताकि हम भारत पाक युद्ध में लग जाए और विश्व में यह संदेश जाए कि भारत विदेशी निवेश के लिए उपयुक्त जगह नहीं है, क्योंकि यह कभी भी युद्ध या संघर्ष की स्थिति में चला जाता है और इसका लाभ चीन को मिले। हमें इससे बचने की कोशिश करनी होगी। तो "हाथी चले बाजार कुत्ता भूंके हजार " कहावत को ध्यान रखते हुए भारत अपने रास्ते पर चलते रहे, यही बेहतर विकल्प है।

## प्रसंगवश

# खाड़ी देशों में गए नेपाली युवा खा रहे जेल की हवा

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं।


यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल सरकार इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके युवाओं का अवैध तरीके से विदेशों में प्रवेश कराकर उनका बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि सरकार यह भी मान रही है कि इस अवैध गतिविधि में उसके ही नागरिक शामिल है जो किसी तीसरे देश के मानव तस्करों के हाथ की कठपुतली बन गए हैं।

नेपाल के युवाओं को अवैध रूप से खाड़ी के देशों तक पहुंचाया जाता है जहां वे अवैध गतिविधियों में शामिल होने पर पकड़े जाते हैं और जेल की हवा खा रहे हैं। नेपाल सरकार के ही आंकड़े के अनुसार 544 नेपाली युवा सउदी अरब के जेलों में बंद हैं। चूंकि वहां के नियम कानून इतने सख्त होते हैं कि जेलों में बंद नेपाली युवाओं की रिहाई आसान नहीं है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार करीब चार लाख नेपाली युवा सउदी अरब में रोजगार के सिलसिले में गए हैं। वहीं सउदी अरब स्थिति नेपाली दूतावास के अनुसार वहां भारी संख्या में अवैध तरीके से घुसपैठ के जरिए भी भारी संख्या में नेपाली युवा मौजूद हैं। नेपाली दूतावास के अनुसार हाल ही 3800 अवैध तरीके से नेपाली घुसपैठिए युवाओं को एक्जिट वीजा देकर नेपाल वापस भेजा गया है।

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं। माओवादी नेता प्रचंड ने नेपाली युवाओं को दलालों से बचने की अपील के साथ नेपाल सरकार से युवाओं का पलायन रोकने की मांग करते हुए कहा है कि सरकार अपने ही देश में युवाओं को रोजगार देना सुनिश्चित करे।

माओवादी केंद्र ने एक आंकड़ा जारी करते हुए इस बात पर चिंता जताई है कि सउदी अरब की जेलों में भारी संख्या में नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में जेल की हवा खा रहे हैं। वे कहते हैं कि इनमें तमाम ऐसे हैं जो दलालों के हाथ फंसकर अवैध तरीके से सउदी गए और वहां गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हो गए। नतीजतन अब सजा भुगत रहे हैं।

सऊदी अरब स्थित नेपाली दूतावास के श्रम काउंसलर कविराज उप्रेती के अनुसार, सउदी अरब में जो नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में पकड़े गए हैं उनमें सबसे अधिक 345 लोग शराब बनाने, पीने या सप्लाई करने के आरोपी हैं। 84 लोग मादक पदार्थों की तस्करी में,53 लोग चोरी के मामलों में,12 लोग वेश्यावृत्ति में, 16 लोग तोड़फोड़ में, 15 लोग रिश्वतखोरी में, 4 लोग हत्या के आरोप में तथा 23 लोग अन्य अपराधों में जेल में हैं। इनमें से 341 कैदियों को अदालत द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि 203 मामलों की सुनवाई अभी जारी है।

सऊदी अरब में नियुक्त नेपाली राजदूत नरेश विक्रम धकाल ने नेपाली युवाओं की गिरफ्तारी पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सऊदी में कार्यरत नेपाली नागरिकों को कानून की जानकारी होनी चाहिए और किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नेपाली युवाओं को स्वयं सतर्क और जिम्मेदार बनना होगा। यह बेहद दुखद है कि हमारे नौजवान, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर विदेश जाते हैं, वहां जानकारी की कमी, कभी लालच और कभी गलत संगत में पड़कर क़ानून तोड़ने की राह पर चल पड़ते हैं।

# यह यूरेनियम और तेल का खेल है


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है।

दुनिया के तमाम भू-राजनीतिक तनावों के पीछे एक सच्चाई छुपी है, जो अक्सर अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों से ओझल रह जाती है- यह लड़ाई परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूख इन संसाधनों पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की है, जिसके चलते वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी प्रगति और आर्थिक स्थिरता गंभीर संकट में पड़ सकती है। इस बदलाव का असर भारत जैसे उभरते और ऊर्जा-निर्भर देशों पर दीर्घकालिक होगा, जिसकी रणनीतिक तैयारी अभी से जरूरी है।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने जिन क्षेत्रों में सैन्य दखल, आर्थिक प्रतिबंध और कूटनीतिक हस्तक्षेप की नीति अपनाई है -मसलन, मध्य-पूर्व, अफ्रीका, मध्य एशिया- उन सभी इलाकों में एक समान तत्व मौजूद हैः वहां तेल, गैस, यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों का प्रचुर भंडार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे भी अगर गहराई से देखा जाए तो यूरोप की ऊर्जा निर्भरता को अमेरिका के हितों के अनुरूप मोड़ने की रणनीति दिखती है। रूस को वैश्विक ऊर्जा बाजार से काटने के प्रयास इसी दिशा में हैं। दूसरी ओर, अफ्रीका के सहारा-पट्टियों में अमेरिका और फ्रांस वर्षों से यूरेनियम खनन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दे रहे हैं।

केवल तेल और यूरेनियम ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके 'रेयर अर्थ मिनरल्स' पर भी अमेरिका की नजर है। लिथियम, कोबाल्ट, नियोडियम जैसे दुर्लभ खनिज आज के इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा पैनलों, स्मार्टफोनों और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों में अनिवार्य हो गए हैं। वर्तमान में चीन इस क्षेत्र में सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसकी वैश्विक खनिज सप्लाई चेन पर मजबूत पकड़ है। इसी संतुलन को तोड़ने के लिए अमेरिका अफ्रीकी देशों में दखल बढ़ा रहा है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में इन खनिजों को लेकर एक नया 'कोल्ड वॉर' छिड़ सकता है। यदि अमेरिका तेल उत्पादक देशों में अस्थिरता को और बढ़ाता है-जैसा कि इराक, सीरिया, ईरान और अब मध्य एशिया में देखने को मिल रहा है-तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ेगा। हाल के महीनों में ब्रेंट क्रूड फिर 90 डालर प्रति बैरल के करीब पहुंच चुका है। यदि पश्चिम एशिया या अफ्रीका में कोई बड़ा भू-राजनीतिक संकट खड़ा होता है, तो तेल की कीमत 100-120 डालर प्रति बैरल तक जा सकती है। ऐसे परिदृश्य में भारत जैसे देशों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।

सिर्फ ऊर्जा संकट ही नहीं, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भारत की 'ईवी पॉलिसी' और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को भी गहरा झटका लगेगा। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल वाहनों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा है। यदि कोबाल्ट, लिथियम जैसी सामग्रियों की कीमत बढ़ती है या आपूर्ति में रुकावट आती है, तो यह लक्ष्य हासिल करना कठिन हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर एनर्जी, हाई-टेक उत्पादों में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास रुक सकते हैं। यह संकट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी होगा। भारत की विदेश नीति अब तक 'स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी' यानी स्वतंत्र रणनीतिक संतुलन पर आधारित रही है। लेकिन यदि अमेरिका यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अपने नियंत्रण में लेता है, तो भारत की स्वतंत्र ऊर्जा और तकनीकी रणनीति पर दबाव बढ़ेगा।

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है। भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लानी होगी। सौर, पवन, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देना होगा। तेल और गैस के लिए कम से कम 6-12 महीने का रणनीतिक भंडार तैयार करना चाहिए, ताकि वैश्विक संकट के समय भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रहे। दुर्लभ खनिजों के लिए घरेलू प्रोसेसिंग संयंत्रों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि चीन और अमेरिका पर निर्भरता घटे। इसके अलावा रूस, ईरान, ब्राजील, अफ्रीका जैसे साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा-खनिज आपूर्ति समझौते किए जाने चाहिए। निष्कर्ष के तौर पर यही कहा जा सकता है कि दुनिया के वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों के पीछे असली लड़ाई अब परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि ऊर्जा संसाधनों और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका का यह लालच वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों के आर्थिक और तकनीकी विकास मार्ग पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## सोशल फोरम

# प्रश्न करने की आदत


भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

जब हम अपनी अल्पज्ञता की बात करते हैं तो ज्ञान विमुखता की बात नहीं करते। ज्ञान का अपना आनंद होता है, जैसे पर्यटन का होता है। परंतु यदि हमें कहीं पहुंचना होता है तो पर्यटक की तरह भटकते हुए नहीं चलते, न विश्व के भूगोल को याद करते हैं। सबसे सीधा रास्ता और सबसे सुविधाजनक साधन का चुनाव करते हैं। सही समझ के लिए बहुत अधिक ज्ञान की जरूरत नहीं होती, जरूरी ज्ञान और सही प्रश्न की आवश्यकता होती है। सही प्रश्न ही शिलीभूत मान्यताओं को ध्वस्त करने और समाधान बन जाने में सक्षम होता है। जिस सीमित ज्ञान के बल पर मैंने आर्यों, उनके आक्रमण और संस्कृत भाषा और भारतीय सभ्यता के विषय में स्थापित झूठ को ध्वस्त किया था वह वैदिक भाषा, साहित्य, इतिहास और पुरातत्व के आधिकारिक ज्ञान के बल पर संभव नहीं हुआ था, बल्कि उन प्रश्नों की श्रृंखला के उत्तर तलाशने के क्रम में स्वतः हो गया था। केवल तीन प्रश्न यहां उदाहरण के लिए रखना चाहूंगा। ऋग्वेद में जितनी बार गो का प्रयोग हुआ है, लगभग उतनी ही बार रथों का। फिर ये गो (गाय,बैल आदि) चरवाहों के हैं, या मालवहन करने वालों के? जितनी बार जित (जीतने वाला, पैदा करने वाला) की आवृत्ति है, उससे कई गुना बार भीति, पाहि, त्राहि, अव, रक्ष (डर, प्रारक्षा करो) का आर्तनाद। ये आक्रमणकारी हो सकते हैं या स्वयं लुटेरों और उपद्रवकारियों से आतंकित? यदि संस्कृतभाषी अपनी भाषा और ज्ञान कहीं अन्यत्र से लेकर भारत में किसी रूप में आए थे, जिसका स्तर ग्रीस और रोम के उत्कर्षकाल की भाषाओं और ग्रीक दर्शन से तुलनीय था तो इस स्तर की सभ्यता भारोपीय भूभाग में उनके प्रस्थान लिए कल्पित काल 2000 ईसा पूर्व में कहां थी? फिर वैदिक समाज हड़प्पा सभ्यता का निर्माता हुआ या विनाशक? हमने इन प्रश्नों की ओर आपका ध्यान यह याद दिलाने के लिए आकर्षित किया कि इनमें से कोई प्रश्न ऐसा नहीं, जो अकेले ही पुरानी मान्यताओं को खंडित करने के लिए पर्याप्त न हो। प्रश्न करने की आदत व्यक्ति और समाज को भटकने से बचाती है, वैज्ञानिक बनाती है, और अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने में समर्थ बनाती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# मौत से लड़ते सीवरेज साफ-सफाई कर्मचारी


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ–सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने के बाद भी जब हमारे यहां से सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं, तो विचलित करतीं हैं। दुखद है कि आए दिन हमें मीडिया की सुर्खियों में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले पढ़ने सुनने को मिलते रहते हैं। हमारे देश में सीवरेज की सफाई का काम अक्सर समाज का सबसे कमजोर व गरीब वर्ग करता है, ऐसे में क्या इन वर्गों की चिंता हम सभी को तथा सरकार को नहीं करनी चाहिए, यह प्रश्न अपने आप में एक यक्ष व ज्वलंत प्रश्न है।

जुलाई 2022 में लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। यदि हम यहां पर सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों की बात करें तो इनमें क्रमशः मैनुअल सीवर सफाई (सीवर और सेप्टिक टैंकों में जहरीली गैसों के कारण),सुरक्षा उपकरणों का अभाव (सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना),लापरवाही (ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही),सीवर सफाई के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना, तथा सीवर सफाई के खतरों के बारे में जागरूकता की कमी हैं। बहरहाल, देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था तथा इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं।

आज हम एआई चैटबाट (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आधुनिक युग में जी रहे हैं। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक उपलब्ध है, लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों, तकनीक और सुरक्षा उपकरणों की कमी है। शायद यही वजह है कि मजदूर इन जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सीवरेज की सफाई करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि हमारे देश में आज मैनुअल सीवर की सफाई पर कानूनन प्रतिबंध है। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है तो उनको 27 दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है, लेकिन इन दिशा-निर्देशों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और मजदूरों को सीधा मौत में उतार दिया जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अगर कोई व्यक्ति या एजेंसी एमएस अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन तो इस उसे अधिनियम की धारा 8 के तहत दो साल तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ-सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। फिर भी यदि किसी कारणवश इन सीवरेज की साफ-सफाई के लिए मजदूरों को इनमें उतरना ही पड़ता है तो सीवर सफाई के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सीवर में उतरने वाले व्यक्तियों को गैस डिटेक्टर, सुरक्षात्मक कपड़े (जैसे कि दस्ताने, जूते, और सुरक्षात्मक सूट), और श्वसन उपकरण (जैसे कि गैस मास्क या एयर-सप्लाई रेस्पिरेटर) का उपयोग करना चाहिए। उचित प्रशिक्षण तो जरूरी है। सीवर को साफ करने से पहले, उसका अच्छी तरह से निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सुरक्षित रूप से साफ किया जा सकता है। जेटिंग मशीन, स्नेकिंग उपकरण (जो सीवर में एक धातु की छड़ डालकर रुकावटों को तोड़ता है), तथा अन्य आधुनिक मशीनों जैसे कि रोबोटिक उपकणों आदि का प्रयोग किया जाना बहुत ही जरूरी है। इसके साथ ही किसी भी सीवर को साफ करने के बाद, उसे ठीक से बंद करना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सीवर में काम करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करना बहुत आवश्यक है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2023 में केंद्र और राज्यों को उचित उपाय करने, नीतियां बनाने और निर्देश जारी करने का निर्देश दिया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मैनुअल सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। इतना ही नहीं, उस समय न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से सीवर की सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने को भी कहा था। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि हम सीवर में साफ-सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर चिन्तन-मनन करें और इस दिशा में आवश्यक और जरूरी कदम उठाएं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# किसान की हत्या करने में आजीवन कारावास

## बिवांर थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव में 10 साल पहले हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



● खेत में पानी लगाने के बहाने घर से बुलाकर ले गया था

● अदालत ने हत्यारे पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

**चार आरोपी कोर्ट से बरी**

● पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए विनोद वर्मा के साथ सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए विनोद वर्मा को हत्या का दोषी पाया, जबकि चार आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद आरोपी संतराम, सुशील, रविंद्र और जसवंत वर्मा बरी हो गए हैं।

**अमृत विचार।** करीब 10 साल पुराने हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय प्रहलाद सिंह ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने हत्या में दोषी करार अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि बिवांर थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव की रहने वाली रानी देवी ने 28 नवंबर 2014 को पुलिस को तहरीर दी थी। उसने तहरीर में बताया था कि 27 नवंबर की रात करीब साढ़े 11 बजे उसके पति रामरतन वर्मा खाना खाकर घर में सो रहे थे। तभी उसके गांव का ही विनोद वर्मा उसके घर आया और दरवाजा खटखटाया। आवाज जानी-पहचानी होने पर उसने दरवाजा खोल दिया। विनोद ने उसके पति को जगाया और कहा कि खेत में पानी लगाने चलना है।

एकबारगी उसके पति ने खेत जाने से इंकार कर दिया, लेकिन विनोद वर्मा ने तर्क दिया कि खेत में पानी छोड़कर चले आएंगे। इसके बाद वह दबाव डालकर उन्हें पानी लगाने के बहाने से लेकर चला गया। जब दो घंटे तक उसके पति लौटकर घर नहीं आए तो उसने अपने देवर महेश्वरीदीन और जेठ ओमप्रकाश को जगाकर सारी बात बताई। उसके देवर और जेठ ने कहा कि विनोद वर्मा तो उन लोगों का दुश्मन है, उसके साथ नहीं जाना चाहिए था।

दूसरे दिन सुबह गांव के ही हरीचरन प्रजापति ने सूचना दी कि रामरतन का शव बद्री तिवारी के खेत पर पड़ा है। परिवार के सभी लोग दौड़ते-भागते वहां पहुंचे, हत्या युक्त शव पड़ा मिला। सूचना पर आई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और तहरीर के आधार पर विनोद वर्मा, संतराम, सुशील, रविंद्र और जसवंत वर्मा के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने विवेचना पूरी करने के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए हत्या के दोषी विनोद वर्मा को उम्रकैद की सजा सुनाई है और 10 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

## ट्रक मालिक सहित 7 के खिलाफ केस

**सुमेरपुर।** 23 जून की रात अवैध असलहों के दम पर जेके सीमेंट से जबरन ट्रक ले जाने के मामले में पुलिस ने ट्रक मालिक सहित सात अज्ञात साथियों के खिलाफ फैक्ट्री के सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

22 जून को जेके सीमेंट फैक्ट्री में ट्रक संख्या यूपी-95 टी 4261 सीमेंट लादने आया था। संदेह होने पर सुरक्षा कर्मियों ने ट्रक की सघन जांच की तो नंबर प्लेट फर्जी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने ट्रक को कंपनी के यार्ड में खड़ा करा दिया। चालक ने ट्रक मालिक को सूचना दी। ट्रक मालिक ने रात में ही ट्रक को छुड़ाने के लिए फैक्ट्री कर्मियों को फोन पर धमकाया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद ट्रक मालिक सुमित गुप्ता 7 अज्ञात साथियों के साथ 23 जून की रात 10 बजे फैक्ट्री पहुंचा और अवैध असलहों के दम पर सुरक्षा कर्मियों को धमकाते हुए जबरन ट्रक लेकर गेट तोड़ता हुआ चला गया। फैक्ट्री के सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने 24 जून को पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा से शिकायत की थी। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने 25 जून की देर रात ट्रक मालिक सुमित गुप्ता और उसके सात अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



उर्स के मौके पर लंगर छकते अकीदतमंद। अमृत विचार

## पठान शाह की चादरपोशी के लिए उमड़े अकीदतमंद

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे सहित क्षेत्र के हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक प्रसिद्ध सूफी संत हजरत पठान शाह बाबा के तीन दिवसीय उर्स में बुधवार की शाम तेज बारिश के बीच चादरपोशी की गई जिसमें अकीदतमंदों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। जबकि गुरुवार को दोपहर में लंगर का इंतजाम किया गया। जिसमें हजारों अकीदतमंदों ने बाबा का लंगर खाया।

कस्बे के इलाही तालाब खिन्नी घाट स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत पठान शाह बाबा का सालाना उर्स हर साल की तरह इस साल भी निश्चित तिथि 25, 26, 27 जून को धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें बुधवार की शाम धूमधाम से डीजे और घोड़ों के साथ कव्वालियों की धुन पर चादर निकाली गई। जो देर रात तक मजार पर पहुंची। इस दौरान जगह जगह भारी लंगर और शीतल पेय का इंतजाम किया गया था। जबकि गुरुवार की सुबह मजार पर कुरआन ख्वानी और दिन में एक बजे से फातहा और लंगर का कार्यक्रम किया गया। जिसमें हजारों हिंदू मुस्लिम समुदाय के बाबा पर आस्था रखने वालों ने लंगर खाया। उर्स कमेटी ने अधिक से अधिक लोगों से उर्स के सभी प्रोग्रामों में हिस्सा लेने की अपील की है।

इस दौरान मुशीर, लाडले, सलीम बाबा, बाबू, कमरुद्दीन बच्चा जी, मुईनुद्दीन पूर्व सभासद, बिल्ला भाई, अनवर भाई, राजू महतो सहित मोहल्ले और कस्बे के युवाओं ने जमकर सहयोग किया।

## बेतवा नदी में नहाते वक्त डूबने से बालक की मौत

संवाददाता, कुरारा

● पड़ोसी बच्चों के साथ बेतवा नदी नहाने गया था बालक

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में बेतवा नदी नहाने गए दस वर्षीय बालक पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन नदी में किशोर को तलाश कर आनन फानन कस्बे की सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के बेरी गांव निवासी सत्यम (10) पुत्र देवकरण बृहस्पतिवार को करीब 2:00 बजे अपने पड़ोस के तीन किशोरों के साथ बेतवा नदी नहाने गया था। जहां नहाते समय वह नदी के गहरे पानी में चला गया और डूब गया। तभी साथी किशोरों ने शोर मचाया, जिससे नदी में मछलियों का शिकार कर रहे दुर्गा प्रसाद उसकी तलाश करने लगा। साथ ही किशोरों ने सत्यम के परिजनों को घटना की सूचना दी।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने काफी खोजबीन करने के बाद करीब एक घंटे बाद उसे गहरे पानी से ढूंढ निकाला। परिजन आनन फानन उसे लेकर कस्बे की सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## नदियों के जीर्णोद्धार को जनांदोलन की जरूरत

संवाददाता, मौदहा




सेमिनार को संबोधित करते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

● 'एक जनपद-एक नदी' की तर्ज पर किया जाएगा चंद्रावल नदी का कायाकल्प


**अमृत विचार।** कस्बे के ब्लाक सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक सेमिनार आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आवाहन पर नदियों के जीर्णोद्धार के लिए जन आंदोलन चलाने की जरूरत है। प्रकृति ने हमें जल रूपी निःशुल्क उपहार संसाधन के रूप में दिया है। इसलिए हमें जल संसाधनों को सहेज कर बचाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र का यह सौभाग्य है कि, एक नदी एक जनपद में ब्लाक के गांवों की पहचान चंद्रावल से नदी है। इस पर हम सभी एक साथ मिलकर जन आंदोलन चला कर जल संरक्षण और चंद्रावल नदी के जीर्णोद्धार पर काम करने की जरूरत है। एक जनपद एक नदी अभियान में जनपद के क्षेत्र की चंद्रावल नदी के कायाकल्प को जलोदय जल अभियान में गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में को लेकर नदी में जमा सिल्ट, बिलायती बबूल से ढकी नदी को साफ़ करके उसको मूल रूप में लाया जाय आज से चार दशक पहले नदी की अलग पहचान होती थीं। चंद्रावल नदी में सफाई अभियान दो जुलाई से सात जुलाई तक़ चलेगा इसके बाद नदी किनारे बृहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा।

जन सहयोग में नदी सफाई के लिए चलने वाले पांच दिवसीय अभियान में जिला पंचायत सदस्य विपिन पाण्डेय ने एक जेसीबी से काम कराने को कहा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर, ब्लाक प्रमुख मौदहा लालाराम निषाद, डीसी मनरेगा, नायब तहसीलदार, एपीओ मनरेगा रूद्र सिंह, सचिव प्रियंका, बीपी सिंह, शिवमूरत, नीरज पटेल, प्रधान रामभरोसे सहित क्षेत्र के सभी प्रधान व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विलय के आदेश से शिक्षकों में पनपा रोष

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

● शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर आदेश वापस लेने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** शिक्षक संघ ने विद्यालयों में 50 से कम संख्या में विलय का आदेश वापस लेने और विद्यालय समय को जुलाई माह में लागू करने की मांग को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन एडीएम विजय शंकर तिवारी को सौंपा है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 6 से 14 साल के बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की गारंटी प्रदान करता है। शासन कहीं 50 तो कहीं 20 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों का विलय समीप के दूसरे विद्यालयों में करने का आदेश पारित किया है।बताया कि प्रत्येक मजरे में प्राथमिक विद्यालय और 2 KM की दूरी पर उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की गई है। प्राथमिक विद्यालयों में गरीब मजदूर एवं किसानों के बच्चे पढ़ते है। विद्यालयों को बंद करने से गरीब परिवार के बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कई गाँव विद्यालय विहीन हो जायेंगे। विद्यालयों को मर्ज करने से प्रदेश के लगभग 1 लाख 35 हजार सहायक शिक्षकों के पद तथा 27 हजार प्रधानाध्यापकों के पद एक साथ समाप्त हो जायेंगे। धीरे धीरे बेशिक शिक्षक संवर्ग मृत संवर्ग की ओर अग्रसर होगा। इसके अलावा उन्होंने भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते एक जुलाई से विद्यालय का समय 7:45 से 12:30 तक ही रखने का आदेश लागू करने एवं 50 से कम संख्या में विलय का आदेश वापस लेने की मांग की है। इस दौरान संतराम वर्मा, अरविन्द सिंह यादव, अमित कुमार त्रिपाठी सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

## ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

● 18 अप्रैल 2024 को फत्तेपुर में हुई थी शादी, पति भी आरोपी

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुढ़ा निवासी रागिनी पुत्री बीरबल ने पुलिस में तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2024 को कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी जितेन्द्र सिंह यादव पुत्र जयनारायण सिंह यादव के साथ हुई थी।

पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था लेकिन सास विमला, ससुर जयनारायण, पति जितेन्द्र, जेठ अनिल सिंह यादव व जेठानी अभिलाषा दहेज को लेकर संतुष्ट नहीं थे। एक चार पहिया गाड़ी बोलेरो गाड़ी व एक सोने की चैन की मांग करते हुए मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करते हुए गाली गलौज कर अपमानित किया। साथ ही जबरदस्ती मारपीट कर एक कोरे कागज में अपनी मनमानी लिखवा लिया और दिसम्बर 2024 को रात 9 बजे गाली गलौज कर जान से मार देने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पिता को पूरे घटनाक्रम की जानकारी फोन पर दी। जिस पर पिता अपने साथ गांव गुढ़ा लेकर आ गए हैं। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति, ससुर, सास, जेठ और जेठानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मॉक ड्रिल** | जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बाढ़ के दौरान बचाव व राहत कार्यों का किया गया प्रदर्शन

## बाढ़ नियंत्रण के लिए सरकारी मशीनरी का पूर्वाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



यमुना नदी में मॉक ड्रिल करते एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जवान। अमृत विचार



बाढ़ के दौरान बचाव का अभ्यास करते राहतकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में संभावित बाढ़ की आपदा के प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित राहत-बचाव कार्यों के लिए एडीएम विजय शंकर तिवारी एवं एएसपी मनोज कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) एवं राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमों के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास के माध्यम से बाढ़ पूर्व, दौरान एवं पश्चात की परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता का मूल्यांकन किया गया।

मॉक ड्रिल के अंतर्गत केसरिया का डेरा में मुनादी कर ग्रामीणों की सुरक्षित निकासी, बेतवा तटबंध पर डूबते व्यक्ति के रेस्क्यू, नाव पलटने की स्थिति में बचाव कार्य, सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा परिसर में राहत शिविर, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, राहत सामग्री वितरण, बाढ़ विद्यालय एवं स्टेजिंग एरिया के संचालन की कार्यवाही प्रदर्शित की गई।

इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा पूर्व में की गई तैयारियों का मूल्यांकन भी किया गया और भविष्य की रणनीतियों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ व एसडीआरएफ कर्मियों ने बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने, प्राथमिक उपचार देने, नाव संचालन एवं आपदा संचार प्रणाली के प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण अभ्यास किए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुकर्मा विश्वकर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर, अग्निशमन अधिकारी, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृषि यंत्रों की बुकिंग आज से होगी शुरू

**हमीरपुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉस रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कृषि यंत्र, अवशेष प्रबंधन के कृषि यंत्र एवं कल्टीवेटर, हैरो, पावर चैफ कटर रोटावेटर, हार्वेस्टर, स्ट्रॉ रीपर, फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेन्टर, पैकिंग मशीन, मेज सेलर, स्माल गोदाम, आयल मिल इत्यादि यंत्रों की बुकिंग विभागीय पोर्टल से 27 जून को दोपहर 12 बजे से 12 जुलाई तक की जाएगी। कृषि यंत्रों की बुकिंग दर्शन पोर्टल-0.2 www.agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन की जाएगी। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति ई-लाटरी के माध्यम से विकासखंडवार लाभार्थी का चयन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### मशीन में खराबी से सुमेरपुर फीडर की बिजली ठप

**सुमेरपुर।** विद्युत वितरण सब स्टेशन में कस्बे के फीडर की मशीन में तकनीकी खराबी आने से आपूर्ति ठप हो गई। 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन में कस्बे के फीडर की मशीन में खराबी आने से शाम करीब 3 :00 बजे कस्बे की आपूर्ति ठप हो गई। इससे कस्बे के लोग उमस भरी गर्मी में परेशान रहे। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया की मरम्मत कार्य जारी है। जल्द ही आपूर्ति शुरू होगी।

### 'बहार से कहो भरे बसंत के जाम'

**सुमेरपुर।** कलार्पण भारत संस्था के स्थापना दिवस पर जिलाध्यक्ष शिवकरण सिंह की अध्यक्षता में परनामी आवास पर काव्य गोष्ठी हुई। कवि हरीराम गुप्ता निरपेक्ष ने सरस्वती वंदना के पश्चात पढ़ा आप ख्यालों में आना बंद करें, रतजगा अब किया नहीं जाता। लखनलाल जोशी ललित ने पढ़ा तुम दीप शिखा बन जलो कि जितना जलता हुआ दिया है, जिसने अपने बल पर तम से लड़ना सीख लिया है। नारायण प्रसाद रसिक ने पढ़ा हर समस्या का समाधान छिपा होता है, बेईमानों में भी कहीं ईमान छिपा होता है। मुन्नीलाल अवस्थी अजेय ने पढ़ा अभिशापों की धरती पर वरदान उगाने होंगे, जो अंगार विषमता के उन्हें बुझाने होंगे। कमलेश सिंह गौर ने पढ़ा फलक का हुक्म छोड़ो महार के काम, बहार से कहो भरे बसंत के जाम। गणेश सिंह विद्यार्थी ने पढ़ा मन की चाह अधूरी रह गई नीरद लौटे बरसात लिए, कृषक गले फांसी का फंदा सरकार खड़ी खैरात लिए। इसी प्रकार नीतिराज सिंह, शिवकरण सिंह सरस, कमल किशोर कमल ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। संचालक कैलाश प्रसाद सोनी मृदुल ने पढ़ा कविता कवि की करुण कसक है पीड़ा है अंतर्मन की, विकल वेदना है जीवन के आह भरे विह्वल तन की। शिक्षक वीरेंद्र परनामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



खुली बैठक में भाग लेते किसान। अमृत विचार

### कृषि फार्म की 1.67 लाख रुपये में नीलामी

**सुमेरपुर।** जूनियर हाईस्कूल बिदोखर में कृषि फार्म की नीलामी गुरुवार को खुली बैठक में की गई नीलामी में पांच किसानों ने हिस्सा लेकर बोली लगाई। आखिरी बोली एक लाख 67 हजार की लगाई गई। ग्राम बिदोखर के जूनियर हाई स्कूल में करीब 25 बीघा कृषि योग्य जमीन लगी है। इसको कृषि फार्म के रूप में जाना जाता है। इस भूमि की प्रतिवर्ष एक वर्ष के लिए खुली बैठक में नीलामी होती है। गुरुवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय नारायण मिश्रा ने विद्यालय प्रांगण में खुली बैठक करके नीलामी की प्रक्रिया संपन्न कराई। इस नीलामी में पांच किसानों ने प्रतिभाग किया। नीलामी की धनराशि एक लाख 52 हजार तय की गयी। इसके बाद हुई बोली में सर्वाधिक बोली बिदोखर पुरई निवासी घसीटा प्रसाद गुप्ता ने लगाई। इसके बाद निश्चित धनराशि जमा करने के बाद खेत एक वर्ष के लिए घसीटा प्रसाद को देने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। बैठक में ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति, पूर्व प्रधान चंद्रप्रकाश यादव, अशोक दीक्षित, रामखिलावन विश्वकर्मा, महेश कुमार, रज्जाब अली आदि ग्रामीण शामिल रहे।



महिला रिक्रूट आरक्षियों से जानकारी लेतीं एसपी डॉ .दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

### एसपी ने रिक्रूट के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** पुलिस लाइन में चल रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण व्यवस्था का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती में चयनित रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस लाइन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ .दीक्षा शर्मा ने प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त रिक्रूट आरक्षी निर्धारित समय पर पूर्ण अनुशासन एवं निर्धारित ड्रेस में प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। कहा कि प्रशिक्षण व्यवस्था पूर्णत: सुरक्षित, व्यवस्थित एवं प्रभावी हो। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे प्रशिक्षण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो एवं रिक्रूट आरक्षी आत्मविश्वास के साथ अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करें।




कूड़ा गाड़ी को स्वयं चलाते चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे। अमृत विचार

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने खुद संभाली गाड़ी की स्टेयरिंग

**सुमेरपुर।** गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष ने कूड़ा गाड़ी की स्टेयरिंग खुद संभाली और कस्बे की गलियों में पहुंचकर घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र किया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि कूड़ा खुले में मत फेकें। कूड़ा गाड़ी में ही डालें। जगह-जगह कूड़ा घरों के बाहर फेंके जाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने कूड़ा गाड़ी की स्टेयरिंग खुद संभाली और गाड़ी लेकर वार्डों में पहुंचे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि कूड़ा आम रास्ते पर नहीं, बल्कि गाड़ी आने पर ही डालें। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था, इसीलिए वह खुद कूड़ा गाड़ी चलाकर वार्डों में गए थे।

### मौदहा में चहली से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

**मौदहा।** कस्बे में भवन निर्माण कर रहा राजमिस्त्री चहली से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। सिजनौड़ा निवासी वरदानी (50) राजमिस्त्री का काम करता था। गुरुवार को नगर में एक मकान में काम करते चहली से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद बच्चा साहू ने मजदूरों की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बच्चा साहू व अन्य लोग वहां से नदारद हो गए। अस्पताल से कोतवाली घटना की सूचना भेजी गई। कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इनकार किया है। बताते हैं कि राजमिस्त्री एक हत्या के मामले में जेल में बंद था। अभी दो माह पूर्व जमानत पर छूटा था।

### महिला से छेड़खानी, शोर मचाने पर बाइक छोड़ भागा

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में भैंसों को चारा खिला रही महिला के साथ एक युवक ने अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ कर दी। महिला के शोर मचाने पर आरोपी युवक अपनी बाइक छोड़कर भाग निकला। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि बुधवार की शाम करीब 5 :30 बजे वह अपने खेत में बने मकान में भैंसों को चारा खिला रही थी। तभी उसी दौरान एक अज्ञात युवक ने उसे पीछे दबोच लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी युवक अपनी बाइक छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

# 5 चिकित्सा अधीक्षकों का वेतन रोकने का फरमान

## जननी सुरक्षा योजना की खराब प्रगति पर डीएम का रुख सख्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा



समीक्षा बैठक में निर्देश देतीं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज। अमृत विचार

- पंचायती राज विभाग और नगर निकाय को खामियां दूर करने के सख्त निर्देश
- जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों के कसे पेंच

**अमृत विचार।** जिले में दो चरणों में चलाए जाने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल आयोजन के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा की। पंचायती राज विभाग और नगर निकाय को कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में पशुपालन विभाग एवं कृषि विभाग को माइकोप्लॉन के तहत क्षेत्र में कार्य करने एवं ग्रामवासियों को संवेदीकरण करने के लिए आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण की प्रगति बढ़ाने के लिए एडीओ पंचायत, खंड विकास अधिकारी बुधवार और शनिवार को आयोजित होने वाले कम से कम दो टीकाकरण सत्र एवं चिकित्सा अधीक्षक कम से कम पांच टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षकों को घर-घर अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने आरपीएस कार्यक्रम और जननी सुरक्षा योजना में खराब प्रगति पाए जाने पर चिकित्सा अधीक्षक कबरई, चरखारी, कुलपहाड़, जैतपुर, पनवाड़ी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने संचारी रोगों से बचाव के बारे में आम जनमानस को जागरुक करने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशाराम ने बताया कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान का आयोजन किया जाएगा। यूनिसेफ के जिला समन्वयक सरफराज खान ने अभियान से सम्बन्धित गतिविधियों के विषय में जानकारी के बारे में चर्चा की।


हादसे में युवक की मौत पर अस्पताल पहुंचे परिजन। अमृत विचार

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बगवाखेड़ा के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जवान बेटे की मौत से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

बांदा कोतवाली के ग्राम अरबई गुरेह निवासी बुद्धविलाश 28 पुत्र राजूपाल बाइक से अरबई गुरेह गांव बुधवार की रात को जा रहा था, तभी गांव से दो सौ मीद्यटर पहले सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल महोबा पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने युवक का चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

दुर्घटना के बाद अंधेरे का फायदा उठाते हुए अज्ञात वाहन चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस वाहन चालक की तलाश मे जुट गई है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नही लगा सकी है। उधर खबर मिलने पर पहुंचे मृतक के परिजन अस्पताल में बेटे का शव देखकर पछाड़े खाने लगे। दुर्घटना में बुद्धविलाश की मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

# 15 फीट गहरे पानी में उतरने से एसडीआरएफ टीम हताश

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- पानी ठंडा होने से गड्ढे की तलहटी नहीं जा रही टीम

**अमृत विचार।** पहाड़ में 15 फीट गहरे तालाब नुमा पानी अधिक ठंडा है। ऐसे में एसडीआरएफ हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। घटना के 50 घंटे बीतने के बाद डूबे मजदूर का कोई पता नहीं चल पा रहा है। फिलहाल मौके पर एसडीआरएफ की टीम व मझगवां पुलिस खोजने का प्रयास करती दिख रही है।

मझगवां थाने के खड़ाखर गांव निवासी संतोष रैकवार (45) पुत्र लालदास बीते मंगलवार की सुबह करीब 11 टूंका में स्थित सिद्ध बाबा बजरंगबली के मंदिर के पास स्थित पहाड़िया पर गया था। वहां पहाड़ की खुदाई होने पर भरे पानी में नहाने गया था। मौके पर गांव के भी तीन लोग मौजूद थे। जब युवक बाहर नहीं निकला तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

दमकल कर्मियों की टीम युवक की खोजबीन में लगी हैं, लेकिन उसे खोज नहीं सकी हैं। बुधवार को लखनऊ से आई एसडीआरएफ की टीम भी युवक को सुबह से खोजती रही। 50 घंटे से अधिक बीतने के बाद उसका पता नहीं चला है। मझगवां प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि टीम लगातार डूबे हुए युवक की तलाश कर रही है।

# अफसरों ने की ताजियादारों के साथ बैठक

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** इस्लामी नये साल के साथ शुरू होने वाले महीने मोहर्रम में दस दिन अलग अलग तारीखों में चलने वाले आयोजनों को लेकर एडीएम विजय शंकर तिवारी व एएसपी मनोज गुप्ता ने कस्बे सहित क्षेत्र के ताजियादारों के साथ बैठक की।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने अलग अलग तारीखों में निकलने वाले जुलूसों और अलाव के आयोजकों से बातचीत कर उनसे गहन विचार किया और उनकी समस्याओं पर बात की। एएसपी ने ताजियादारों से अपने समाज के लोगों के साथ एक बैठक कर आपसी भाईचारे और परम्परागत तरीक़े से मोहर्रम मनाने की बात कही। जबकि सोशल मीडिया पर फैलने वाले भ्रामक संदेशों से बचने और हथियारों जैसे तलवार झुरी आदि का प्रदर्शन नहीं करने की बात कही।


ताजिएदारों के साथ बैठक करते एडीएम और एएसपी। अमृत विचार

एडीएम ने सभी को भाईचारे के साथ मोहर्रम मनाने की बात कही। इस दौरान उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, जेई बिजली विभाग राजूप्रसाद, जेई नगर पालिका तोताराम सहित राजस्व विभाग के लेखपाल और सभी गांवों सहित कस्बे के ताजिया दार मौजूद रहे।


कथा सुनाते कथावाचक।


पंगत में बैठकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# सत्कर्म से खुलता मोक्ष का द्वार

संवाददाता, जैतपुर

- कथा के समापन पर भंडारे का प्रसाद खाने जुटे श्रद्धालु

**अमृत विचार।** कस्बे की गल्ला मंडी प्रांगण में एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का गुरूवार को धार्मिक आस्था के साथ समापन किया गया। कथा के समापन अवसर पर कथा व्यास ने हवन यज्ञ किए जाने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के संचार के अलावा भागवत कथा की महिमा पर प्रकाश डाला।

समापन अवसर पर विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की कामना के लिए हवन किया गया। इसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। भागवत कथा के अंतिम दिन भारी संख्या में लोग पहुंचे। गल्ला मंडी में श्रीमद भागवत कथा के समापन अवसर पर संकट मोचन सरकार के पीठाधीश्वर सोनू महाराज ने कहा कि भक्ति मार्ग ही आत्मा को जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति दिला सकता है। सत्कर्म और श्रद्धा से ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ से न केवल वायुमंडल शुद्ध होता है, बल्कि इससे आत्मिक बल भी प्राप्त होता है, जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कथा वाचक ने कहा कि कथा श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है और यह न केवल भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को जन्म देती है, बल्कि पापों का अंत कर पुण्य की प्राप्ति भी कराती है। विचारों में आया बदलाव आचरण में स्वयं परिवर्तन ले आता है। भंडारे में सीता दीपक साहू, कामता गुप्ता, मोहित रावत, बृजेंद्र गुप्ता, नीलू गुप्ता, अखिलेश द्विवेदी, नंदू व कैप्टन माहुर ने प्रसाद वितरित किया। इस धार्मिक आयोजन में गौरीशंकर साहू, गजेंद्र अग्रवाल, धर्मेन्द्र साहू, शैलेन्द्र सुल्लेरे सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीएम के नाम बनाई फर्जी आईडी, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- फर्जी फेसबुक अकाउंट मामले की जांच-पड़ताल में जुटी साइबर थाने की पुलिस

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया में डीएम की फर्जी आईडी बनाने का मामला सामने आया है। फेसबुक अकाउंट की जानकारी होने पर डीएम गजल भारद्वाज ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। साइबर क्राइम थाने की पुलिस फर्जी आईडी बनाने वालों की तलाश में जुट गई है।

सोशल मीडिया से लोग तरह तरह के हथकंडे अपनाकर फ्रॉड कर पैसा कमा रहे है वे फेक आईडी बनाने से पहले परिणाम की चिंता नही करते है। यही वजह है कि युवाओं ने डीएम के नाम से फेसबुक आईडी बना ली है। पिछले दिनों जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की फेसबुक आईडी देख शहर के कई लोग उनसे जुड़ गए। डीएम के नाम बने तथा उनकी फोटो लगे फेसबुक अकाउंट पर जब सामान बेचने का एड देखा तो उस फेंक आईडी से जुड़े लोगों के कान खड़े हो गए। और इस मामले में लोगों ने डीएम गजल भारद्वाज से बात की तब डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला सूचना विभाग को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

डीएम गजल भारद्वाज ने कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कारवाई की जाएगी। डीएम के निर्देश पर सूचना विभाग के प्रचार सहायक विवेक कुमार ने डीएम के नाम फर्जी फेससबुक आईडी बनाने और छवि धूमिल करने पर भारतीय सूचना प्राद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 66 सी के तहत अभियोग पंजीकृत कराया है। साइबर थाना प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**होगी सहूलियत** स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तीकरण योजना के तहत सांई कालेज ऑफ एजुकेशन में टैबलेट का वितरण

# टैबलेट पाकर खिल उठे छात्र–छात्राओं के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत गुरुवार को साईं कालेज ऑफ एजुकेशन में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्रबंधक और प्राचार्य ने विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए। टैबलेट पाने के बाद छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। वक्ताओं ने टैबलेट का सही उपयोग करते हुए युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।



छात्रा को टैबलेट देते प्राचार्य डॉ.एलसी अनुरागी। अमृत विचार

टैबलेट वितरण कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्रबंधक संजय कुमार साहू, प्राचार्य डा. एलसी अनुरागी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद कालेज में संचालित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र में अध्यनरत परास्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को योजना के तहत टैबलेट वितरण गए। प्रबंधक ने कहा कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। पढ़ाई के अलावा भी आप अन्य प्रकार की गतिविधियां भी टैबलेट की मदद से सीख सकते हैं। घर बैठे ही टैबलेट की मदद से विद्यार्थी जॉब्स की भी तैयारी कर सकते हैं। प्राचार्य डा. एलसी अनुरागी ने टैबलेट पाने वाले छात्र-छात्राओं से टैबलेट का उपयोग अध्ययन एवं समसामयिक घटनाओं से अपडेट रहने के लिए प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल रूप से छात्रों को सशक्त बना रही है। कहा कि वर्तमान और आधुनिक प्रवेश में वैज्ञानिक संसाधनों के साथ तालमेल करके ही छात्र आगे बढ़ सकते हैं। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र कुमार साहू एवं राकेश तिवारी के सहित प्राध्यापक उपस्थित रहे। अध्ययन केंद्र प्रभारी डा. मैराज खान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए टैबलेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मेहनत और लगन से पढाई करने की अपील की।

## एक नजर

### एक महिला समेत 3 लोगों ने खाया जहर, भर्ती

**महोबा।** जिले में अलग अलग स्थानों पर एक महिला समेत तीन लोगों ने जहर खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। थाना श्रीनगर के ननवारा गांव निवासी राम लखन 25 पुत्र फूल चंद्र ने घर पर जहर खा लिया। इसी तरह शहर कोतवली के कालीपहाड़ी गांव निवासी प्रकाश 30 पुत्र बनमाली ने जहर खा लिया। शहर कोतवाली के ही मुहल्ला बजरिया निवासी सीता 30 का अपने पति राम बाबू से विवाद हो जाने से क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया।

### कलेक्ट्रेट में कार्यशाला का आयोजन किया गया

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य में विभागों द्वारा किए जा रहे शासकीय क्रय में किसी भी प्रकार की संभावित अनियमितता को समाप्त करने के लिए जैम क्रय नियमों एवं प्रक्रियाओं पर जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन उप्र प्रमुख एवं उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी जेम कृष्ण मुरारी ने की। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला सहित जनपद के अन्य अधिकारीगण, उद्यमी व व्यापारी मौजूद रहे।

### विहिप कार्यालय के लिए दान में मिली भूमि

**हमीरपुर।** विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यालय भवन निर्माण के लिए मुस्करा कस्बे के कपड़ा व्यवसायी ओमनारायन गुप्ता ने एक हजार वर्ग फिट भूमि दान में दी है। जिसकी रजिस्ट्री मौदहा तहसील में प्रांत मंत्री राजू पोरवाल, जिलाध्यक्ष रामदत्त पांडेय, महोबा जिलाध्यक्ष मनोज, चित्रकूट जिलाध्यक्ष राजेंद्र, जिला मंत्री अवधेश भरद्वाज तथा विभाग संगठन मंत्री विकास व परिषद के अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुई। कार्यालय का भूमि पूजन कार्यक्रम पांच जुलाई को प्रातः 11 बजे संपन्न होगा।

### शराबी पुत्र से परेशान पिता ने थाने में दी तहरीर

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के पारा गांव निवासी शिवदास पुत्र मैसुरिया यादव ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि एकलौता पुत्र जयकरण शराब पीने का आदी है। 15 बीघा खेत को अपने नाम कराने के लिए पिता पर दबाव बनाते हुए मारपीट करता है। आए दिन शराब के नशे में घर में अभद्रता कर हंगामा कर मारपीट करता चला आ रहा है। पुत्री शैलजा की शादी नहीं करने दे रहा है। पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी देता है। नशे में मां को कमरे के अंदर बंद कर बहन को रात को घर से बाहर निकाल दिया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर मिली है, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट और दलित उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव तिल सरस निवासी अनिल पुत्र केदार ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया है कि 24 जून की रात लगभग 10 बजे वह गांव के ही सौरभ पुत्र रामू की दुकान से सामान लेकर घर आ रहा था। तभी रास्ते में गांव के ही ज्ञान सिंह ठाकुर पुत्र जगरूप सिंह ने शराब पीने के नाम पर पैसे मांगें। मना करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर मारपीट की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मारपीट व दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिजनों से नाराज होकर युवक ने खाया जहर

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के डामर गांव में बुधवार को परिजनों से नाराज युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन सीएचसी उपचार को लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के डामर गांव निवासी बृजपाल (30) पुत्र गुरु प्रसाद बुधवार को रात 9:00 बजे परिजनों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन कस्बे की सीएचसी उपचार लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### सामने अन्ना पशु आने से बाइक डिवाइडर से टकराई

**कुरारा।** हमीरपुर–कालपी हाईवे पर सामने अन्ना पशु आ जाने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के डामर गांव निवासी पवन (22) पुत्र भूपति गुरुवार सुबह 8 बजे नलकूप से बाइक पर घर जा रहा था। हमीरपुर–कालपी हाईवे पर अन्ना पशु आ जाने बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### पिता की बीमारी से क्षुब्ध बेटे ने फंदा लगा दी जान

**महोबा।** शहर कोतवाली के शाहपहाड़ी निवासी दीनदयाल (18) अपने पिता राम किशन की हार्ट की बीमारी से परेशान था। इलाज कराने के बाद भी पिता को आराम न लगने से क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जवान बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दूसरी घटना कस्बा बेलाताल के मुहल्ला चमन चैराहा की है। चमन चैराहा निवासी शाहरुख 25 पुत्र रज्जाक को घर पर अचानक करंट लग गया। जिससे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतुपर के बाद जिला अस्पताल महोबा ले गए, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव को घर ले गए।

### हफ्ते भर बाद भी पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के अतरार गांव निवासी मेवालाल पुत्र रामगोपाल ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी मैयादीन पुत्र सिद्ध गोपाल ने अपने दोनों पुत्र सोनू व गुड्डू के साथ मिलकर लाठी डंडे से हमला कर एक सप्ताह पहले घायल कर दिया था। जिस पर उसने थाने में पिता व दोनों पुत्रों के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने मेवालाल को छानी सीएचसी में ले जाकर डॉक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया था। एक सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी पिता पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। थाने के चक्कर लगाकर मेवालाल थक गया है। उसने बताया कि अधिकारियों के चौखट खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच हल्का इंचार्ज एसआई राजेश कुमार कर रहे हैं। पिता पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुरानी रंजिश में लोहे की रॉड से किया हमला

**कुलपहाड़।** कोतवाली क्षेत्र के मुढारी निवासी जगतराज पुत्र छन्नू रैकवार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व में गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर दी गई थी, जिसकी शिकायत कोतवाली में करने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठाकर लिखित में राजीनामा करा दिया था। हमलावरों को भविष्य में लड़ाई झगड़ा न करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया था। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मुढारी गांव के छन्नू रैकवार दुकान से गुटका लेकर आ रहा था, तभी मोटर साइकिल से आए लोगों ने उनपर लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह सड़क पर गिर गए। उनके हाथ पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। पीड़ित के पुत्र जगतराज ने बताया कि सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल पिता को कुलपहाड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है। कोतवाली प्रभारी आरएस वर्मा का कहना है कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पूरी जिंदगी नाश कर देता नशा, त्यागने का संकल्प जरूरी

**महोबा।** जिला नशा मुक्ति केंद्र बजरिया में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस पर लोगों को नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। केंद्र प्रभारी ने नशा त्यागने की अपील करते हुए नशा करने से होने वाले शारीरिक व मानसिक नुकसानों से अवगत कराया। नशा मुक्ति केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. तनवीर कौसर ने कहा कि नशा करने से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान होता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और कई बीमारियां होने का खतरा रहता है। नशे की शुरुआत हल्के-फुल्के माहौल से होती है। जब लत लग जाती है तो पूर्ति के लिए व्यक्ति चोरी व दूसरे अपराध करने लगता है। ओवरडोज से मृत्यु तक हो जाती है। काउंसलर नीलू चतुर्वेदी ने लोगों को नशा छोड़ने की शपथ दिलाई। नशा मुक्ति केंद्र की शिवानी ने नशे के दुष्प्रभाव पर चर्चा कर नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। यहां प्रोजेक्ट मैनेजर मधुकर सिंह, सीपीएलआई से अर्चना चतुर्वेदी, प्रकाश सिंह, नैंसी, ओडीआईसी से अभिषेक, प्रकाश, नर्स ऊषा कुमारी व वार्डबॉय लव कुमार, अमन, सोशल वर्कर राहुल व लक्ष्मी नारायण आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस के शिविर में जांची गई सेहत

**महोबा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन के अंतर्गत शहर के मुख्य चैराहा आल्हा चैक में हेल्थ कैंप शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर भारी संख्या में पहुंच कर लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और डाक्टरों से परामर्श कर स्वास्थ्य संबंधी सलाह ली। स्वास्थ्य शिविर की जानकारी लगते ही लोग सुबह 10 बजे से ही हेल्थ कैंप शिविर में पहुंच गए, जहां पर डाक्टर ने मरीजों का स्वास्थ्य पीरक्षण करने के बाद उन्हे खान पान संबंधी जानकारी दी। साथ ही समय समय पर चिकित्सकों से सलाह लेने की बात कही, जिससे किसी भी तरह की असुविधा न हो सके। उन्होने बताया कि समय से उपचार कराने और स्वास्थ्य सलाह लेने से लाभ मिलता है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर जगह जगह स्वास्थ्य कैंप लागाए जाने से लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब समय समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देगी। उन्होने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से गरीब वर्ग के लोगों को घर बैठे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम SANDIP KUMAR से बदलकर SANDEEP KUMAR रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM MURAT ADD-NASIRPUR KAITHI TARA KHURD JAFARGANJ DIST-AMBEDKAR NAGAR (U.P)

**NOTICE**

I, ex-Sergeant Sanjeew Kumar, service number 785214-B, hereby declare that the d.o.b of my daughter Ananya Srivastava is 13/01/2006, which is mentioned in the high school mark sheet and Aadhar card, it is correct. Behind primary school Dhannupurwa, Hardoi

**सूचना**

मैं भूतपूर्व सार्जेंट संजीव कुमार सर्विस नंबर 785214–B ये घोषणा करता हूं की मेरी बेटी कुमारी अनन्या श्रीवास्तव की जन्म तिथि 13/01/2006 जोकि हाई स्कूल की मार्कशीट एवं आधार कार्ड में अंकित है, वही सही है। **प्राइमरी विद्यालय के पीछे, धन्नूपुरवा, हरदोई**

**सूचना**

मैं **रीता पाण्डेय पत्नी अजय कुमार पाण्डेय निवासिनी लेन–3, पवन पूरी देवी खेड़ा, कैंटोनमेंट लखनऊ,** सूचित करती हूं कि आवास विकास परिषद के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम रीता देवी अंकित हो गया है जबकि मेरे आधारकार्ड में मेरा वास्तविक नाम रीता पाण्डेय है। अतः मुझे सभी उद्देश्यों हेतु रीता पाण्डेय ही पढ़ा व पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 (मौलाना आजाद इंटर कालेज कादिराबाद सिद्धार्थनगर) अनुक्रमांक 0236628 का मूल प्रमाणपत्र कहीं गुम हो गया है। **विनीत कुमार पांडेय पुत्र वासुदेव पांडेय ग्राम पिपरा इकडंगा तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजप्रकाश मिश्रा पुत्र जगबंदन मिश्रा निवासी ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी तहसील राजापुर जिला चित्रकूट अपने बड़े पुत्र रविशंकर मिश्रा के गलत आचारण के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं व भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन–देन व गलत आचारण का वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमारा रविशंकर से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है। **राजप्रकाश पुत्र जगबंदन निवासी– ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी तहसील राजापुर जिला चित्रकूट, मो0– 9838214524**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रानी पत्नी श्रीपाल, निवासिनी– ग्राम सरवन, वि0ख0 बहादुरपुर तहसील तिलोई जिला अमेठी।** पोस्ट आफिस उप डाकखाना फुरसतगंज में मेरा नाम राजरानी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में रानी पत्नी श्रीपाल लिखा है। राजरानी व रानी दोनों नाम एक ही महिला के है मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अक्लीम खान आयु लगभग 36 वर्ष पुत्र मोहम्मद सुहीम खान निवासी ग्राम–लोढियावां मजरे बगाही, परगना–जगदीशपुर, तहसील मुसाफिरखाना जनपद–अमेठी। प्रार्थी के पासपोर्ट संख्या –L4458587 पर उसका नाम AKLEEM दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि शपथकर्ता के आधारकार्ड नं0–921245378588 पर उसका नाम AKLEEM KHAN दर्ज है, जो कि सत्य व वास्तविक है, तथा इसी नाम से अपने ग्राम–मोहल्ले मे जाने पहचाने जाते है।

**सूचना**

मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति का पूर्व का विक्रय अभिलेख क्रमांक 1703 दिनांक 23.04.2004 सब रजिस्टार पांच जिसकी L.A.R No-20250000443038 दिनांक 25.06.2025 है जिसको कहीं बंधक आदि नहीं किया इसका उपयोग शून्य होगा श्रीमती प्रभा त्रिवेदी 9415808679

# घुरेटनपुर के ग्रामीणों ने उठाई स्कूल मर्जर के खिलाफ आवाज

## जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर ग्रामीणों ने बताईं व्यावहारिक परेशानियां

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



विद्यालय के विलय के खिलाफ जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे घुरेटनपुर के ग्रामीण।

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की संख्या कम होने पर इनको दूसरे विद्यालयों से संबद्ध (पेयरिंग) करने की सरकार की योजना को लेकर गांवों में असंतोष पनप रहा है। बृहस्पतिवार को विकास खंड कर्वी की ग्राम पंचायत घुरेटनपुर के ग्रामीण ग्राम प्रधान की अगुवाई में मुख्यालय पहुंचे। यहां इन्होंने इस नीति का विरोध करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना था कि दूसरे स्कूल की गांव से दूरी बहुत ज्यादा है और इससे बच्चों के साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है।

ग्राम प्रधान हीरालाल पटेल ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय पनिहनपुरवा (घुरेटनपुर) को दूसरे स्कूल में युग्मित करने की योजना है। इससे अभिभावक, गांव की शिक्षा समिति सहमत नहीं है। बताया कि सरकार ने मर्ज होने वाले

- **विलय करने से बच्चों को होगी आनेजाने में दिक्कत, दूर है स्कूल**

विद्यालय का मानक 25 लिया है। प्राथमिक विद्यालय पनिहनपुरवा में 27 बच्चे हैं। पनिहनपुरवा से मानपुर की दूरी लगभग 3.6 किमी है। इसके बीच में हाईवे और कच्ची सड़क है, जिनसे होकर बच्चों को आनाजाना पड़ेगा। इनके साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोई हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। ग्रामीणों ने मांग की कि बच्चों के हितों व ग्रामीणों की इच्छा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक विद्यालय पनिहनपुरवा को कहीं भी समायोजित न किया जाए। ज्ञापन में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष निरंजन प्रसाद, बुद्धविलास, रामकिशोर, पप्पू, यशवंत पटेल, मुकेश, बाबूलाल, रामस्वरूप, मनोज कुमार पटेल, नितीश कुमार, संतोष पटेल, रामनरेश, सुमित, लवलेश कुमार, पवन कुमार, अशोक, रामप्रकाश, कमलेश, रामकुमार, शिवकुमार आदि के हस्ताक्षर हैं।

### मानपुर में होना है मर्जर

बीते दिनों जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय से जो सूची जारी हुई, उसमें पचास विद्यालय हैं, जिनका मर्जर किया जाना है। इनमें चित्रकूट ब्लाक के 22, मानिकपुर के पांच, रामनगर के आठ, मऊ के सात, नगर क्षेत्र कर्वी का एक और पहाड़ी ब्लाक के सात स्कूल शामिल हैं। सूची के अनुसार, पनिहनपुरवा का प्राथमिक विद्यालय मानपुर में विलय किया जाएगा। गौरतलब है कि पनिहनपुरवा में प्रधानाध्यापक को मिलाकर दो शिक्षक हैं।

### राजनीतिक दल कर रहे हैं विरोध

परिषदीय स्कूलों के विलय की सरकार की नीति को लेकर विरोधी दलों में भी नाराजगी है। कांग्रेस द्वारा गांवों में सरकारी स्कूल बचाओ चौपाल लगाई जा रही है। उधर, सपा विधायक अनिल प्रधान भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सरकार की इस नीति पर मुख्यमंत्री से पुनर्विचार करने का आग्रह कर चुके हैं।

## जमीन में कब्जा कर रही महिला को मना करने पर पीटा

**रामनगर चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के छीबों गांव में भूमि विवाद में एक युवक के साथ मारपीट की गई।

बुधवार सुबह गाय को चारा दे रहे विष्णुकांत तिवारी उर्फ कल्लू पर पड़ोस की महिलाओं और उनके परिजनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में विष्णुकांत का सिर फट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने राजापुर थाने में प्रार्थनापत्र दिया और अस्पताल ले गए। युवक के परिजनों ने मंजू देवी, उसके पुत्र मोनू और बहू पर आरोप लगाया कि वे लोग चरही के पास बांस-बल्लियां गाड़ने लगे थे। विष्णुकांत ने यह कहकर विरोध किया कि यह सार्वजनिक मार्ग है। देवी मढ़ी माता मंदिर जाने के लिए जाने का रास्ता है इसलिए इस मार्ग का अतिक्रमण न करो। आरोप है कि इस पर इन लोगों ने विष्णुकांत पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज भी कर ली। उधर इस मामले को लेकर कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति की महिला पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस ने इसका खंडन भी जारी किया। थानाध्यक्ष राजापुर प्रवीण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि।

# ईवीएम वेयर हाउस का किया मुआयना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम के साथ शुक्रवार को अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने ईवीएम- वीवी पैट वेयरहाउस का मुआयना किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री मनोज कुमार

- **एडीएम ने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों से कहा सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए**

तिवारी, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी अमर सिंह पटेल, अपना दल एस के विष्णु प्रताप सिंह, प्रभूदयाल पटेल आदि मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी ने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए, सीसीटीवी कैमरों का संचालन लगातार चलता रहे यह भी सुनिश्चित करें।

## 95 आंगनबाड़ी की जायेंगी बर्खास्त

**चित्रकूट।** जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एक जुलाई से उन्हीं लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्रों से पोषाहार का लाभ दिया जाएगा, जिनका पोषण ट्रैकर ऐप में ई केवाईसी एवं चेहरा प्रमाणीकरण का काम पूरा होगा। बताया कि अभी तक जिले में पंजीकृत 70671 लाभार्थियों में से 15308 लाभार्थियों का ई-केवाईसी एवं चेहरा प्रमाणीकरण पूरा कर लिया गया है। इस काम में अच्छा प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं अंजुला देवी (अर्जुनपुर पहाड़ी), रश्मि (बरगदी का पुरवा बेराउर, पहाड़ी), रेशमा (मवईकलां मऊ), सावित्री देवी (जोरवारा मऊ), रेखा सिंह (गढीकलां मानिकपुर), ममता देवी (गांधीगंज शहर), सरिता (शीतलपुर तरौंहा कर्वी), और अरुंधती देवी (पियरियाखुर्द रामनगर) हैं। इनको डीएम और सीडीओ द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं खराब प्रदर्शन करने वाली 95 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जा रही है।कर्वी से 69, मानिकपुर से 14, पहाड़ी से सात, रामनगर से दो और मऊ ब्लाक से तीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं।

# चलचित्र दिखा बंदियों को नशे के खिलाफ किया गया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला कारागार में बृहस्पतिवार को नशा निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला जज, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर बंदियों को चलचित्र दिखाकर नशे के खिलाफ जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे। जिला जज ने बंदियों को इस दिवस संबंधी महत्वपूर्ण बातें बताईं और नशे से दूर रहने की अपील की। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्णिका शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को रोकना है बल्कि प्रभावित लोगों के पुनर्वास, सामाजिक समावेशन और उनके प्रति सम्मानजनक व्यवहार को भी बढ़ावा देना है। यह दिन अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ मादक द्रव्यों के चक्र को तोड़ने और अपराध के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संदेश देता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर से जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसमें कुलदीप सिंह, योगेंद्र सिंह सहायक न्याय रक्षक, अंगद बाबू अधिकार मित्र, वादकारी और कर्मचारी आदि शामिल रहे। बाद में जिला जज ने सीजेएम राजेंद्र प्रसाद भारती, एसपी, एडीएम, सीएमओ के साथ जिला जेल की व्यवस्थाओं का मुआयना किया। इस दौरान शशांक पांडेय अधीक्षक जिला कारागार, संतोष कुमार जेलर व अन्य जेल सुरक्षाकर्मी आदि मौजूद रहे।

### किशोरों से की नशे से दूर रहने की अपील

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में नशा निषेध दिवस मनाया गया। संस्था प्रभारी वीर सिंह ने बताया कि हर वर्ष 26 जून को विश्व भर में नशा निषेध दिवस मनाया जाता है। अधिकार मित्र योगाचार्य संजय कुमार ने किशोरों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। बताया कि दैनिक योगाभ्यास क्रम अपनाकर नशे के चक्र से बाहर निकल सकते है। हमे सात्विक जीवन, सात्विक भोजन तथा योग को अपनाकर इस दुष्चक्र से निकलने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर सहायक अध्यापक अभिषेक त्रिपाठी, अशोक कुमार पटेल, कमल सिंह, शिवम श्रीवास्तव, परामर्शदाता दीपक शर्मा, अनुराग सिंह आदि मौजूद रहे।



बाढ़ से बचाए गए व्यक्ति को जीवनदान देने की जानकारी देते लोग। अमृत विचार

# बाढ़ आपदा मॉकड्रिल से किया लोगों को जागरूक

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसी जन्म कुटीर के प्रांगण में गुरुवार को एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम रामऋषि रमन, तहसीलदार भारत प्रताप सिंह तथा क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह व अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में बाढ़ आपदा मॉक एक्सरसाइज की गई। इसकी अगुवाई पीएसी के प्लाटून कमांडर अंगद सिंह ने की। अग्निशमन केंद्र प्रभारी पवन कुमार त्यागी ने आग पर काबू पाने के तरीके बताए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ की आशंका को देखते हुए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। लेखपाल तथा गांव के पांच-पांच लोगों को बाढ़ मित्र बनाया गया है। इस मौके पर डा. आशीष कुमार, डीएसओ आशाराम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. मनोज कुमार, डीआईओएस रवीशंकर, नायब तहसीलदार पारुल रहे।

## ग्रामीणों को स्वास्थ्य के लिए किया जागरूक

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** विकास पथ सेवा संस्थान एवं भानु प्रभात फाउंडेशन ने अरछा बरेठी गांव के चौरसिया पुरवा में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में स्वास्थ्य एवं पोषण विषयक जागरूकता गोष्ठी की। डॉ. प्रभाकर सिंह ने लोगों को घर-घर पोषण वाटिका लगाने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी एवं सभासद शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि आज बाजार की सब्जियों में रसायनों की मिलावट बढ़ गई है तो घरों में पोषण वाटिका लगाकर स्वयं और परिवार को स्वस्थ रखना चाहिए। भानु प्रभात फाउंडेशन के ट्रस्टी भानू प्रताप ने स्वस्थ शरीर को स्वस्थ समाज की नींव बताया। कार्यक्रम में हरिओम चौरसिया, अजय चौरसिया, अमित, अर्पित, राहुल, राकेश, सविता, शोभा देवी, सूरजकली, पार्वती देवी, चमेली, रामखेलावन वर्मा, नत्थू वर्मा, राजेंद्र, अंशु, अंकुश, श्यामलाल, रामलाल, आशीष, ब्रजेश, पंकज, दीपक, अंकित, मनोज आदि रहे।

## सार-संक्षेप




बैठक में निर्देश देते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी। अमृत विचार

### डायरिया रोको अभियान की दी जानकारी

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने शुक्रवार को डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय अभिमुखीकरण बैठक की। इसमें पांच वर्ष के बच्चों के लिए बनाई गई कार्ययोजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि जिले में 40 ओआरएस और जिंक कॉर्नर स्थापित किए गए, जिसमें 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला स्तर पर चार कॉर्नर हैं। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीएम, डीडीएम, यूनिसेफ के जिला समन्वयक आदि मौजूद रहे।

### वन स्टॉप शाप के लिए आवेदन 20 जुलाई तक

**चित्रकूट।** उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन के तहत जिले में कुल पांच एग्रीजंक्शन (वन स्टॉप शाप) की स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ये केंद्र एक स्थान पर बीज, उर्वरक कीटनाशी की बिक्री एवं लघु कृषि यंत्र व मृदा परीक्षण कृषि से संबंधित तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए आवेदन ऑनलाइन किया जायेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। चयन प्रक्रिया जिलाधिकारी / सीडीओ की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाएगी।

### आरोपी गिरफ्तार, असलहा बरामद

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने चंद्र प्रकाश त्रिपाठी पुत्र स्व. राधेश्याम निवासी अहमदगंज को तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में आरक्षी अनुज, आशीष सिंह और रविंद्र राठौर शामिल रहे।

### धोखाधड़ी के शिकार चार लोगों के रुपये वापस कराए

**चित्रकूट।** पुलिस ने साइबर क्राइम के शिकार चार लोगों के रुपये उनके खाते में वापस कराए। साइबर सेल प्रभारी निशीकांत राय व टीम ने इन पीड़ितों के कुल एक लाख 43 हजार 513 रुपये वापस कराए। टीम में आरक्षी सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार शामिल रहे। राय ने अपील की कि किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करें या संबंधित साइट पर शिकायत रजिस्टर करें।

### कुंडी काटकर नकदी सहित लाखों के जेवर ले गए चोर

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलऊआ बुजुर्ग निवासी मंगल यादव के घर में बुधवार की रात चोरों ने कमरे की कुंडी काटकर घर में रखी नकदी व जेवर पार कर दिया। मंगल यादव ने बताया कि घर में उसकी पत्नी व माता पिता मौजूद थे। जबकि वह अपनी पत्नी के साथ दूसरे माले पर बने कमरे में सो रहा था और माता पिता घर के बाड़े के पास बने कमरे में सो रहे थे। चोरों ने घर के कमरे की पहले कुंडी काटी, जिसके बाद कमरे दाखिल होकर मां व पत्नी के जेवरात और नकदी पार कर दिया। सुबह 4 बजे के लगभग घरवाले जागे तब घर मे चोरी की घटना की जानकारी हुई।

### पेड़ से पत्ते तोड़ते समय कुएं में गिरकर युवक की मौत

**उरई।** कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सामी में कुएं के समीप लगे पेड़ से पत्ते तोड़ते समय मिट्टी धसकने से कुएं में गिरकर युवक की मौत हो गई। कैलिया थाना क्षेत्र ग्राम सामी निवासी टिल्लू 40 वर्ष और उसकी पत्नी किरन कहीं से लौट रहे थे। इस दौरान वह गांव के ही पुराने कुए के पास लगी दवा की पत्ती को तोड़ने लगा। तभी बारिश की वजह से कुएं के किनारे का हिस्सा धसक गया और वह कुएं में जा गिरा। यह देखकर उसकी पत्नी किरन ने चीख पुकार मचाई, तो मौके पर गांव के लोग भी आ गए। ग्रामीणों ने जबतक उसे कुएं से बाहर निकला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### पुणे एक्सप्रेस से गिरकर महिला यात्री की मौत

**उरई।** एट भुवा में बुधवार को पुणे से लखनऊ जाने वाली पुणे एक्सप्रेस से महिला यात्री की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। पुणे से लखनऊ जाने वाली ट्रेन नंबर 12103 जब एट भुवा सेक्शन के सोमई हरदोई गूजर क्रॉसिंग नंबर 172 से दोपहर के 1:30 बजे गुजर रही थी, तभी एक महिला यात्री ट्रेन से गिर गई। जिसकी सूचना महिला के पति ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर की, सूचना पर पहुंचे आरपीएफ के दरोगा डीपी सिंह ने बताया कि मृतक सरिता सिन्हा 50 पत्नी ओमप्रकाश सिंह निवासी योगीपुरम हरदोई रोड लखनऊ की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि वह पुणे से लखनऊ जाने वाली पुणे एक्सप्रेस के कोच नंबर बी 3 सीट नंबर 33 पर बैठी थी। उनके पति ओम प्रकाश सिंह और उनकी लड़की साथ थी।

### युवक की मौत के मामले ने पकड़ा तूल, हत्या की आशंका

**माधौगढ़।** कानपुर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सरसौल निवासी 19 वर्षीय अंकित के पिता पुत्तन व मां पुष्पा देवी की कई साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। इस कारण वह बंगरा में अपने मामा राम अवतार के यहां रहता था। मंगलवार की रात को कुठौदा जाने वाले रास्ते पर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला था। जिसे सीएचसी माधौगढ़ से मेडिकल कालेज भेजा गया था। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह अंकित की मौत को परिजनों ने हत्या बताया और उसके शव को माधोगढ़ बंगरा मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। परिजनों ने इसे हादसा मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने न तो उनकी सुनवाई की और न ही मुकदमा दर्ज किया। फिलहाल खबर मिलते ही सीओ रामसिंह और कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिनके समझाने -बुझाने के बाद परिजन माने और जाम हटा लिया। सीओ के अनुसार प्राथमिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नलकूप की मोटर फुंकने से परेशान हुए लोग

संवाददाता, कालपी जालौन



अवर अभियंता के साथ नलकूप का मोटर बदलने में जुटे कर्मचारी।

**अमृत विचार।** बिजली की समस्या की वजह से जल संस्थान का ट्यूबवेल नम्बर एक हरीगंज के सबमर्सिबल मोटर के फुंक जाने से हरीगंज सहित दो मुहल्लों की आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई। विभागीय इंजीनियर बासित अली की मौजूदगी में सबमर्सिबल मोटर बदल कर पानी की सप्लाई दुरुस्त कर दी गई है।

ज्ञात हो कि स्थानीय नगरीय क्षेत्र कालपी के अलग-अलग स्थानों में 15 नलकूप लगे हुए हैं। बीती रात में बिजली की समस्या के कारण जल संस्थान कार्यालय कालपी के समीप में स्थित नलकूप नंबर एक की मोटर फुंक गई, जिससे हरीगंज, राजघाट आदि मुहल्लों की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गयी। अवर अभियंता की मौजूदगी में नलकूप के फुंके सबमर्सिबल मोटर को निकाल कर नया मोटर स्थापित कर दिया गया।

# विद्युत विभाग ने 55 बकायेदारों के काटे बिजली कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** नवांगतुक उपखण्ड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश के अनुरूप विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की 2 टीमों के द्वारा दस हजार रुपये से अधिक के बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली करने का अभियान चलाया गया। इस दौरान 55 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। तथा बाजार में घूम-घूम कर बकायेदार उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने की चेतावनी दी गई है।

गुरुवार को अवर अभियंता जितेंद्र कुमार तथा टीजीटू अभिषेक

- **बाजार में घूम-घूम कर बकायेदार कामर्शियल कनेक्शनधारियों पर की गई कार्रवाई**

धीर के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों के द्वारा उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित किया गया तथा चेकिंग और राजस्व वसूली अभियान शुरू किया गया।

टीम के द्वारा मिर्जा मंडी, कागजीपुरा, भट्टीपुरा आदि मुहल्लों के प्रतिष्ठानों तथा घर-घर जाकर बिजली चेकिंग की गई। विभाग के द्वारा पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 10 हजार रुपये से अधिक के बड़े बकायदारों पर कार्यवाही की जा रही है। विभागीय टीमों ने मुख्य बाजार टरनंनगंज में चिन्हित बड़े बकायेदारों के प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें।

इस मौके पर रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, फ़हमीद खान, अजय कुमार निगम, सीताराम लल्लन सतीश कुमार, सुनील कुमार, फरियाद ख़ान, साबिर खान, सादिक, अहमद खान कोमल सिंह आदि लाइनमैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे।

## 12 सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ा यमुना का जलस्तर

**कालपी।** राजस्थान में डैम से पानी छोड़ने की वजह से बीते 24 घंटे के दौरान यमुना नदी का कालपी में जल स्तर करीब 12 सेमी की रफ्तार से बढ़ रहा है। गुरुवार को जलस्तर बढ़ कर 99.30 मीटर पर रहा।

केंद्रीय जल आयोग कालपी केंद्र के प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि 25 जून से यमुना नदी के जल स्तर में वृद्धि होने का सिलसिला शुरू हुआ। गुरुवार की दोपहर को कालपी में जलस्तर 99.30 मीटर से अधिक हो गया था। इस प्रकार यमुना नदी में 12 से 15 सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से वृद्धि हो रही है कालपी में खतरे का निशान 108 मीटर पर दर्ज हैं। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार को यमुना नदी की बाढ़ से बचाव के लिये स्थानीय प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

**मॉकड्रिल** — यमुना नदी में एनडीआरएफ समेत कई विभागों के कर्मचारियों ने मॉकड्रिल किया

# लोगों को बताये बाढ़ से बचने के तरीके

संवाददाता, कालपी जालौन



कालपी में मॉकड्रिल कार्यक्रम में शामिल अधिकारी एवं कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी समय में सम्भावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए पीला घाट कस्बा कालपी यमुना नदी में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस पीएसी, होमगार्ड, तथा फायर सर्विस, एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों के द्वारा बाढ़ राहत से बचाव के संदर्भ में मार्क ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गुरुवार की सुबह 10 बजे से उतर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार यमुना नदी कालपी के प्राचीन पीला घाट में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार कालपी मुकेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता, डॉक्टर शेख शहरयार आदि विभागीय अधिकारी तथा कर्मचारी पहुंचे। यमुना नदी में माकड्रिल का प्रदर्शन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि माक एक्सरसाइज के आयोजन का उद्देश्य बाढ़ की आपात स्थिति में तैयारी को पूरा करना है। बाढ़ के कारण राहत शिविर की स्थापना, नाव पलटने में डूबने की घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि मार्कड्रिल से आपदा के समय बचाव और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकती है। होमगार्ड ज़िला कमांडेंट राजेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, कमल सचान, बृजेश कुमार सिंह, तुलसी राम कुशवाहा, धर्मेन्द्र कुमार अवस्थी व सुनील कुमार शर्मा हवलदार व रशीद अहमद अनिल कुमार आदि होमगार्ड जवान मौजूद रहे।

# यमुना नदी में बैराज के निर्माण की कवायद तेज

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** यमुना नदी के कालपी में बैराज निर्माण कराने की दिशा में क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा पहल तेज कर दी गई है।

क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि गंगा बैराज की तर्ज पर कालपी में भी यमुना नदी में बैराज बनाने की आवश्यकता हो रही है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के तटवर्ती इलाकों में बरसात के मौसम में बाढ़ का पानी घुस जाता है। तथा जल संचय का भी उचित साधन नहीं है। उसके अलावा कालपी में यमुना नदी का जल कालपी के घाटों को छोड़कर लगभग 1 किलोमीटर दूर कानपुर देहात की सीमा की तरफ चला गया है इसी को दृष्टिगत रखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज को कालपी में बैराज का निर्माण करने के लिए मांग पत्र प्रस्तुत किया गया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय की अनुसचिव अंजना त्रिपाठी ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय के विशेष सचिव नवनीत सिंह चहल के आदेश पर विधायक विनोद चतुर्वेदी के संम्बंधित पत्र को प्रदेश के अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को दिनांक 3 जून 2025 को भेजा जा चुका है। विधायक विनोद चतुर्वेदी के मुताबिक यमुना बैराज के निर्माण के लिए शासन स्तर से प्रयास जारी हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025


# सेंसेक्स 1000 अंक चढ़ा, बाजार झूमा

## भू-राजनीतिक तनाव कम होने और बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से आई तेजी

मुंबई, एजेंसी

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया।

प. एशिया में तनाव कम होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 304.25 अंक बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अडाणी पोर्ट्स,



● अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी बाजार को मिला समर्थन

इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प. एशिया में शांति के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार 1% से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ, जिसके पीछे वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही।

### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9 .70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स में तीन सत्र में 1,859 .08 अंक या 2 .27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200 .71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700 .57 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई में 2,097 शेयर में तेजी आई, 1,900 में गिरावट आई तथा 156 शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### क्षेत्रवार सूचकांकों में भी रही बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0 .56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0 .12 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2 .28 प्रतिशत की तेजी रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 1.88 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.68 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

### एफआईआई ने 2427 करोड़ के शेयर बेचे

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0 .18% बढ़कर 67 .80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,427 .74 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,372 .96 करोड़ के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 700 .40 अंक उछलकर 82,755 .51 अंक पर और निफ्टी 200 .40 अंक चढ़कर 25,244 .75 अंक पर रहा था।

## द्वैधाधिकार मॉडलः बढ़ता व्यापारिक रुझान

द्वैधाधिकार (दोहरी लाइसेंसिंग) एक व्यापारिक रणनीति है, जिसमें कोई कंपनी एक ही सॉफ़्टवेयर या उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंसों के तहत जारी करती है। आमतौर पर एक ओपन-सोर्स और दूसरा व्यावसायिक। यह मॉडल तकनीकी कंपनियों, विशेष रूप से सॉफ़्टवेयर विकास में आम है। इससे कंपनियों को उत्पाद की व्यापक स्वीकार्यता और व्यावसायिक लाभ दोनों मिलते हैं। उद्यमी ओपन-सोर्स संस्करण को मुफ्त में अपनाकर उत्पाद का मूल्य समझ सकते हैं, जबकि व्यावसायिक संस्करण उन कंपनियों के लिए होता है जिन्हें अतिरिक्त सुविधाएं, समर्थन या सुरक्षा चाहिए होती है।



### क्या है द्वैधाधिकार

द्वैधाधिकार- एक ही उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंस शर्तों पर उपलब्ध कराना। सामान्यत:, एक ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत सॉफ्टवेयर को सार्वजनिक रूप से मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है, जबकि दूसरा- प्रोप्रायटरी या वाणिज्यिक लाइसेंस- भुगतान आधारित सुविधाओं और सेवाओं के साथ आता है। यह रणनीति तकनीकी स्टार्टअप्स, सॉफ़्टवेयर कंपनियों और ओपन-सोर्स परियोजनाओं में व्यापक रूप से अपनाई जाती है।

### इस रणनीति से फायदे

- **बाजार विस्तार :** ओपन-सोर्स से उत्पाद का प्रसार, जिससे उपयोगकर्ता समुदाय बनता है।
- **राजस्व सृजन :** वाणिज्यिक लाइसेंस के माध्यम से कंपनियां राजस्व प्राप्त कर सकती हैं।
- **फीडबैक और सुधार :** फ्री उपयोगकर्ता फीडबैक देते हैं, जिससे उत्पाद बेहतर होता है।
- लचीली ग्राहक सेवा : ग्राहकों के अनुसार सेवाएं और सुविधाएं कस्टमाइज करना।

### जोखिम को समझें

- **लाइसेंस भ्रम :** ग्राहकों को ओपन-सोर्स व वाणिज्यिक लाइसेंस की शर्तों में भ्रम होता है।
- **कस्टमर कन्वर्जन चुनौती :** सभी मुफ्त उपयोगकर्ता भुगतान ग्राहक नहीं बनते।
- **सुरक्षा :** ओपन-सोर्स संस्करण के कोड सार्वजनिक होने से साइबर जोखिम बढ़ सकता है।
- **कानूनी जटिलता :** लाइसेंस उल्लंघन पर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

**किन क्षेत्रों में प्रभावी :** आईटी कंपनियां, एंटरप्राइज सॉफ़्टवेयर कंपनियां, साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता, डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म

# रेपो दर में 0.50% कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक :आरबीआई रिपोर्ट

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है।

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने

● प्रमुख नीतिगत दर रेपो को केंद्रीय बैंक ने 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है

के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक 6 जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50% की कटौती के कुछ ही दिन में अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।

इसी महीने रेपो दर में 0.50% की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 1% की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के 3% तक लाने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक के जून के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी फिर 20 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गुरुवार को 2% की तेजी आई और कंपनी की पूंजी (मार्केट कैप) फिर 20 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी का शेयर 1.90% की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14% चढ़कर 1,498.70 रुपये पहुंचा था। एनएसई पर शेयर 1.90% चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,837.9 करोड़ बढ़कर 20,23,375.31 करोड़ हो गया।

# 7 आवासीय बाजारों में कीमतें 11% बढ़ी, बिक्री 20%घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के शीर्ष 7 शहरों में तिमाही में आवास की कीमते सालाना आधार पर 11% बढ़ीं, जिससे बिक्री में 20% की गिरावट आई। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने भारत के 7 प्रमुख आवासीय बाजारों के आंकड़े गुरुवार को जारी किए। अप्रैल-जून तिमाही में मकानों की बिक्री में 20% की गिरावट आई। अप्रैल-जून तिमाही में इस साल 96,285 मकान बेचे गए जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 1,20,335 इकाइयों की बिक्री की गई थी। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता में मकानों की



● रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने आवासीय बाजारों के आंकड़े किए जारी

बिक्री में गिरावट आई। चेन्नई में मांग में वृद्धि दर्ज की गई। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 2025 की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही भारतीय आवास बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरी रही। देश और विदेश में सैन्य कार्रवाइयां भी इसकी मुख्य वजह रही।

### रियल एस्टेट में पीई निवेश घटकर 1.73 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश चालू कैलेंडर साल में 15 जून तक 1.73 अरब डॉलर रहा, जो 2024 की पहली छमाही के 2 .96 अरब डॉलर के मुकाबले बेहद कम है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा कि 2025 की पहली छमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में पीई निवेश और गिरने की आशंका है क्योंकि निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। उच्च ब्याज दरें, नकदी की सख्त स्थिति और जोखिम-समायोजन एवं कर-पश्चात रिटर्न को लेकर निवेशकों की बढ़ती पड़ताल के कारण वैश्विक पूंजी प्रवाह में बदलाव इस संभावित गिरावट के मुख्य कारण हैं।

### 7 शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11% बढ़ी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों की अच्छी मांग से 7 प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11% बढ़कर 178 लाख वर्ग फीट हो गया। अप्रैल-जून 2024 में 7 प्रमुख शहरों में सकल पट्टा मांग 161 लाख वर्ग फीट था। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार, 6 शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हैदराबाद, कोलकाता और पुणे में मांग बढ़ी है। मुंबई में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग में गिरावट आई है। कोलियर्स के प्रबंध निदेशक (भारत में कार्यालय सेवाएं) अर्पित मेहरोत्रा ने कहा, भारत का कार्यालय बाजार दो वर्ष में भी और वृद्धि करेगा।



## एक नजर

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। माओवादियों के माड़ डिवीजन के नक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।

### बांग्लादेश सीमा के पास से सोने के 20 बिस्कुट बरामद

**कोलकाता।** बीएसएफ ने प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सोने के 20 बिस्कुट बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि जब्त हुए 2 .367 किलोग्राम सोने का अनुमानित बाजार मूल्य 2 .31 करोड़ रुपये से अधिक है। जीतपुर सीमा चौकी पर तैनात 59 बटालियन के जवानों ने बुधवार को सीमा पार करने की कोशिश कर रहे साइकिल सवार व्यक्ति को रोका और उसके पास से सोने के बिस्कुट बरामद किए।

### शिअद नेता मजीठिया को सतर्कता रिमांड में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की अदालत ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को 7 दिन की सतर्कता रिमांड में भेज दिया। सतर्कता ब्यूरो ने 540 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ से अर्जित धन के शोधन में गिरफ्तार किया था। अदालत में पेश करने से पहले पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया जो प्रदर्शन कर रहे थे।

# हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं

## भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में गृह मंत्री शाह बोले- किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीय भाषाओं की सखी है और देश में किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सभी राज्य सरकारों से चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने की पहल करने भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कामकाज में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा, मेरा विश्वास



है कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति के स्वाभिमान को और बढ़ा सकती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से सभी को मुक्ति मिलनी चाहिए और जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा या अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा, किसी भाषा का विरोध नहीं है। किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा का गौरव बढ़ाने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा बोलने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा में सोचने की ललक होनी चाहिए। शाह ने कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। शाह ने कहा, भारतीय भाषाओं को जीवंत रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है। हमें आने वाले दिनों में सभी भारतीय भाषाओं, विशेषकर राजभाषा के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

### मादक पदार्थ तस्करों पर प्रहार कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थ को युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बताते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। शाह ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत की लड़ाई में शामिल योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नशीले पदार्थ हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। इस खतरे से निपटने के लिए पूरी मोदी सरकार काम कर रही है, 'नार्को-कार्टेल' पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह दिन नशीले द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ देश के संकल्प को और मजबूत करेगा।

## भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश : उद्धव

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और महाराष्ट्र में भाषाई आपातकाल लगा रही है।

उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मराठी भाषी राज्य में हिंदी भाषा थोपे जाने के खिलाफ जरूर है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने के मुद्दे पर जारी विवाद के बीच उन्होंने कहा कि हम किसी भाषा का विरोध या उससे नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।



● उद्धव बोले- मराठी भाषी राज्य में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ

उन्होंने अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा का गुप्त एजेंडा हिंदी को थोपने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया कि सत्तारूढ़ पार्टी भाषाई आपातकाल लगा रही है।

# एक साथ चुनाव के मुद्दे पर संसदीय समिति के सामने पक्ष रखेंगे दो पूर्व सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वाले विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे। एक सूत्र ने गुरुवार को बताया कि संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति की अगली बैठक 11 जुलाई को तय है, जब समिति के सदस्य दोनों पूर्व सीजेआई से बात करेंगे। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईएम सुदर्शन नचियप्पन, जो कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर





स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भी हैं और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री एम वीरप्पा मोइली भी समिति के समक्ष उपस्थित होंगे। यह 39 सदस्यीय समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे से संबंधित दो विधेयकों की जांच कर रही है, जिसमें संविधान में संशोधन करने वाला विधेयक भी शामिल है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति का कार्यकाल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया गया है।

### बचपन की मस्ती



गुजरात के राजकोट में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने इसे खेल का अवसर बना लिया और पानी भरे सड़को पर मस्ती करते नजर आएं। एजेसी

## सीबीआई का 42 ठिकानों पर छापा, नौ हिरासत में

**देहरादून/नई दिल्ली, अमृत विचार।** सीबीआई ने 700 से अधिक बैंक शाखाओं में 8.5 लाख ऐसे फर्जी या निष्क्रिय खातों का पता लगाया है, जिनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी वाले निवेश और यूपीआई-आधारित धांधली से कमाई के लिए हो रहा था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि इन खातों पर कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्र के तहत राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नौ संदिग्धों (दिल्ली से 3, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान से 2-2) को हिरासत में लिया गया, जिनमें कथित बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं। इन पर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है।

# वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता को लेकर गलतफहमी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा के बारे में गलतफहमी है और अक्सर मध्यस्थता का मतलब यह माना जाता है कि दोनों पक्षों को एक साथ रहना होगा।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह ने एक स्थानांतरण याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, वैवाहिक मामलों में हमने पाया गया कि मध्यस्थता की अवधारणा को लेकर गलतफहमी है। जैसे ही हम मध्यस्थता की बात करते हैं, उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ



रहने को कह रहे हैं। हमें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे साथ हैं या अलग। हम बस मामले का हल चाहते हैं। हम चाहेंगे कि वे साथ रहें। सुप्रीम कोर्ट ने वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम, 2015 का उल्लेख किया, जिसमें मुकदमे से पहले मध्यस्थता और समाधान का प्रावधान है। पीठ ने कहा, वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम में भी आपको इससे गुजरना होता है।

### कर्नाटक पुलिस की याचिका पर सुनवाई को शीर्ष सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपी की हिरासत से जुड़े आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा खारिज करने के खिलाफ राज्य पुलिस की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमत जताई। हाईकोर्ट ने ये कहते हुए हिरासत से जुड़े अधीनस्थ अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था कि आरोपी को गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया था। न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। विशेष अनुमति याचिका और स्थगन अर्जी पर नोटिस जारी करें।

### न्यायालय ने चिकित्सकों की याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है और उसने शहर से बाहर स्थानांतरण के खिलाफ दायर चिकित्सकों की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के.विनोद चंद्रन की पीठ ने यह उल्लेख किया कि यदि चिकित्सकों का बेंगलुरु से बाहर तबादला किया गया है तो इसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं है। बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है। कर्नाटक के अन्य क्षेत्र भी विकसित हैं। आप समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग हैं। यदि आप स्थानांतरण का विरोध करेंगे तो दूसरों का क्या होगा। हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

## एक महिला को इसलिए गुजारा भत्ते से वंचित नहीं कर सकते क्योंकि वह कमाती है : बंबई हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि एक महिला को अलग रह रहे पति से मिलने वाली वित्तीय सहायता से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह कमाती है। न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने 18 जून के आदेश में कहा कि पत्नी उसी जीवन स्तर की हकदार है, जिस तरह का जीवन वह पति से अलग होने से पहले ससुराल में गुजार रही थी।

अदालत ने एक व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे अगस्त 2023 के कुटुम्ब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। कुटुम्ब अदालत ने व्यक्ति को पत्नी को 15,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसकी पत्नी 25,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक कमाती है, इसलिए उसे गुजारा भत्ते की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि पत्नी कमा रही है, लेकिन यह उसके भरण-पोषण को पर्याप्त नहीं है।

# नीट स्नातक : दोषपूर्ण बायोमेट्रिक प्रणाली वाली याचिका पर एनटीए से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्टने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2025 में शामिल हुए अभ्यर्थी की दोषपूर्ण बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली के कारण मानसिक रूप से परेशानी पर क्षतिपूर्ति अंक देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने 20 जून को अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस जारी किया।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि परीक्षा से पहले प्रमाणीकरण प्रक्रिया के दौरान परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली काम नहीं कर रही थी, जिसके बाद उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश

● दिल्ली हाईकोर्ट ने अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस किया जारी

की अनुमति के लिए आवेदन जमा करने पर मजबूर किया गया। न्यायालय ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, लॉग बुक प्रविष्टियों और सभी अन्य रजिस्टर को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अभ्यर्थी ने 4 मई को उत्तर प्रदेश के मेरठ में 'त्रिशला देवी कनोहर लाल बालिका इंटर कॉलेज' में नीट-स्नातक 2025 की परीक्षा दी थी। याचिकाकर्ता ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रतिपूरक अंक और संबंधित परीक्षा केंद्र से सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने सहित राहत देने का अनुरोध किया था। उसे परीक्षा शुरू होने से 5 मिनट पहले प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

# लीड्स का सकारात्मक पहलू बल्लेबाजी में बदलाव पटरी पर

## महज एक मैच से फैसला नहीं लिया जा सकता, शीर्ष चार बल्लेबाजों ने लाइन-अप को मजबूत रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

महज एक मैच से ही कोई फैसला नहीं लिया जा सकता लेकिन भारत ने निश्चित रूप से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में संन्यास ले चुके सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी महसूस नहीं की और शीर्ष चार खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत बनाए रखा। रोहित और कोहली की कमी को पूरा करने में कितना समय लगेगा? यह सवाल हेडिंग्ले में शुरुआती टेस्ट से पहले चर्चाओं का विषय रहा।

नए कप्तान शुभमन गिल के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में रिकॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान करके ड्रेसिंग रूम का सम्मान हासिल किया। उन्होंने नंबर चार पर खेलते हुए शानदार शतक बनाया और मेहमान टीम ने दो पारियों में पांच शतक बनाए लेकिन फिर भी मैच हार गए क्योंकि भारत का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह से जसप्रीत बुमराह पर निर्भर है।

केएल राहुल ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया जिससे निकट भविष्य के लिए उनके बल्लेबाजी स्थान पर बहस बंद हो गई। उन्होंने दिखाया कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का तरीका क्या है। उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे की शुरुआत में यादगार शतक लगाया था और इंग्लैंड में अपनी पहली पारी में यही दोहराया। गिल ने जिस तरह



कप्तान शुभमन गिल ने शतक लगा इरादे जता दिए थे। बुमराह ने भी एक पारी में पांच विकेट लिए। ● एजेंसी

से अपने पैरों का इस्तेमाल किया, उसे खेल के महान खिलाड़ियों ने भी देखा जिसमें पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी शामिल थे जो उनके सुधार से हैरान थे। गांगुली ने हाल में पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों के 'मूवमेंट' को देखकर बहुत खुश हूं। उनके पैरों में बहुत सुधार हुआ है। शुभमन ने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया और कोई गलती नहीं की।

पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत ने परिपक्वता और तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट में दो शतक बनाने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पहली पारी में एक सहज गेंद पर आउट हो गए लेकिन दूसरी पारी में टिककर खेले। उम्मीद है कि उन्हें लंबे समय तक मौका दिया जाएगा और यही बात करुण नायर पर भी लागू होती है। लेकिन भारत को गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण विभाग में बहुत सुधार करना होगा, लेकिन बल्लेबाजी अभी ठीक लगती है।

पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा रोहित और कोहली के संन्यास के बाद बदलाव हुआ है या नहीं, हम सीरीज के अंत में बता पाएंगे। उन्होंने कहा बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन कोई हैरानी की बात नहीं है क्योंकि वे अनुभवी क्रिकेटर हैं। गिल, यशस्वी, पंत, राहुल सभी बेहतरीन हैं और लंबे समय से खेल रहे हैं। राहुल जब टेस्ट क्रिकेट में इस तरह से खेलते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं। कुलदीप यादव को शामिल करने की चर्चाओं के बावजूद प्रसाद एजबेस्टन में अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करना चाहते। पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने कहा शार्दुल ठाकुर को इसलिए चुना गया क्योंकि उन्होंने पिछले दौरों पर इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया था। मैं उन्हें एक और मौका देना चाहूंगा। पर निचले क्रम को बल्ले से और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। इंग्लैंड में कुछ यादगार पारियां खेलने वाले भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी बल्लेबाजों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा ज्यादातर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इसके अलावा आपके पास तीन बेहतरीन बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और देवदत्त पडीक्कल हैं जो टीम का हिस्सा भी नहीं हैं। वेंगसरकर ने कहा मुख्य बल्लेबाज फॉर्म में हैं और मुझे यकीन है कि करुण और साई भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



ऋषभ पंत।

# ऋषभ पंत से अश्विन ने कहा कृपया दोहरे शतक लगाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के 'औसत' आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए।

भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े, लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं- रनों के हिसाब से नहीं। इंग्लैंड के क्षेत्ररक्षण के समय को बढ़ाएं और उन्हें मैदान पर रखने के समय को भी बढ़ाएं। उन्होंने कहा मैं एक बात कहूंगा - घबराएं नहीं और बहुत अधिक बदलाव नहीं करें। भारत अगले टेस्ट में श्रृंखला बराबर कर सकता है। लेकिन अगर हम इंग्लैंड की रणनीति को नहीं समझते हैं तो यह श्रृंखला बहुत जल्दी हमारे से दूर जा सकती है। अश्विन ने कहा कि चौथे दिन जल्दी आउट होने के बाद मैच भारत के हाथ से फिसल गया। उन्होंने कहा जब आपने पांचवें दिन तक बल्लेबाजी जारी नहीं रखी तो खेल खत्म हो गया। इंग्लैंड की इस टीम ने खुलकर यह प्रचार किया है कि वे लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे हासिल करने के लिए जाएंगे। पंत के मैच में दो शतक की प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी से उनकी तुलना करना उचित नहीं है क्योंकि धोनी ने कभी भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की।

### इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को टीम में शामिल किया

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड ने दो जुलाई से भारत के खिलाफ यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए बृहस्पतिवार को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया। आर्चर पिछले कई वर्षों से अपने गेंदबाजी वाले हाथ में कोहनी से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट चार साल से भी अधिक समय पहले भारत के खिलाफ अहमदाबाद में खेला था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा दाएं हाथ का यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज फरवरी 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड के टेस्ट ढांचे में वापसी कर रहा है और एजबस्टन में अपने 13 टेस्ट मैच की संख्या में इजाफा करने की कोशिश करेगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, हैरी ब्रूक, जो रूट, बेन डकेट, जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, सैम कुक, जैकब बेथेल, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, ब्राइडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## एक नजर

### वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट किया

**ब्रिजटाउन :** वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट करने के बाद चार विकेट जल्दी गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 57 रन बनाए थे। ब्रेंडन किंग पदार्पण करते हुए 23 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई जो वेस्टइंडीज में उसका न्यूनतम स्कोर है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए लेकिन शामार जोसेफ सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ उस्मान ख्वाजा (47), ट्रेविस हेड (59) और कप्तान पैट कमिंस (28) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

### बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली :** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिए भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरुष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जाएंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। **टीम :** पुरुष एकल : अंश नेगी, हमार लालथाजुआला, रौनक चौहान, प्रणव राम एन। महिला एकल : रूजुला रामू, तन्वी शर्मा, तन्वी रेड्डी, वेन्नाला कालागोटला।

### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 से जीत हासिल की।

### राइडर अनुष अग्रवाला का घोड़ा सर कैरामेलो रिटायर हुआ

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने बृहस्पतिवार को अपने घोड़े सर कैरामेलो के रिटायर होने की घोषणा की। अनुष ने इसी घोड़े के साथ पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और वह लंबे समय से उनके साथ था। 25 साल के अनुष ओलंपिक खेलों की ड्रेसेज स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाले भारत के पहले राइडर हैं। अनुष पेरिस में ग्रुप ई में नौवें स्थान पर रहे थे और पदक दौर में जगह नहीं बना पाए थे। अनुष ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में लिखा सर कैरामेलो आपका धन्यवाद क्योंकि आप मेरे लिए सिर्फ एक घोड़ा नहीं बल्कि मेरे साथी, मेरी ताकत और सबसे महत्वपूर्ण, मेरे मित्र हैं।

# सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में हुआ सफल आपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दायें ओर खेल हर्निया का सफल आपरेशन हुआ।



34 वर्ष के सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा- लाइफ अपडेट : पेट के निचले दायें ओर खेल हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है। यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा आपरेशन था। इससे पहले 2023 में उनके टखने का आपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी।


आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाए हालांकि मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की।

# धवन बने लेखक, लिखे अपने संस्मरण

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है। जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढाव और खामोश पल भी रहे।

इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है।



● धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया

प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है।

इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। दिल्ली में पले बढे धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाये हैं। उन्होंने किताब में लिखा जब मैं भारतीय टीम में अपने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी, पर प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था। उन्होंने लिखा टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है। धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है मैं उसे एक बालीवुड मूवी में देखना चाहता था।

# नए डब्ल्यूटीसी चक्र में 'स्टॉप क्लॉक' शुरू

दुबई, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक' नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर' पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने कहा क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा।

इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार आईसीसी अब गेंद पर लार दिखने की स्थिति में अंपायरों के लिए गेंद को बदलना अनिवार्य नहीं करता। गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध अब भी लागू है। वेबसाइट के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम गेंद को बदलवाने के लिए जानबूझकर लार का इस्तेमाल कर सकती है लेकिन पुरुष टेस्ट क्रिकेट की खेलने की परिस्थितियों से जुड़े मौजूदा दस्तावेज में इस तरह के किसी बदलाव का जिक्र नहीं है।

# इटावा के पैरालंपिक पदक विजेता डॉ. अजीत यादव बने डीपीआरओ

**भरथना (इटावा)।** तहसील क्षेत्र के मूल निवासी पैरालंपिक मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर डॉ.अजीत सिंह यादव को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला विधी (साम्हों) के मूल निवासी भाला फेंक के खिलाड़ी डॉ. अजीत सिंह यादव ने बताया कि इससे पहले वह मुम्बई में आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर-प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के अन्तर्गत चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर उनकी पंचायतीराज विभाग में जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है। डॉ. अजीत सिंह यादव ने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर से खेल एवं शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें लक्ष्मण पुरस्कार तथा वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया था।



# अपने खेल में बदलाव पर काम कर रहीं सिंधू

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। वह बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल में जगह बना सकीं। यहां चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए सिंधू ने कहा महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है। उन्होंने कहा हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। सिंधू ने कहा बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है।



● संयम और ताकत का तालमेल बैठाने की कवायद चल रही

# 24 घंटे सूरज की रोशनी में गुलजार होंगे फुटबॉल मैदान

नुउक (ग्रीनलैंड), एजेंसी

यूं तो ग्रीनलैंड साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है, लेकिन जून से अगले तीन महीने यहां 24 घंटे सूरज की रोशनी रहती है। जिसका इंतजार फुटबॉल के दीवाने यहां के लोगों को बेसब्री से रहता है ताकि वे अपना पसंदीदा खेल देख सकें या मैदान पर अपना हुनर दिखा सकें।

करीब 56 हजार की आबादी वाले द्वीप में 10 प्रतिशत यानी करीब 5600 लोग पंजीकृत फुटबॉल खिलाड़ी हैं। जून की शुरुआत में जब मध्य अमेरिका, उत्तर परिसंघ और कैरेबियाई फुटबॉल संघ (कोंकाकाफ) ने मिलकर ग्रीनलैंड फुटबॉल संघ का सदस्य बनने का आवेदन खारिज कर दिया तो यहां के फुटबॉलप्रेमियों को करारा झटका लगा। खनिजों से भरे और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप पर कब्जा करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख्वाहिश के चलते कुछ लोगों ने इसके लिए राजनीति को दोषी ठहराया। कोंकाकाफ फीफा के अधीन छह उपमहाद्वीपीय महासंघों में से एक है। नाटो सहयोगी डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों की फटकार के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य बल के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं का कहना है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है और उन्होंने अर्ध-स्वायत्त डेनमार्क के क्षेत्र पर अमेरिका द्वारा खुफिया जानकारी जुटाने की रिपोर्टों की निंदा की है।

ग्रीनलैंड फुटबॉल टीम के कप्तान पैट्रिक फ्रेडरिकसेन ने हालांकि कहा कि यह फैसला आर्थिक कारणों से लिया गया है। उन्होंने कहा हम सभी को पता है कि ग्रीनलैंड यात्रा करना कितना कठिन है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका से ग्रीनलैंड की सीधी उड़ान यहां पहुंची। न्यूजर्सी से नुउक तक का एक तरफ का टिकट 1200 डॉलर है। बाकी उड़ाने आइसलैंड या कोपेनहेगन होकर आती हैं। इन सभी के बीच यहां के निवासियों की फुटबॉल को लेकर दीवानगी कम नहीं हुई है। अगले तीन महीनों में जब तापमान पांच से दस डिग्री सेल्सियस के करीब होगा, वे फुटबॉल खेलने में अधिकांश समय बिताना चाहते हैं। एक खिलाड़ी एंगुटिमारिक क्रेउत्जमैन ने कहा हम पूरी रात फुटबॉल खेलेंगे। अंधेरा नहीं होने वाला है तो हमारे पास समय ही समय है।

नुउक में एक क्लब के कोच आस्कर स्कॉट कार्ल ने कहा आपको यहां एक मैच देखना चाहिए। इतने सारे लोग इसे देखने के लिए जुटते हैं। इससे देश में एकजुटता की भावना आती है। सर्दियों के लंबे मौसम में अधिकांश खिलाड़ी फुटसाल खेलते हैं जो एक खास तरह की गेंद से हैंडबॉल कोर्ट पर खेला जाने वाला इंडोर फुटबॉल खेल है। इसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

ग्रीनलैंड



● साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है ग्रीनलैंड लेकिन जून से अगले तीन महीने तक 24 घंटे रहती है सूरज की रोशनी

